## पुस्तक छपने के स्थान ।

टाइटिल व भूमिकादि पं. अनन्तराम "सद्धर्म-प्रचारक प्रेस," देहली ।

१—८ फार्म पं० उमादत्त शर्मा, ब्राह्मण प्रेस, देहली ।

९—११ ,, पं० कुंजबिहारीलाल रत्न प्रेस, देहली ।

११— ,, सम्पूर्ण जनरल प्रेस, इटावा ।

# समर्पण।

जिस सज्जन ने संस्कृत साहित्य के उद्धार का
बीड़ा उठाया
जो
अनेक लुप्तकल्प ग्रन्थ रत्नों को प्रकाश कर
प्रकाश में लाया
उन्हीं
स्वर्ग-वासी—
रा० रा० सेठ तुकाराम जावजी महोदय J.P.
की
स्मृति में
यह ग्रन्थ
समर्पित किया गया।

सम्पादक।

संस्कृतसाहित्योद्धर्ता

रा. रा. सेठ तुकाराम जावजी चौधरी, J. P.
अध्यक्ष, निर्णयसागर प्रेस, मुंबई.

# वक्तव्य

ब्राह्मण वंश का इतिहास लिखते समय हमको स्वयं ऐसा विचार न था कि यह कार्य इतना बढ़ जायगा । संक्षेप से करने पर भी यह बहुत बड़ा होगया है । जहां तक हम से हो सका बहुत अन्वेषण करने के पश्चात् ब्राह्मणों के भेद, उपभेद, और अवान्तर भेद ढूंढ २ कर पते सहित लिखे गए हैं। विवादास्पद विषयों में अन्यों के मतों का संग्रह किया गया और ऐसे स्थानों पर अपनी सम्मति बहुत कम परन्तु सोच समझ कर लिखी है । विशेषतया शिल्प श्रेणी के सम्बन्ध में बड़ा प्रयास हुआ, कारण कि इस सतनजे में से ब्राह्मण भेदों का प्रथक निर्णय करना बहुत कठिन था सो बहुत सोच, विचार, अनुसन्धान और प्रमाणों द्वारा उक्त विषय निर्णय किया गया। तो भी अभी और भी अनुसन्धान की आवश्यकता है ।

दूसरी बात चित्रों की है । चित्रों के बिना चरित्र नीरस ही रहते हैं । प्रथम हमारा विचार था कि जिन २ सज्जनों के चरित्र दिए जावें उन के चित्र भी हों परन्तु अनेक उपाय करने पर भी सब के चित्र पुस्तक छपने तक न मिल सके, अनेकों के चरित्र भी इसी कारण से न दिये जा सके वा संक्षेप से वर्णित हुवे ।

तब भी जगदीश्वर की कृपा से गृहीत विषय में हम सफल हुए । इस स्थानपर यह प्रार्थनाभी अनुचित न होगी कि शीघ्रतावश जिनके चरित्र न दिये जा सके वह अग्रिम संस्करण के लिए अभी से भेजने की कृपा करें।

अंत में हम प्रेमसभा देहली और श्रीमती गौड़महासभा का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस ग्रन्थ के उपलक्ष्य में लेखक को विद्यावाचस्पति की उपाधि प्रदान की और जिनकी प्रेरणा से यह ग्रन्थ लिखा गया ।

इस सम्बन्ध में जिन मित्रों ने पुस्तक निर्माण, प्रकाशन और विक्रय में सहायता दी उन सबको धन्यवाद देकर समाप्त किया जाता है।

१-३-१९१९ निवेदक—**परशुराम शास्त्री** M. R. A. S.

# विषय सूची।

ग्रन्थकर्ता

वे. रा. रा. परशुरामशास्त्री, वेदरत्न, विद्यावाचस्पति, M. R. A. S.

# ब्राह्मणवंशेतिवृत्तम् ।

## द्वितीय भाग ।

सम्पूर्ण ब्राह्मण भेदों की सूची प्रमथ भागमें दी गई है। यह सब भेद कुछ तो देश और ग्राम के नाम से कुछ पदवी के नाम से कुछ गोत्र के नाम से और कुछ शासनों के नाम से हुवे हैं। और बहुत नवीन हैं, इनमें कोई २ तो २०० वर्ष से इधर के हैं। इन सब को विद्वानों ने १० विध ब्राह्मणों के अन्तर्गत माना है प्रसङ्ग वश १० विधमें इन सब का वर्णन किया जायगा। यहां इनकी उत्पत्ति गोत्र आदि का विचार किया जाता है।

### पञ्च गौड ।

( Northern Devision of Brahmnans )

सारस्वताः कान्यकुब्जा गौडा मैथिल उत्कलाः ।
पञ्चगौडाः समाख्याता विन्ध्योत्तरनिवासिनः ॥

( बल्लाल चरित )

१ सारस्वत, २ कान्यकुब्ज, ३ गौड़, ४ मैथिल, ५ उत्कल, यह विन्ध्याचल के उत्तर निवासी ५ गौड़ हैं।

## गौड देश ।

वङ्गदेशं समारभ्य भुवने शान्तगं शिवे ।
गौडदेशः समाख्यातः सर्वविद्या विशारदः ॥

( शक्ति सङ्गम तन्त्र )

उदयगिरिभद्रगौडक पौण्ड्रोत्कल काशिमेकलाम्बष्ठाः

( वृ. सं. १४. ५. ७. )

वङ्ग देश से लेकर भुवनेश तक गौड देश है । उदयाचल पर्वत की ओर भद्र, गौड, पौण्ड्र, काशी, मेकल और अम्बष्ठ यह देश हैं ।

# गौड़ ब्राह्मणों का प्रथम भेद ।

## सारस्वत ब्राह्मण ।

सरस्वती नदी का वर्णन प्राचीन सब आर्ष ग्रन्थों में मिलता है, वेदों में भी सरस्वती नदी का वर्णन प्रायः यत्र तत्र विद्यमान है । पूर्व काल में सरस्वती नदी बहुत प्रसिद्ध और विस्तृत थी यह हिमलय से निकल कर पञ्जाब में होती हुई प्रयाग में गङ्गा में मिल जाती थी । पञ्जाब में सरस्वती नदी पर सारस्वत मुनि तप करते थे । इस सारे देश का नाम सारस्वत हुआ । महाभारत ( श० प० ५२ ) में सारस्वत मुनि की तपश्चर्या का वृतान्त लिखा है । सारस्वत देश में गौड़ बस जाने के कारण सारस्वत कहलाये अतएव गौडों का यह प्रथम भेद है । यह जाति पञ्जाब, पर्वत और काश्मीर में अधिक हैं । दक्षिण और मद्रास में भी ५०० वर्ष के लगभग हुवे तब यह जा बसे थे । इनके ४ भेद नीचे लिखे जाते हैं:—

## १—पञ्च जाति ।

### ( अ ) प्रथम श्रेणी ( आढाई घरे )

| | भेद । | गोत्र । | प्रवर । |
|---|---|---|---|
| १ | मोहले | सोमस्तम्भ, मुशल । | कश्यप, अवत्सार नैध्रुव । |
| २ | तिक्खे | पराशर । | वशिष्ठ, शक्ति पराशर । |
| ३ | झींगन | गौतम, भारद्वाज । | आँगिरस, बार्हस्पत्य, भारद्वाज । |
| ४ | जेतली | वत्स । | आंगिरस, गौतम, औशनस |
| ५ | कुमारिये | भार्गव, वत्स । | भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व, जामदग्न्य । |

### (आ) द्वितीय श्रेणी ।

१ कालिये ।
२ मालिये ।
३ कपूरिये ।
४ मधूरिये ।
५ वग्गे ।

## २—अष्टवंश ।

| | भेद । | गोत्र । |
|---|---|---|
| १ | पाठक | भारद्वाज । |
| २ | सोरी | काश्यप । |
| ३ | तिवारी | गौतम । |
| ४ | यशराज | सावर्णीय । |
| ५ | ज्योतिषी | अंगिरा । |
| ६ | शपड | पराशर । |
| ७ | कुरल | अंगिरा । |
| ८ | भारद्वाजी | सावर्णीय । |

## ३—बारही ।

| | भेद । | गोत्र । |
|---|---|---|
| १ | कालिये | भारद्वाज । |
| २ | प्रभाकर | वशिष्ठ । |
| ३ | लक्ष्मणपाल | काश्यप । |
| ४ | ऐड़री | अंगिरा । |
| ५ | नाम | शांडिल्य । |
| ६ | चित्रचोट | मोनस । |
| ७ | नारद | गर्ग । |
| ८ | सारद | कृष्णात्रेय । |
| ९ | जालपोत्र | कौशिक । |
| १० | भंवी | उपमन्यु । |
| ११ | पर्णोत्तर | वशिष्ठ । |
| १२ | मनन | उपमन्यु । |

## ४—बावन जाई या भुंजाही भेद ।

१ पराशर ।
२ नाद ।
३ नाभ ।
४ प्रभाकर ।
५ नातर ।
६ विन्दे ।
७ धम्मी ।
८ नारद ।

९ रवारे ।
१० दवेसर ।
११ दिङ्ग्रिये ।
१२ धायी ।
१३ दंनाले
१४ तंगणवते
१५ तगाले
१६ धंगवल
१७ अग्निहोत्री
१८ मल
१९ ईसर
२० घरे
२१ कुन्द
२२ कपाले
२३ कलि
२४ कलहण
२५ किरार
२६ कलश
२७ कोटपाल
२८ खद्वंग
२९ खिंदडिये
३० गन्धी
३१ चनन
३२ मग्रफक
३३ मगल
३४ ईसराज
३५ ओझे
३६ कलिन्द
३७ कुण्ड
३८ काई
३९ कर्दम
४० कोतवाल
४१ कुच्छ
४२ कारडगे
४३ खेती
४४ गंगाहर
४५ गजेपु
४६ गुडरे
४७ चित्रखोर
४८ मचारज
४९ भारी
५० ऋषि
५१ कपाल
५२ कुसरित
५३ कंड्यारे
५४ कल
५५ कर्दन
५६ कुरेतपाल
५७ कैजर
५८ काठपाल
५९ खोर
६० गांधर
६१ गान्धे
६२ घांटके
६३ चूर्णी
६४ चत्री
६५ जयचंद
६६ तिवारी
६७ हंसधीर
६८ सूदन
६९ घिरार
७० लकड़फाडु
७१ चूनी
७२ जडरे

७३ त्रिपाणे
७४ हरद्
७५ सधी
७६ वन्निष्ठ
७७ रमनाल
७८ जल्ली
७९ टगले
८० तोते
८१ संगर
८२ थोठट्टे
८३ रुद्र
८४ चुडामणि
८५ जसख
८६ ढढे
८७ हसनीर
८८ सोथरी
८९ चिरद्
९० राँगडे
९१ मट्टे
९२ मज्जू
९३ कालप
९४ टिड्डी
९५ तिवाडी
९६ हांसले
९७ सूरन
९८ लूध
९९ रती
१०० ज्योतिषी
१०१ टाड
१०२ तोळे
१०३ सैली
१०४ श्रीधर
१०५ लालीपञ्चे
१०६ चन्दन
१०७ जलप
१०८ ढंगवाल
१०९ हरी
११० संखात्रे
१११ व्यास
११२ लखनपाल
११३ छव्वे
११४ झमान
११५ तिनोनी
११६ सुन्दर
११७ सोढी
११८ वासुदेव
११९ रूथडे
१२० मच्छ
१२१ भर्वी
१२२ जालपोत
१२३ होले
१२४ तल्लण
१२५ सडवाल
१२६ शालीवाहन
१२७ लाहुद
१२८ चित्तचोट
१२९ ज्योति
१३० डगले
१३१ हरिये
१३२ सहजपाल
१३३ बरैबोलरै
१३४ लागडिये
१३५ चुखन
१३६ जघरे

१३७ तेजपाल
१३८ सहौ
१३९ संगद
१४० विनायक
१४१ रतने
१४२ जेठक
१४३ टणिक
१४४ तिनमणी
१४५ साँग
१४६ शेतपाल
१४७ लट्टू
१४८ यमे
१४९ मरुद
१५० भूत
१५१ भारवारी
१५२ पड़ीजे
१५३ विजराचे
१५४ मेहद
१५५ भोग
१५६ पंजन
१५७ पुछरत्त
१५८ मंडहर
१५९ मकावर
१६० भालथे
१६१ पांडे
१६२ वन्दू
१६३ सूगाल
१६४ मंदार
१६५ भिंडे
१६६ पंडे
१६७ भ-रखोटे
१६८ पाधे
१६९ पन्व
१७० रत्नपाल
१७१ मसोद्रे
१७२ भडोत
१७३ पलत्
१७४ वाहोये
१७५ मेट्ट
१७६ भागो
१७७ पाल
१७८ पठठ
१७९ रतदेह
१८० मद्रभ
१८१ भट्टैर
१८२ पुंज
१८३ पल्ल
१८४ पाधि
१८५ ब्रह्मी
१५६ मुत्तल
१८७ मोहन
१८८ भारद्वाज
१८९ धिपर
१९० विसडे
१९१ मन्देहर
१९२ भट्टरे
१९३ पट्टू
१९४ ब्रह्म सुकुल
१९५ मधरे
१९६ मैत्र
१९७ माजी
१९८ पुजे
१९९ टोरे

## सारस्वत ब्राह्मणों के शासन निम्नलिखित हैं:—

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ | शारद | ३१ | थालिक |
| २ | समनौल | ३२ | कालिये |
| ३ | मेल | ३३ | कुटलौडये |
| ४ | शांड | ३४ | कमाहटाये |
| ५ | लाठ | ३५ | अल |
| ६ | लई | ३६ | गदोतरे |
| ७ | चटेड़े | ३७ | चपड़ाहिये |
| ८ | श्रीधर | ३८ | त्रिखे |
| ९ | मांग्न | ३९ | चंधियाल |
| १० | मुकाती | ४० | छिरपोल |
| ११ | रज़ीहर | ४१ | छर्गोतर |
| १२ | लाहर | ४२ | जलरेइये |
| १३ | मत्रले | ४३ | जुआल |
| १४ | मदोते | ४४ | भुमुटिया |
| १५ | मिश्र | ४५ | झील |
| १६ | मैने | ४६ | डताये |
| १७ | मदोहे | ४७ | ढोसे |
| १८ | भटोहे | ४८ | गोडरे |
| १९ | मटरे | ४९ | पाधे |
| २० | मफड़े | ५० | ढोल |
| २१ | वाभ्रले | ५१ | बालचैये |
| २२ | भरदियाल | ५२ | मणोतरे |
| २३ | भटोल | ५३ | केसर |
| २४ | मसूल | ५४ | नाद |
| २५ | दलाहलिये | ५५ | लट |
| २६ | पटस | ५६ | अधोत्रे |
| २७ | पन्याल | ५७ | कटोत्रे |
| २८ | पण्डित | ५८ | काश्मीरी पण्डित |
| २९ | ताक | ५९ | कर्णाये |
| ३० | ताड़ी | ६० | भरेड |

१२५ जम्बूशाल
१२६ अड्याल
१२७ लज्जूरे पुरोहित
१२८ सपोलिये पाधे
१२९ सपोत्रे
१३० सुधालिये
१३१ सुदाथिये
१३२ पन्थोत्रे
१३३ महिने
१३४ धरिशांच
१३५ भलोंच
१३६ मैनखरे
१३७ भूरिये
१३८ भूत
१३९ मुण्डे
१४० मरोतरे
१४१ मगडोल
१४२ मगडियाले
१४३ माथुर
१४४ कानून गो
१४५ कालिये
१४६ फ.फनखो
१४७ खडात्रे
१४८ खणोते
१४९ खिद्डिये
१५० गौड़ पुरोहित
१५१ जम्बे
१५२ झनगोत्रे
१५३ झिंग्रकु
१५४ झल्लू
१५५ झावड़
१५६ झपाडू
१५७ ठकुरे
१५८ पुरोहित
१५९ उडोरिच
१६० वाली
१६१ वनोत्रे
१६२ ब्रह्मीये
१६३ वग्गोत्रे
१६४ वच्छन
१६५ वहियालिये
१६६ वघोत्रे
१६७ वट्टल
१६८ विसगोत्रे
१६९ सुधार
१७० वंगाद्दी
१७१ भूरे
१७२ लमोत्रे
१७३ लखन्दे
१७४ लखनपाल
१७५ लाहञ्जन
१७६ रैडाथिये
१७७ रोद
१७८ रजगाल
१७९ रजूजिये
१८० रजूलिये
१८१ मन्त्रधारी
१८२ मच्छर
१८३ मखोतर
१८४ डुहाल
१८५ दवे
१८६ धमन्थ
१८७ धमनोत्रे
१८८ तिरपद

१८९ डडोरिच
१९० गन्धरपाल
१९१ गल्हाल
१९२ गोकलिये गुसाईं
१९३ गुड्डे
१९४ गुहलिये
१९५ गरोच
१९६ ब्रह्मर्णाचे
१९७ सगडोल
१९८ सुले
१९९ सूदन
२०० श्रोत्रे
२०१ सर्लूण
२०२ सिर खिड्ये
२०३ सुनंचाल
२०४ सांगडा
२०५ सिंगाड़ा
२०६ सुथड़े
२०७ सरमाची
२०८ सरोच
२०९ समहोच
२१० सैन हसन
२११ सुन्नडिये
२१२ सोल्हे
२१३ सागुणिये
२१४ वैद्वे
२१५ मिश्र काश्मीरी
२१६ दीक्षित
२१७ मदिहाटी
२१८ कुरुड़ु
२१९ पञ्चकरण
२२० सोबी
२२१ नाग
२२२ राइणे
२२३ काश्मीरी
२२४ ओसड़ी
२२५ आचारिये
२२६ मैते
२२७ पाधे सजूरे
२२८ पनयाल्ह
२२९ गुडरे
२३० टुम्बू
२३१ चिष्टपोत
२३२ मंगलडिये
२३३ पाधे सरीज
२३४ मतवाले
२३५ वावड्ड
२३६ गलवध
२३७ स्वरवध
१३८ त्रलवाले
२३९ डेहोड़ी
२४० प्रोतजड्डोड़
२४१ रोट्ये
२४२ रस्बे
२४३ सजूरे
२४४ चीयू
२४५ सखे
२४६ पाधे
२४७ सहिते
२४८ पस्वर
२४९ डोंगमार
२५० चियू
२५१ नवल गो स्वामी
२५२ पराशर

———o———

सारस्वतकुलभूषण

महामहोपाध्याय पण्डित जगदीशचन्द्रशास्त्री, विद्यासागर,
जम्बू काश्मीर स्टेट.

# महामहोपाध्याय पं० जगदीश्वर जी शास्त्री विद्यासागर प्रिन्सीपल राजकीय संस्कृत महाविद्यालय जम्बू ।

—※—

आपका जन्म सं० १९२३ विक्रमी के ज्येष्ठ शुक्ला नवमी को जम्बू राजधानी के पार्श्ववर्ती शोभाञ्जन [ सुहाञ्जना ] नामक ग्राम में प्रसिद्ध राजपण्डितों के घराने में हुआ, आपके पूज्यपाद पिता जी पं० गोकुलचन्द्र जी शास्त्री काशीस्थ गौड़ स्वामी जी से निखिल शास्त्र निष्णात होकर जम्बू में आ रहे थे । श्रीमहाराजा रणवीरसिंह साहबबहादुर से पूजित हो त्रिगर्त देश ही नहीं बल्कि पञ्जाब तक के अविद्यान्धकार को दूर कर विद्या प्रचार कर रहे थे । हमारे चरित्रनायक की जन्म कुण्डली के शुभ ग्रहों को देख पण्डित जी के आनन्द का पारावार न रहा । मन में पूर्ण निश्चय होगया कि यह लघु [ क्योंकि आपके ज्येष्ठ सहोदर पं० गङ्गाधर जी शास्त्री थे जो कि संस्कृत के एक पूर्ण विद्वान् हो चुके हैं ] बालक कुल दीपक होगा पं०जी प्रेम से प्रायः इनको (लघु) नाम से ही पुकारते थे । ५ वर्ष की अवस्था में उपनीत होकर दाक्षिणात्य प० श्रीअम्बाराम भट्ट जी से आपने यजुर्वेदाध्ययन आरम्भ किया । स्वल्प काल में ही पद पाठ क्रम जटा घटी आदि के पूर्ण ज्ञाता होकर आपने व्याकरण न्याय वेदान्तादि शास्त्रों का अध्ययन आरम्भ किया । सं० १९४० में अगाध पाण्डित्य के सागर दाक्षिणात्य स्वामी श्रीब्रह्मानन्द जी तीर्थ जम्बू राजधानी में पधारे । श्रीमान् पं० गोकुलचन्द्र जी शास्त्री ने उक्त स्वामी जी के अलौकिक पाण्डित्य को और हमारे चरित्रनायक की अलौकिक प्रतिभा को देख स्वामी जी के पास विद्याध्ययनार्थ बैठा दिया । स्वामी जी भी इस कुशाग्र बुद्धि शिष्य को पा परम प्रसन्न हुवे ।

" ब्रूयुः स्निग्धस्य शिष्यस्य गुरवोगुह्यमप्युत " शारीरक भाष्य व व्युत्पत्तिवादादि में व्युत्पन्न कराकर स्वामी जी ने विचारा कि प्रत्यक्ष चमत्कारिणी मन्त्र तन्त्र विद्या के गुप्त रहस्यों के बताने को भी इस शिष्य से योग्यतर अन्य पात्र प्राप्त न हो सकेगा ।

अतः थोड़े ही दिनों में इनको मन्त्र शास्त्र में भी निष्णात कर दिया, सरस्वती भगवती की इन पर पूर्ण कृपा थी, प्रतिदिन स्वल्प समय में ही अपना पाठ कण्ठस्थ कर लेते थे । शेष समय जप पाठ व अश्वारोहणादि व्यायाम में भी लगाया करते थे । धर्मशास्त्र पर तो इतना आधिपत्य होगया कि धार्मिक विषयों पर राज्य की तरफ से व्यवस्था इनकी ही लिखी हुई, स्वीकृत होने लगी । सं० १९४२ में आप श्रीरघुनाथ पाठशाला में यजुर्वेद के प्रोफ़ेसर नियत हुवे । वैदिक कर्मकाण्ड में आपकी प्रसिद्धि दूर दूर तक हो रही थी अतः आप किशनगढ़ स्टेट के सोमयज्ञ में निमन्त्रित होकर गये श्रीदीक्षित जवानसिंह जी से परम सम्मानित हो राजधानी को लौटे ।

सं० १९४२ में आपने ही श्रीकाश्मीर नरेश का राज्याभिषेक कराया । मन्त्र शास्त्र पढ़ने से आपके चित्त में अहर्निश यह विचार रहता था कि किसी पुण्य भूमि में जाकर कुछ समय तक तपश्चर्या करें । अतः सं० १९४६ में श्रीवाराणसी में जाकर जपानुष्ठान प्रारम्भ किया । परन्तु गृहकलप के सम्वादों के आने जाने से मन का विघ्न समझ कर हिमालय की पुण्य भूमि में तपश्चर्या की मन में ठानी और नयपाल यात्रा की । वहाँ पर भी आपके अलौकिक तेज को देख कमाण्डर करनल केसरीसिंह क्षत्रिय प्रभृति सदा आपकी सेवा में तत्पर रहते थे इस प्रकार अपना इष्ट साधन कर सं० १९५० में आप जम्बू राजधानी को लौटे । ऐसे महापुरुष के राजधानी में पुनः पधारने से विविध विरुदावली विराजमान जम्बू निश्वनाद्यनेकदेशाधिपति धर्ममूर्ति महाराजा श्री १०८ प्रतापसिंह साहिब बहादुर जी० सी० आई० के हर्ष का पारावार न रहा । क्योंकि श्रीमान् साक्षात् धर्मावतार होने के कारण धार्मिक पुरुषों की सत्संगति से सदा सन्तुष्ट रहते हैं ।

श्रीमहाराजा साहिब बहादुर जी ने अपनी नित्य की पूजा में आप से कथा सुननी प्रारम्भ की । आपके मन्त्र बल के चमत्कारों को देख श्रीमहाराजा साहिब बहादुर की श्रद्धा प्रति दिन आपके चरणों में बढ़ने लगी ।

सन् १९५६ में श्रीमहाराजा साहिब ने आप को श्रीरघुनाथ मन्दिर का मुहतमिम और १९५९ में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय का प्रिन्सीपल नियत किया। आप के प्रबन्ध से विद्यालय में यह उन्नति हुई कि प्रतिवर्ष पञ्जनदीय विश्वविद्यालय में १५—२० छात्र उत्तीर्ण होने लगे, और पोरबन्दर दक्षिण व बदरिकाश्रम उत्तर से छात्र आ आ कर यहां विद्याध्ययन करने लगे। सं० १९६५ में श्रीमहाराजा साहिब बहादुर ने आप से यथाविधि मन्त्रोपदेश लिया। अब महाराज ऐसी गुरुभक्ति व पूर्णश्रद्धा दिखलाते हैं, कि प्रतिदिन प्रातः सायं श्रीमान् आप का चरण स्पर्श करना अपना मुख्य कर्त्तव्य समझते हैं। अतः आप को सदा ही (राजधानी में तथा विदेश में) श्रीमहाराजा साहिब बहादुर के संग ही रहना पड़ता है। ऐसे विद्वद्वर की कीर्त्ति गवर्नमेंण्ट आलिया के कानों तक भी पहुंची। आप को सं० १९७१ में "महामहोपाध्याय" की परमोच्च पदवी से प्रतिष्ठित किया गया। सं० १९७२ में भारतधर्म महा मण्डल ने आप को "विद्यासागर" की पदवी से सम्मानित किया। राजनीति में भी आप का चातुर्य देख, श्रीमहाराजा साहिब बहादुर ने आप को सिटी म्युनिसिपल्टी का कमिश्नर नियत किया। अंग्रेज़ी भाषा न जानने पर भी आप कमेटियों के विवादास्पद विषयों में अपनी अकाट्य युक्तियों से बड़े २ वुकला आदि को निरुत्तर कर देते हैं। यहां यह वर्णन करना भी अनुचित न होगा कि "रत्नों की खानि में रत्नों का ही प्रादुर्भाव होता है।" आप के चिरञ्जीव पुत्र पं० श्रीचन्द्र जी १६ वर्ष की ही अवस्था में पूर्ण पाण्डित्य लाभ करके "प्रवर्त्तितो दीप इव प्रदीपात्" की उक्ति को चरितार्थ कर रहे हैं।

## श्री महा० म० वांकेराय नवलगोस्वामी ।

श्री पण्डित वांकेराय नवल गोस्वामी का जगद् विख्यात श्रीनवल परिकर में जन्म हुआ है, जिस में बड़े २ महात्मा और विद्वान् धर्म का प्रचार करने को प्रगट हो चुके हैं, अब भी जिन के बनाये हुए अनेक संस्कृत और भाषा के ग्रन्थ उन की असामान्य विद्वत्ता और उन के महानुभाव होने का परिचय देरहे हैं। इसी कारण से राजा प्रजा दोनों में उन का परमादर होता चला आया है।

इस वंश के वृत्तान्त को दिल्ली के सरकारी गज़टीयर में श्रीमान् साहिब डिप्टी कमिश्नर बहादुर ने इस प्रकार से प्रारम्भ किया है।

Extract from the Punjab District Gazetteers, Volume V. A., 1912, Delhi District, edited by Major H. C. Beadon, Deputy Commissioner.

Among Hindu scholars of mark may be noticed Pandit Banke Rai Nawal Goswami who comes from a family always noted for their eminence in Sanskrit learning: an ancestor of his family settled in Delhi about 200 years ago.

और इस वंश का संक्षेप से वृत्तान्त श्रीमान् सरलेपिलग्रिफ़िन् साहिब ने भी अपनी किताब, पंजाब चीफ़्स में अंकित किया है।

हमारे चरित्रनायक के पूज्य पिता श्रीमान् पं० विश्वेश्वरनाथ नवल गोस्वामी जी प्रथम दिल्ली और रामपुर में अपने मातामह पण्डित भवानीदत्तजी के पास अध्ययन किया जो कि श्रीमान् नवाब रामपुर के राज पण्डित थे। उसके अनन्तर प्रायः २० वर्ष पर्यन्त काशी और नदिया में श्रीमान् पण्डित काकाराम शास्त्री

सारस्वतवंशप्रदीप

महामहोपाध्याय पं. वांकेरायशास्त्री विद्यासागर,
M. R. A. S., F. P. U.

प्रभृति बड़े २ विद्वानों के पास शिक्षा पाई थी। जब यह दिल्ली में आये तब दिल्ली के सुप्रसिद्ध रईस राय छुन्नामल जी ने अपने यहां के दानाध्यक्ष का अधिकार दिया और राजा प्रजा दोनों में इन का बड़ा आदर हुआ। क्योंकि वह केवल संस्कृत के एक शिक्षक और धुरन्धर विद्वान् ही न थे, किन्तु वह देश और जाति के हित साधन में बराबर लगे रहते थे, उन्हों ने अपने अनुमान से आगामी आवश्यकताओं का विचार कर समुद्रयात्रा, स्त्रीशिक्षा, रीति संशोधन आदि विषयों पर आज से ५० वर्ष पहिले वह पुस्तकें लिख दी थीं, जिन पर आज घोर आन्दोलन हो रहा है।

यथा रत्नाकरसेतुः। कन्याध्ययन शङ्कानिराश। कन्या दुःख निवारण। दत्तकविवादान्धकार। पाखण्डिमुखमर्दन। आदि २५ पुस्तकें हिन्दी, संस्कृत की आपने लिखी थीं जिन में से प्रायः पुस्तकें देहली लिटरेरी सोसाइटी की तरफ़ से छापी जाकर सर्व सामान्य में वितीर्ण हुई थीं और जिन के विषय में परमादरणीय पञ्जाब गवर्नमेन्ट ने अनेक चिट्ठियों और परवानों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए उक्त पण्डित जी का धन्यवाद किया था। इन के उद्योग से सन् १८६८ में यहां एङ्गलो संस्कृत स्कूल, स्थापन किया गया और वह उस के मुख्याध्यापक बनाये गये जिस के कारण से संस्कृत और भाषा के प्रचार में उन्नति हुई और अन्त समय तक उसी स्कूलमें काम करते रहे। वही स्कूल अब एङ्गलो संस्कृत जुबली हाई स्कूल के नामसे प्रसिद्ध है। देहली गवर्नमेन्ट कालिज में प्रथम में आपने ही संस्कृत का प्रारम्भ कराया था, गवर्नमेन्ट आफ़इण्डिया की तरफ़ से जब संस्कृत की पुस्तकों की तलाश का कार्य प्रारम्भ हुआ तब उन्होंने इसमें बड़ी सहायता की थी। उस पर मुख्याधिष्ठाता श्रीमान् डा० व्यूलर ने अपनी काश्मीर रिपोर्ट में यह लिखा था। यूरूप और भारतवर्ष के बड़े २ विद्वान् इन का परमादर करते थे और गूढ़ विषयों पर इन से सम्मति लेने को इन के स्थान पर आते थे। अदालतों में हिन्दू धर्म की व्यवस्थाएं ली जातीं थीं और वह चीफ़कोर्ट तक मानी जाती थीं। आप को प्राचीन लेख आदि के अन्वेषण का बहुत शौक था। (आरका यौलौजी) और सुप्रसिद्ध प्राचीन तत्ववेत्ता डाक्टर

व्यूलर, डाक्टर भाऊदाजी और डाक्टर भगवान लाल इन्द्र जी प्राचीन लेखों के विषय में प्रायः आप से सम्मति लिया करते थे, दिल्ली के पास से प्राप्त हुए कई संस्कृत शिला लेखों का अनुवाद करके आपने बंगाल एसियाटिक सोसाइटी में भेजा था जो कि उस के जनरलों में मुद्रित हुआ था।

पञ्जाब में यूनीवर्सिटी स्थापन होने के पहिले जो डिपार्टमेन्टल परीक्षाएं हुआ करती थीं उन के आप परीक्षक नियत किये जाते थे। इन के कार्यों के उपलक्ष में गवर्नमेन्ट ने खिलअत सनदें आर और पारितोषिक देकर इन का मान बढ़ाया था। सन् १८७७ के शाहनशाही देहली दरबार में आप निमन्त्रित किये गये थे।

श्रीगोस्वामी जी अत्यन्त सरल प्रकृति और श्रीकृष्णचन्द्र जी के अनन्य भक्त थे। श्रीमद्भागवत में उन का परम अनुराग था। यद्यपि परम्परागत इन का श्री विष्णु स्वामी सम्प्रदाय था, परन्तु इन्होंने स्वयं श्रीचैतन्य सम्प्रदाय की दीक्षा ग्रहण की थी।

हमारे चरित्रनायक का जन्म सम्वत् १६१६ वैशाख कृष्णा ५ को अपने मातामह श्री पण्डित शिवलाल जी के यहां काशीपुर में हुवा था। ८ वर्ष की अवस्था में हिन्दी भाषा के लिखने पढ़ने का सामान्य अभ्यास हो गया था। उस के उपरान्त आप अपने पूज्य पिता जी के पास संस्कृत और एङ्गलो संस्कृत स्कूल में अंग्रेज़ी पढ़ने लगे १५ वर्ष की अवस्था में यज्ञोपवीत संस्कार, और १८ वर्ष की अवस्था में आप का विवाह हुआ। १६ वर्ष की अवस्था में श्री पितृचरण का स्वर्गवास हो गया। इस कारण से इन को काशी जाना पड़ा और चिरकाल पर्यन्त वहाँ श्रीमहामहोपाध्याय राममिश्र शास्त्री जी आदि कई विद्वानों के पास अध्ययन किया आप की अभी दिल्ली आने की इच्छा नहीं थी, परन्तु शिष्यवर्ग के आग्रह से दिल्ली आना पड़ा और उसी समय सर्वसामान्य को उपदेश करने के निमित्त उसी स्थान में कथा वाँचनी प्रारम्भ की जहां कि इन के श्रीपितृचरण ने ३० वर्ष तक निरन्तर उपदेश किया था। स्थान पर विद्यार्थियों को भी उसी प्रकार पढ़ाना प्रारम्भ किया। सन् १८८४ में गवर्नमेन्ट ने प्राचीन

पुस्तकों की तलाश के काम पर नियत किया जिस को इन्हों ने ऐसी उत्तम रीति से किया कि जिस पर प्रसन्न होकर इन को दरबारी बनाने की रिपोर्ट करते हुवे यह शब्द लिखे गये, ( He is a best Sanskrit Scholer of Delhi.) इस पर गवर्नमेन्ट की ओर से दरबारी की सनद प्रदान की गई और सन् १८८६ में गवर्नमेन्ट हाई स्कूल के अध्यापक नियत किये गये।

सन् १६०३ के कौरोनेशन दरबार में पञ्जाब के समस्त ब्राह्मणों की ओर से जो आशीर्वादात्मक अभिनन्दन पत्र लण्डन भेजा गया था उस कमेटी के आप मन्त्री नियत किये गये थे।

और सन् १६०३ के दिल्ली दरबार पर जो उसी प्रकार का अभिनन्दन पत्र समस्त भारतवर्ष के ब्राह्मणों की ओर से निवेदन किया गया था उस कमेटी के प्रेसीडेन्ट श्री १०८ श्रीमिथिलेश्वर महोदय और मन्त्री श्री गोस्वामी जी निर्वाचित हुवे थे।

सन् १६०७ में परममाननीया गवर्नमेन्ट ने आप को महा-महोपाध्याय की पदवी प्रदान कर आप का गौरव बढ़ाया था। इस पर श्रीमान् कमिश्नर साहिब महोदय ने गोस्वामी जी को बधाई का पत्र लिखा था। सन् १६०८ में पञ्जाब यूनीवर्सिटी के फेलो-बर और परीक्षक नियत किये गये और अब हिन्दी और संस्कृत की बोर्डआफस्टेडीज़ के मेम्बर चुने गये हैं। आप के विद्यार्थी यूनीवर्सीटी की शास्त्री की परीक्षा में प्रविष्ट होते रहते हैं। सन १६०६ में रोयलएसियाटिक सोसाइटी ( राजकीय सभा ) के मेम्बर नियत हुए। और उसके उपरान्त हिस्टोरिकिल सोसाइटी पञ्जाब के भी मेम्बर निर्वाचित हुए।

सरमोनियर विलियम्स, डॉक्टर पालड्यूसन, प्रोफेसर सी० बेंडाल. प्रोफेसर मेनायफ़ आदि अनेक यूरुप के प्रोफ़ेसरों ने स्थान पर पधार कर आपका गौरव बढ़ाया था।

गवर्नमेण्ट पञ्जाब ने अपने ख़र्च से गोस्वामी जी का चि-

लायत भेजने का निश्चय किया था, परन्तु किसी कारण से आप न जासके ।

सन् १९११ के दिल्ली दरबार पर आपने पञ्जाब गवर्नमेन्ट के के द्वारा निवेदन किया था कि जब हिन्दुस्थान को इस दरबार का परमगौरव दिया जाता है तो इस मङ्गलमय शुभ अवसर पर हिन्दुओं की भी कुछ रीति काममें लाई जाय। यदि किसी कारण से यह अस्वीकार न हो सके तो भारतवर्ष के माननीय ब्राह्मणों और आचार्यों महोदयों से आशीर्वाद ग्रहण किया जाय।

निश्चित होने के उपरान्त परमादरणीय श्रीमान् पञ्जाब के लेफ्टीनेन्ट गवर्नर महोदय ने इस कार्य के सम्पन्न करने के निमित्त एक कमिटी बनाई और उस के प्रेसीडेन्ट परममाननीय श्री १०८ महाराजा बहादुर दरभङ्गा को और मन्त्री श्री गोस्वामी जी को निर्वाचित किया।

उसी कौरोनेशन हिन्दू दरबार आल इन्डिया कमेटी ने— हिन्दू प्रोसेशन-पूजन-हवन-प्रार्थना आदि दरबार सम्बन्धी कार्य सम्पन्न किये, और तारीख १६ दिसम्बर को किंगस् कैम्प में श्री १०८ मिथिलेश्वर महोदय की अध्यक्षता में भारतवर्ष के पूज्यपाद आचार्य और माननीय महामहोपाध्यायों ने श्री १०८ भारत संम्राट् और १०८ श्रीमती संम्राज्ञी महोदया को आशीर्वाद दिया उसी समय श्री गोस्वामी जी का बनाया हुआ राजभक्ति प्रकाश जो कि उन्हों ने श्रीमान् लार्ड मिन्टो महोदय की सम्मति से बनाया था, और दिल्ली का इतिहास और समस्त भारत वर्ष के हिन्दुओं की ओर से श्री गोस्वामी जी कृत परमादरपूर्वक आशीर्वादात्मक पद्यावली श्री १०८ भारत संम्राट् महोदय की सेवा में समर्पण की गई, जिस को उन्हों ने हर्ष पूर्वक स्वीकार किया। आप दरबार लोन इक्जवीशन कमेटी के भी प्राचीन प्रदर्शिनी के मेम्बर नियत किये गये थे। १३ तारीख को जब श्री १०८ महोदय यहां पधारे थे उस समय हमारे चरित्रनायक ने एक आशीर्वादात्मक श्लोक पढ़ कर श्रीमान् को आशीर्वाद दिया था उस पर

माननीय पञ्जाब के श्रीमान् लाट साहब द्वारा श्री १०८ महोदय ने अपनी प्रसन्नता प्रकट की थी ।

आप बादशाही मेले की उस कमेटी के निरीक्षक हुए थे जिसमें दरबार सम्बन्धी संस्कृत और हिन्दी कवितायें आई थीं इन सब कार्यों के उपलक्ष में पण्डित जी को दो तमगे ( पदक ) दो सनदें और कई प्रसन्नता सूचक पत्र गवर्नमेन्ट की ओर से दिये गये थे ।

गो स्वामी जी के सदुपदेश से इनके मुख्य शिष्यों ने इनके नाम पर सं० १९४३ में श्रीनवल प्रेम सभा स्थापन की और श्रीभगवत्प्रेम का प्रचार हिन्दी भाषा और संस्कृत की उन्नति-राजभक्ति का प्रसार यह सभा के मुख्य उद्देश्य हैं। भारत वर्ष के अनेक नगरों में इस की शाखा सभायें हैं इस सभा के आधीन एक विद्यालय और पुस्तकालय भी है जो कि उन्नति के साथ काम कर रहे हैं । प्राय: ३५००० हज़ार पुस्तकें और कलेण्डर छपवाकर सभा बिना मूल्य वितीर्ण कर चुकी है भारत वर्ष के अनेक विद्वानों का पदक ( तमगे ) उपाधियां और मान पत्रों से सन्मान किया है । दिल्ली से आपने ११ मील दक्षिण पर जगत् प्रसिद्ध कुतब में जो लोहस्तम्भ है जिसे लोहे की कीली कहते हैं उस पर खुदे हुए श्लोकों का अनुवाद संगमरमर के पत्थरों पर खुदवा कर उस के पास लगवाया है । और दिल्ली से उत्तर में पहाड़ के ऊपर एक प्राचीन चरण चिन्ह की अन्वेषण करके उस का विष्णुपद होना सिद्ध किया है, जिस का कि वृत्तान्त पूर्वोक्त लोहस्तम्भ पर खुदा हुआ है । हमारे चरित्रनायक चिरकाल पर्यन्त उस वर्णाश्रम धर्म रक्षिणी सभा के मन्त्री रहे जिस के कारण से श्री भारतधर्ममहामण्डल की बड़ी उन्नति हुई इसी कारण से उस समय 'हिन्दी-बङ्गवासी' 'ख़ैरख्वाह' कश्मीर आदि अनेक समाचार पत्रों ने इस सभा को श्रीभारतधर्ममहामण्डल की पोषयित्री करके लिखा था उसी सभा के एक बहुत बड़े अधिवेशन में जिस में कि भारतवर्ष के बड़े २ विद्वान् माननीय आचार्य और बड़े २ सेठ साहूकार सुशोभित थे, भारत मार्त्तण्ड गो लोक निवासी श्री गट्टूलाल जी महाराज बम्बई निवासी के हस्तकमलों से अपने पूज्य पिता श्री-विश्वेश्वरनाथजी महाराजके नाम पर एक पुस्तकालय स्थापन कराया

था इसी समय दिल्ली के सुप्रसिद्ध रईस रायबहादुर ला॰ रामकृष्णदास जी ने उक्त पुस्तकालय के वास्ते एक विशाल कमरा बनवा दिया था उसी स्थान में अब वह पुस्तकालय स्थापित है और उस में संस्कृत-हिन्दी-बङ्गला-गुजराती-उर्दू-अंग्रेज़ी आदि की ३००० तीन हज़ार पुस्तकें हैं इस से सर्वसामान्य को बहुत लाभ प्राप्त होता है। श्रीगोस्वामीजी ने दिल्ली में मद्यमांस निवारणी सभा स्थापन की थी, इस कारण से लन्दन के आबकारी पत्र ने आप का चित्र और चरित्र मुद्रित किया और पार्लीमेण्ट के सुप्रसिद्ध मेम्बर मि॰ केन साहिब महोदय और मि॰ विलसन साहिब महोदय आप का बहुत आदर करते थे और श्रीमहारानी विक्टोरियाके जुबली महोत्सव पर एक पदक श्रीगोस्वामी जी को भेजा था। आप आयुर्वेद यूनानी कालिज की कमेटी के ट्रस्टी हैं।

श्री पण्डित जी एक सुप्रसिद्ध महामहोपदेशक हैं और प्रायः भारतवर्ष के सभी प्रान्तों में आपके व्याख्यान होते रहते हैं। इसके उपलक्ष्य में अनेक सभाओं और राजाओं ने इन्द्रप्रस्थरत्न, इन्द्रप्रस्थभूषण, भक्तिभूषण आदि की प्रतिष्ठा और पदक और खिलत, प्रदान करके श्रीगोस्वमी जी का गौरव बढ़ाया है।

आपकी काश्मीर, अलवर और बाँकीपुर यात्रा के समय वहां के परमधर्मनिष्ठ १०८ महाराजाओं ने श्रीगोस्वामी जी के भगवद्भक्ति के व्याख्यान परम प्रेम पूर्वक श्रवण किये थे जिस पर श्रीमहाराजा काश्मीर महोदय ने अपनी शुभ सम्मति प्रकट की थी।

सन् १९७१ के सभापति चुने गये थे आप श्री १०८ परम माननीय महाराजाधिराज बहादुर बर्द्धमान के तो आप राज्य पण्डित ही हैं और भारतवर्ष के प्रायः राजामहाराजाओं से आप का घनिष्ठ सम्बन्ध है और वह आपका परम आदर करते हैं आप परीक्षोत्तीर्ण संस्कृत के अनेक हिन्दी और संस्कृत के विद्यार्थियों को पदक और पुस्तकें प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाते रहते हैं।

परमादरणीय श्री १०८ श्री मिथिलेश्वर महोदयने सं॰ १९७१ में श्रीगोस्वामी जी के दरभंगा पधारने के समय अपने यहाँ की

अति प्राचीन और परमादरणीय श्रौतपरीक्षोत्तीर्ण परीक्षा प्रदान कर श्रीगोस्वामी जी की प्रतिष्ठा बढ़ाई थी।

सं० १९७२ में नदिया की अति प्राचीन और माननीय बङ्ग विबुध जननी सभा ने विद्यासागर की उपाधि प्रदान कर आप का गौरव बढ़ाया है।

आप प्रायः परमादरणीय श्री वायसराय महोदयों की सेवा में उपस्थित होकर फल फूलों सहित उनको आशीर्वाद दे दिया करते थे परन्तु आपकी अभिलाषा थी कि किसी अवसर पर दिल्ली के समस्त पण्डित मिल कर यह कार्य करें इस विषय को स्टेटएंट्री के समय इन्हों ने निवेदन किया, जिसे श्रीमान् वायसराय महोदय ने बहुत पसन्द किया, किन्तु किसी कारण से उस समय वह कार्य सम्पन्न न होसका परन्तु १२ नवम्बर को श्रीमान् चीफ कमिश्नर साहिब महोदय की कृपा से पण्डितों का एक डेपुटेशन श्रीमान् वायसराय महोदय की सेवा में आशीर्वाद देने के निमित्त उपस्थित हुआ था और उसके अधिष्ठाता श्रीगोस्वामी जी थे।

हमारे चरित्र नायक ने अनेक पुस्तकें निर्माण की हैं और उनको छपवा कर उनकी हज़ारों प्रतियां विना मूल्य वितीर्ण की हैं—

श्री गङ्गा स्थिति निर्णय—१०००० हज़ार,
डिवोशनटू लायलटी—५,००० हज़ार,
राजभक्ति प्रकाश हिन्दी—२००० हज़ार,
राजभक्ति प्रकाश इङ्गलिश—
अनुवाद सहित—३३००० हज़ार,
दिल्ली का इतिहास—१००० हज़ार,

शीतला वेध विधि—२००१ हज़ार,

मद्यमीमांसा—

वृटिश पुष्पाञ्जली—

हमारे चरित्र नायक सरल प्रकृति श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के परम भक्त और ब्राह्मण सेवी हैं। श्रीमद्भागवत और ब्रज में आपका अत्यन्त अनुराग है, वर्ष में एक दो बार अवश्य ब्रज का आनन्द लेते हैं, और श्रीमद्भागवत का नित्य पाठ करते रहते हैं।

# महामहोपाध्यायश्री पं० हरनारायण जी शास्त्री विद्यासागर

आप पंच जातीय सारस्वत ब्राह्मण हैं। आपके पूर्व पुरुष भेरा ज़िला शाहपुर के निवासी थे। आपके पिता जी किसी कार्य्य वश बरेली में आकर बसे थे। वहीं श्री युक्त शास्त्रीजी का जन्म संवत् १९२७ कार्तिक कृष्ण १३ शुक्रवार ( २४ अक्टूबर १८७० ) को अपने मातामह के यहां बरेली में हुआ। आपके पिता पं० रामदयालु गोस्वामी प्राचीन ढंग के एक अच्छे मार्मिक पंडित थे। आप विष्णु स्वामी सम्प्रदाय के गोस्वामी थे। शास्त्री जी ने आरम्भिक शिक्षा अपने घर पर ही प्राप्त की। सप्तम वर्ष में आपका यज्ञोपवीत संस्कार हुआ इसके अनन्तर वेदाऽध्ययन के साथ २ व्याकरण और काव्य का अभ्यास करते हुए १२ वर्ष की ही अवस्था में श्रीमद्भागवत बाँचने योग्य सुबोध पंडित हो गए थे। तदऽनन्तर मथुरा के वेद भाष्यकार पण्डित उदयप्रकाशदेव जी से आपने अष्टाध्यायी और महाभाष्य का अभ्यास किया। और विद्यावागीश पं० गोविन्दराम जी शास्त्री के द्वारा न्याय और वेदान्त के ग्रन्थ पढ़े। इसी बीच में सभाओंमें व्याख्यान देना आरम्भ किया और संस्कृत में अच्छी कविता करनेलगे। १७ वर्ष की अवस्था में आपके पिता जी का स्वर्गवास हुआ इस कारण शीघ्र ही आपको पंजाब की परीक्षाओं में प्रविष्ट होनापड़ा। सं० १८९०में,आपने पंजाब यूनीवर्सिटीकी शास्त्री परीक्षा पास की और अंग्रेजी में भी डिप्लोमा लिया इन दोनों परीक्षाओंमे आप यूनीवर्सिटीमें सर्व प्रथम रहे। तदनन्तर आपने काशी में जाकर महामहोपाध्याय पं० राम मिश्रशास्त्रीजीसे उच्चकोटि के ग्रंथों का अध्ययन किया। इसी बीच में आपकी समस्या पूर्ति पर प्रसन्न होकर बंगाल की विद्वत् समिति ने 'काव्यानंद' की उपाधि से आपको भूषित किया। सन् १८९१ में आप हिन्दू कालेज दिल्ली

के संस्कृत प्रोफेसर नियत हुए। सन् १९०० में दिल्ली में भारत धर्म्म महा मंडल के अधिवेशन में आपने "सद्धर्म विजय" नाम का संस्कृत काव्य बनाकर पढ़ा। उसके उच्च विचार और ओजस्विता आदि गुणों को देखकर तत्कालीन विद्वान् मोहित हुए और उस समय आपको स्वर्णपदक सहित 'साहित्य भूषण' और 'महोपदेशक, की उपाधियें दी गई। इसी समय से आपकी प्रतिमा का विशेष रूप से विकाश हुआ और सनातन धर्मी जनता में और भी मान बढ़ गया। उसके अनन्तर आपने सनातन धर्म्म के प्रचार कार्य में विशेष रूपसे भाग लिया। विशेषतः अंग्रेजी पढ़ी हुई जनता के ऊपर आप के व्याख्यानों का प्रभाव विशेष रूपसे पड़ने लगा। सन १९०१ में पञ्जाब यूनिवर्सिटी ने आपको अपनी उच्चश्रेणी की संस्कृत परीक्षाओं का परीक्षक बनाया। अब तक भी आप परीक्षक होते हैं। सन् १९०२में लंदनके दरबारमें आपकी कविता बड़े मान के साथ भेजी गई। सन् १९०३ में दिल्ली दरबार में निमन्त्रित किये गए और उसी वर्ष बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी के मेम्बर निर्वाचित हुए। संवत् १९६३ में प्रयाग में माननीय पं० मदनमोहन मालवीय जीने अपनी सनातन धर्म्म महा सभा के महाअधिवेशन में आपको सादर निमन्त्रित किया। वहां भी आपने "सद्धर्म्म त्रिवेणी" नामक एक काव्य बना कर पढ़ा। दूर देशों से पधारे हुए पंडित गण आपकी भावमय रचना से प्रसन्न हुए और उन पर अपूर्व प्रभाव पड़ा। संवत् १९६५ में 'ऋषिकुल' हरद्वार की स्थापना में आपने बड़ा भारी भाग लिया और उसके शिक्षा समितिके मन्त्री पदका भार ग्रहण कर प्रायः दश वर्ष तक कार्य्य किया—अब आप उसके सभापति हैं। सन् १९१० में व्याख्यान वाचस्पति पं० दीनदयालु जीके परामर्श से महोपदेशकों की स्वत्व रक्षा धर्म्म प्रचार कार्य्यकी नियम बद्धता और राज भक्ति प्रचार आदि उद्देश्यों को लक्ष्य कर आपने एक 'भारतीय

महोपदेशक समिति' स्थापित की और दरबार के प्रथम अधिवेशन में आप उसके मन्त्री निर्वाचित हुए। सन् १९११ में दरबार के समय जो कविताएं आई थीं उन को जांच करने के लिये बादशाही मेला कमेटी ने आपको निरीक्षक नियत किया और उस साल आप दरबार में भी सादर निमन्त्रित किये गए। दरबार के दिन ही भारत सरकारने आप को 'महामहोपाध्याय' की उपाधि से अलंकृत किया। इसी समय १६ दिसम्बर १९११ को भारत के जो धार्मिक नेता बादशाही कैम्प में श्रीमान् सम्राट् जार्ज पञ्चम महोदय और सम्राज्ञी क्वीन मेरी महारानी को आशीर्वाद देने को उपस्थित हुए थे उसमें भी आप सम्मिलित हुए थे। उस उपलक्ष्य में श्रीमान् सम्राट् महोदयने 'सनद' के स्वरूपमें धन्यवाद का पत्र पंजाबके लैफ्टीनैन्ट गवर्नर साहेब की मारफत आप के पास भेजा था। सन् १९१२ में आप लंदन की रायल एशियाटिक सोसाइटीके मेम्बर निर्वाचित हुए। अनन्तर बंगाल नवद्वीप की 'विबुध जननी सभा' ने 'विद्यासागर' की उपाधि से आप को विभूषित किया। सन् १९१६ में पंजाब यूनिवर्सिटी की Oriantal Faculty के मेम्बर नियत किये गये। महा मण्डल के पिछले अधिवेशन में आपको 'महामहोपदेशक' और 'साहित्य रत्नाकर' की उपाधियें स्वर्ण पदक सहित प्राप्त हुईं। आप ने अखिल भारत वर्षीय सनातन धर्म महासम्मेलन में बड़ा भाग लिया और लाहौर के तृतीय अधिवेशन में 'सद्धर्म डिण्डिम नामक काव्य' बना कर पढ़ा जिससे विद्वन्मण्डली और सर्व साधारण लोगों पर बड़ा प्रभाव पड़ा। उस समय उपस्थित महाराजा काश्मीर और दरभंगा नरेश आपके काव्य गुम्फ पर बड़े ही आनन्दित हुये।

इसके अतिरिक्त आपने यथा समय बहुतसी कविताएं लिखीं हैं। आप समस्या पूर्त्ति भी बड़ी स्फूर्ति के साथ करते हैं। आपने हिन्दी भाषामें भी 'गङ्गा महत्व' 'राजभक्ति' आदि कई पुस्तकें

लिखी हैं। आप संस्कृत साहित्य के अपूर्व पंडित हैं और अब आपकी प्रवृत्ति वेदान्त की ओर अधिक होगई है। श्रीमान् महाराजा बहादुर दरभंगा नरेश ने अपने राजकुमारों के यज्ञोपवीत महोत्सव पर जब आपको सादर निमन्त्रित किया था उस समय आपने कितने ही महामहोपाध्यायों और मिथिला की विशिष्ट विद्वन्मण्डली के समक्ष अपनी विद्वत्ता और प्रतिभाशालिता का परिचय कवितावकलाप के द्वारा सभा में दिया था उसपर महाराज बहादुर दरभङ्गा नरेश ने प्रसन्न होकर एक विशिष्ट दरबार करके आपको अपने यहां का सर्वोच्च मानस्वरूप "धौत वस्त्र युगुल से" अलंकृत किया।

सनातनधर्मी होने पर भी आपको किसी मत से द्वेष नहीं है अतः प्रत्येक मतके लोग आपका आदर समान भावसे करते हुये श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं आप राजा और प्रजा दोनों के प्रीत भाजन हैं। भारत वर्षमें आप संस्कृतके एक उच्च श्रेणी के विद्वान् माने जाते हैं।

पुराणों पर आपकी अत्यंत श्रद्धा है। आपका सिद्धांत है कि पुराणोंके बिना पढ़े कोई पंडित हो ही नहीं सकता। आपने २१ वर्षके लिये दिल्ली में पुराण महायज्ञ आरंभ किया है जिसे १६ वर्ष हो चुके हैं जिसमें आपने प्रण किया है कि १८ पुराण—महाभारत—बाल्मीकीय रामायण के और योग वशिष्ट इन २१ ग्रन्थों को एक आसन पर बांचकर निर्लोभ भाव से लोगों को श्रवण कराद़ेना। अब भी अपका यह अनुष्ठान नियम पूर्वक चलता हैं आप मंत्र शास्त्र के अपूर्व विद्वान् हैं और उसमें आपको विशेष श्रद्धा है।

इतने विशिष्ट गुण सम्पन्न विद्वान् होने पर भी आप में गर्व का लेश नहीं है। जो कोई आप से एक वार मिल लेता है वह सदा के लिये आप का प्रेमी बन जाता है। परमात्मा ऐसे सुशील—सच्चरित्र एवं सनातनधर्म्म के दृढ़व्रती विद्वान् को दीर्घायु और यशस्वी करे यही प्रार्थना है।

लेखक—रामस्वरूप कौशल्य।

तैलङ्गवंशभूषण

भारतरत्न पण्डित गट्टूलाल वेदान्तपञ्चानन.

## भारतरत्न पं॰ गट्टूलाल जो वेदान्त पञ्चानन

मुम्बई में आपने बड़ा भारी पुस्तकालय स्थापन किया है, जो कि सम्प्रति एक पञ्चायत के आधीन है। आप जन्मान्ध थे और अपने समय के अपूर्व विद्वान् थे। वेदान्तमें आपने कई ग्रन्थ लिखे हैं।

## श्रीमान् पं॰ विद्यारत्नजी पाराशर

सम्पादक ब्राह्मण समाचार लाहौर।

इनका जन्म ४ माघ सं॰ १९४२ वि॰ को राहों जिला जालंधर में गर्ग गोत्री सारस्वत ब्राह्मणों के एक उच्च पाराशर वंश में हुआ।

आपके पूर्व पुरुष श्रीमान् पं॰ आत्माराम जी अपने समय के एक प्रसिद्ध वैद्यराज थे, और पहले अपने पैतृक ग्राम जनोहा में निवास करते थे, रोग चिकित्सा में आपके महा अनुभवी तथा कुशल हस्त होने की प्रसिद्धता सुनकर राहों के एक धनवान् खत्री ने अपने पुत्र की चिकित्सा के लिये पं॰जी को बुलाया, और उसके आरोग्य हो जाने पर पंडित जी को कृतज्ञता पूर्वक एक बड़ा और पक्का मकान पुरस्कार रूपसे दिया और यह साग्रह विनयकी कि आप राहों हीमें आकर चिकित्सा आरम्भ करें। वैद्यराज ने इस प्रार्थना को सहर्ष स्वीकार किया, और कुटुम्ब को राहों ले आये। वैद्यराज कुछ योगाभ्यास भी करते थे, और आपने अपने शरीर त्याग का समाचार कई दिन पहले दे दिया था वैद्यराज जी के चार पुत्र थे, जिन में से केवल पं॰ गज्जूराम और पं॰ राधारामकावंश आगे चला, क्योंकि पं॰ नयनसुख बिना सन्तान थे और पं॰ छज्जूराम के केवल एक पुत्र हुआ जो बिना सन्तान ही स्वर्ग वास हुआ। इन में पं॰ राधाराम जी अपने पिता की तरह योग्य चिकित्सक हुये, और पं॰ गज्जूराम अपनी दुकान के काम में पड़गये। पं॰ राधाराम जी के पश्चात् पं॰ गोविंदराम जी का युवावस्था में ही स्वर्गवास होगया और घर का भार पं॰ गोविन्दराम जी के पुत्र पं॰ काशीराम जी के

सिर पर छोटी सी आयु में ही आ पड़ा। जिसे आपने बड़ी योग्यता से सम्भाला और महाजनों की एक पाठशाला खोलकर उसे ऐसी उत्तम रीति से चलाया, कि शीघ्र नगर में सर्व प्रिय होगये। उनके स्वर्गवास को २५ वर्ष बीत जाने पर आज भी यहाँ नगर में जितने पुराने दुकानदार तथा मुनीम हैं वह पं० काशीराम जी का शिष्य होने का अभिमान करते हैं, और सादर उनका नाम स्मरण करते हैं

पं० काशीराम जी के सुपुत्र पं० जगन्नाथ जी का जन्म संवत् १८२१ वि० में हुआ था। आपने अंग्रेजी फारसी में योग्यता प्राप्त करके डाकखाने में नौकरी प्राप्त की और अब आप ३० वर्ष की नौकरी के पश्चात् शीघ्र ही पेन्शन लेने वाले हैं। पं० विद्यारत्न पाराशर जी इन ही पं० जगन्नाथ जी के सुपुत्र हैं।

आपको बालपन से ही जाती सेवा और देश हित की लगन है। अभी आप चौथी पांचवीं श्रेणीमें ही पढ़ते थे, कि समाचार पत्र पढ़ने की ओर आप को रुचि हो गई, जो बढ़ते २ एक दो वर्ष में निबन्ध लिखने के रूप में परिवर्तित हो गई, और अन्त को इतनी बढ़ी कि सन् १९०२ में छावा हाईस्कूल जालन्धर से मिडिल पास करते ही आपने "सफीर पंजाब" नाम का एक एक उर्दू पाक्षिक पत्र जालन्धर से निकाल दिया। जिस में अनभिज्ञता के कारण आप को आठ नौ मास में ही कई सौ रुपया घाटा भरना पड़ा। तदुपरान्त आप के पिता जी ने आप को आगे पढ़ने के लिये अनुरोध किया। आपने भी स्वीकार कर लिया, और स्कूल में प्रविष्ट होगये। किन्तु पढ़ाई में बहुत कठिन परिश्रम करने के कारण रोग शय्या आरूढ़ हो गये और ऐसे रोग में फंसे, कि निरोग होने पर भी डाक्टरों ने आगे पढ़ने की आज्ञा नदी, और प्राणों का भय बतलाया लाचार आप को फिर पढ़ाई छोड़नी पड़ी। पिता जी के यत्न से आप को डाकखाने में नौकरी भी मिलती थी, किन्तु आरम्भ से ही, स्वतन्त्र प्रिय होने के कारण आपने उसे स्वीकार न किया और जाती सेवा का शुभ कार्य्य करने लगे।

पं० विद्यारत्न पाराशर.

सम्पादक—ब्राह्मण समाचार लाहौर।

१९०३ से १९११ तक आपने जाति सेवा के साथ ही साथ कई स्थानों पर लेखक तथा अध्यापक का कार्य्य भी किया।

कई स्थानों पर पाठशालायें तथा स्कूल स्थापित कराये। इन स्कूलों में से एक पठानकोट ( जिला गुरदासपुर ) का आर्य्य मिडिल स्कूल भी था, जिस को आपने १९११ में प्राइमरी स्कूल के रूप से स्थापित करके केवल दस मास में ही मिडल स्कूल के दर्जे पर पहुंचा दिया। जालन्धर शहर की सनातन धर्म हिन्दी पाठशाला और नूरमहल जिला जालन्धर के आर्य्य मिडिल स्कूल की स्थापना में भी आप का ही हाथ था।

सन् १९१२ में पं० विद्यारत्न जी ने पठानकोट आर्य स्कूल के मुख्याध्यापक पद से त्याग पत्र देकर रावलपिंडी के "ब्राह्मण गजट" का सम्पादन किया और जब रावलपिंडी का गजट" और लाहौर का "ब्राह्मण" बन्द हो गये, रावलपिंडी और फिर जालन्धर से अपना साप्ताहिक पत्र "व्यास" जारी करके जातीय सेवा आरम्भ की इन्हीं दिनों में आपने "ब्राह्मण जाति की सेवाके लिये एक "ब्राह्मण डायरेक्टरी" जिसमें भारत वर्ष की समस्त ब्राह्मण सभाओं, महासभाओं और संस्थाओं का वर्णन था और एक दर्जन ब्राह्मण जाती उपयोगी ट्रैक्ट प्रकाशित किये। "व्यास" १० महीना चलकर फिर बंद हो गया, और डायरेक्टरी तथा ट्रैक्ट का प्रचार भी कुछ आशा वर्धक न हुआ। सारांश यह कि इन सब कामों में आपको दो सहस्र के लगभग घाटा रहा किन्तु आपको जाति सेवा की लग्न ऐसी है कि इतने पर भी आपने साहस न हारा, मार्च १९१६ से लाहौर आकर उर्दू "ब्राह्मण समाचार" जारी कर दिया, और "व्यास" के ग्राहकों को यह पत्र मुफ्त देकर, उनका शेष चंदा अदाकर दिया। उस समय से आप अपने उर्दू "ब्राह्मण समाचार" द्वारा ब्राह्मण जाती की जो सेवा कर रहे हैं, वह पांचालस्थ उर्दू पढ़े हुए ब्राह्मण सज्जनों से छिपी नहीं।

बड़े हर्ष की बात है, कि इस वर्ष पंजाब ब्राह्मण महा सम्मेलन ने "ब्राह्मण समाचार" की सेवा से प्रसन्न होकर अपने १४ वें प्रस्ताव में उसकी प्रशंसा की। और आर्थिक सहायताकी प्रतिज्ञा की।

पं० जी को आरंभ से ही चिकित्सा का भी बड़ा शौक है, और इस विषय पर पुस्तकों को प्रायः देखते रहते हैं। आपने बायोथ्रैपी Biotherapy आयुर्विज्ञानकी उच्च उपाधियां M.S.B. और P.S.B अर्थात् मास्टर आफ साईंस ऑफ बायोथ्रैपी और डाक्टर आफ साईंस आफ़ बायोथ्रैपी की प्राप्त की है आजकल होम्योपैथी Homeopydthy की पुस्तकों का अवलोकन कर रहे हैं। और आशा है इस विद्या में सफलता प्राप्त करेंगे।

फार्म नम्बर १२ से फार्म नम्बर २५ तक जनरलप्रेस इटावा में छपा

*Kavi Vinod, Vaidyabhushan,*

**PT. THAKUR DATTA SHARMA VAIDYA,**

**PROPRIETOR,**

"AMRITDHARA" & "DESHOPKARAK".

***Lahore.***

پنڈت ٹھاکر دت شرما ویدموجد امرت دھارا لاہور

અમૃતધારાના આવિષ્કાર કર્તા,

**શ્રીમાન પંડિત ઠાકુરદત્તજી શર્મ્મા વૈદ્ય.**

*** पं० ठाकुरदत्त शर्म्मा वैद्य ***

**मालिक "अमृतधारा" लाहौर।**

# कविविनोद पं० ठाकुरदत्त शर्मा वैद्य।

—:*:—

पं० ठाकुरदत्त शर्मा जी वैद्य सन् १८८० में उत्पन्न हुए और बलहड़वाल में प्राईमरी तक शिक्षा पाई, एक दिन स्वयम् चुप चाप घर से निकल कर खालसा कालेज स्कूल अमृतसर में जा कर प्रविष्ट हुए, कुछ दिन पीछे इनके पिताजी को पता लगा, और वह वहाँ जाकर इन्हें घर पर वापिस लेगए, थोड़े दिनों पश्चात् यह अपनी बड़ी भगिनी को लेने के बहाने से गए. और स्कूल में प्रविष्ट होकर पढ़ना आरम्भ किया, अब की बार पिता जी ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया। अब यह चौथी श्रेणी में प्रविष्ट हुए, और जितनी अंग्रेज़ी आवश्यक थी वह एक मासमें प्राप्त करके ५ वीं श्रेणी में प्रविष्ट हुए, स्कूल बदल गया, और यह अमृतसर हिन्दूसभा हाईस्कूलमें चले आए. इन्ट्रेन्स इसी जगह पास किया, संस्कृत की इच्छा थी, अतः मिडिल से ही हिन्दी और संस्कृत की श्रेणी की परीक्षा में प्रथम रहे, मिडिल की परीक्षा में वज़ीफ़ा प्राप्त किया, और इन्ट्रेन्स की परीक्षा में वज़ीफ़ा पाते रहे, लाहौर में एफ. ए. के भीतर १ वर्ष पढ़ा; परन्तु इस समय तक चिकित्सा विद्या की इतनी रुचि बढ़ी कि वज़ीफ़ा त्याग कर वापिस आगए, स्कूलों के भीतर जो विद्यार्थियों को दुर्व्यसन लग जाते हैं, उन सब से बचे रहे। बोरडिङ्ग के अध्यक्ष पं० माधोदास जी इनको पुत्रवत् समझते थे, और इनकी प्रत्येक बात स्वीकार करते थे, परिश्रमी इतने थे कि जब परीक्षा का समय आता तो ६ बजे शाम को सोकर ६ बजे रात्रि को उठ बैठते, और सारी रात पढ़ते रहते, योग्यता की यह दशा थी कि जिस श्रेणी में पढ़ते थे उसके विद्यार्थियों को पढ़ाते थे। हिसाब में इतने प्रवीण थे कि जब मिडिल में थे तो इन्ट्रेन्स के विद्यार्थी प्रश्न पूछने आया करते थे। लोग समझते थे कि ठाकुरदत्त एम. ए. होगा, परन्तु ईश्वर को कुछ और ही स्वीकार था, अभी ७ वीं श्रेणी में थे कि चिकित्सा का प्रेम हो गया, बोरडिंग के सामने ही एक ला० देवीदास नामी हकीम रहते थे, उन से चिकित्सा सीखने लगे, औषधियों का

इतना प्रेम होगया कि सारा २ दिन संन्यासियों के पीछे रहते थे, जहाँ सुन पाते कि अमुक जगह एक मनुष्य उत्तम योग जानने वाला है, वहां तुरन्त पहुंचते थे, स्कूल में एक सप्ताह प्रति मास अनुपस्थित रहने लगे, परन्तु फिर भी श्रेणी में प्रथम रहते। डा० गुलामहुसैन की पुस्तकों ने इनको बहुत सहायता दी, यह प्रेम दिन प्रति दिन बढ़ता गया, अन्तत एफ. ए. में एक वर्ष पढ़ कर उसको छोड़ना ही पड़ा, बाबा विष्णुदास स्वर्गवासी से चिकित्सा पढ़ना आरम्भ किया, और शीघ्र ही समाप्त करके उनसे चिकित्सा करने की आज्ञा ली। फिर पं० जगत्राम राज्य वैद्य जम्बू के पास जाकर कुछ अनुभूत योग प्राप्त किया।

पं० ठाकुरदत्त शर्मा जी के मन में चिकित्सा करने की इच्छा हुई, परन्तु इनके पिता जी अन्य हकीमों की तुलना में इसको तुच्छ समझते थे इस लिये दुकान खोलने को एक पैसा देने को उद्यत न हुए, वह नौकरी को उत्तम समझते थे, अतएव विवश हो कर यह लाहौर चले आए। रेलवे दफतर में १५) मासिक पर नौकर होगए, परन्तु साथ ही मकान के नीचे सायं प्रातः चिकित्सार्थ बैठना आरम्भ किया। फिर एक सभा में २५) मासिक वेतन पर नौकरी होगई, यह स्थान घर के समीप था, रात दिन कार्य में प्रवृत्त रहते, अर्थात् रात्रि को औषधि बनाते, और दिन को रोगियों को देखते, और फिर दफतर का काम भी करते। एक उर्दू वैद्यक पत्र निकालने का विज्ञापन दिया, उर्दू देशोपकारक सन् १९०४ ईस्वी में पहिले पाक्षिक निकाला, पश्चात् सन् १९०५ में साप्ताहिक होगया।

इस समय तक २५७ से अधिक वैद्यक पुस्तकें लिख चुके हैं। मास मई सन् १९११ से बहुत से श्रीमानों के निवेदन पर इन्हों ने पाक्षिक हिन्दी देशोपकारक नामक वैद्यक पत्र प्रारम्भ किया है।

वैद्यक में इन की योग्यता को देख कर श्रीकविराज विजय रत्नसेन महामहोपाध्याय कलकत्ता जैसे वैद्याचार्य ने इनको कविविनोद की उपाधि दी।

सन् १९०६ में एक युनानी हकीम को नौकर रख कर युनानी चिकित्सा भी सीखी, और युनानी चिकित्सा के सुयोग्य आचार्य हकीम मुहम्मद अजमल खां हाज़ीकुलमुल्क ने इनको प्रशंसा पत्र दिया। इन्हों ने सन् १९०७ ईस्वी में एक डाक्टर को रख कर डाक्टरी के आवश्यक सिद्धान्तों, और अनाटोमी को पढ़ा।

लाहौर में अञ्जुमन अतिब्बा, और आयुर्वेद हितकारी सभा स्थापित करने का उद्योग इन्हीं से आरम्भ हुआ, जहां कोई वैद्यक सभा होती है, वहाँ अवश्य पहुंचते हैं। लेख और भाषण में सब जगह आयुर्वेदोन्नति का ध्यान रहता है। ब्राह्मण सभा लाहौर की स्थापना में इन का सब से अधिक पुरुषार्थ था।

सन् १९१० को निखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा जो श्रीमान् महाराजा साहिब बहादुर दरभङ्गा के सभापतित्व में हुई, वह इन्हीं के उद्योगों का फल था। आप ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा पञ्जाब के मन्त्री हैं। इस की स्थापना में भी आपही का विशेष हाथ है। आप ब्राह्मण सभा के प्रधान हैं। और लायलपुर की पञ्जाब ब्राह्मण कान्फ्रेन्स के भी आप सभापति हुवे थे। ईश्वर से प्रार्थना है कि इन को चिरायु करें।

# सारस्वतवंशभूषण श्रीयुत पं० रामस्वरूप जी शर्म्मा M. R. A. S.

—※—

आप के पिता पण्डित केदारनाथ जी अम्बाला A. S. स्कूल में अध्यापक थे। आप का शुभ जन्म २४ दिसम्बर १८६५ को हुआ।

अम्बाला आर्य्य स्कूल से पञ्जाब मैट्रिक्यूलेशन पास किया फिर प्राईवेट मुम्बई, मैट्रिक, तथा कैम्ब्रज का एक भाग पास किया। हिन्दु कालिज देहली सन् १९१३ में एफ० ए० करके १९१५ तक दो वर्ष डी० ए० वी० कालिज में बी०ए० में पढ़ते रहे, परन्तु परीक्षा न दे सके। १९१५ अक्टूबर में २० वर्ष की अवस्था में Asiatic Society of Bengal Calcutta and Royal Asiatic Society London के Member चुने गये। स्त्रीशिक्षा सम्बन्धी कार्यों में अति प्रेम रखने के कारण १९१५ में Indian Womens, University की Senate की Fellowship के लिये नाम उपस्थित किया गया। १९१६ जून में लन्दन की सुप्रसिद्ध विद्वद् समिति Philological Society के Member चुने गये—( सब से पहला भारतीय Member होने का मान आप ही को मिला) इसी वर्ष में बहुत सी Literay Activities के कारण Royal Society of Arts, London की Fellowship और Aciatic Society of Japan की Honorary Membership के लिये आप की सिफारिश हुई। और Royal Asiatic Society of Ceylon के सभ्य बनाये गये। इसी वर्ष में Biotherapical University कालिज से Doctor of Neo-Rio-theranptics की Honor उपाधि मिली, और कालेज के Delegate तथा Senate के Member बनाये गये। कुछ समय एंग्लो संस्कृत हाई स्कूल में आङ्गल भाषाध्यापक रहने के पश्चात् ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम हरिद्वार के कालिज विभाग में अंग्रेज़ी के प्रोफेसर रहे।

जून १९१६ में 'ब्राह्मण सभा' अम्बाला के Secretary निर्वाचित हुये थे, आप अंग्रेज़ी, संस्कृत तथा Latin भाषा भली भांति जानने के अतिरिक्त और भी कई देशी भाषाएं जानते हैं, संस्कृत और हिन्दी भाषा की उन्नति में प्रेम है और यह सदैव आप की द्वितीय भाषा है रही। के० सी० संस्कृत सोसाइटी अमृतसर के Vice-President भी रहे हैं।

---

## श्रीयुत डाक्टर पं० प्रभुदत्त जी शास्त्री M.A.P.H.D.

श्रीयुत पं० गणेशदत्तजी शास्त्री के आप पुत्र हैं, आप M. A. B. T. आदि कई परीक्षा उत्तीर्ण कर गवर्न्मेंट से छात्रवृत्ति पाकर यूरोप गये थे। कई वर्ष वहां रहे। आपने 'माया' एक पुस्तक लिखी थी जिस के कारण आप को P. H. D. की उपाधि मिली। आप बड़े विद्वान् तथा कई भाषाएं जानते हैं आप का निवास स्थान लाहौर है। आप ओरियण्टल कालिज लाहौर, और पटियाला महेन्द्रकालिज के प्रिंसिपल रहे हैं तथा अलवर के प्राइवेट सेक्रेटरी भी रह चुके हैं। हमें खेद है समय पर आप का विशेष वृत्तान्त न मिलने के कारण हम नहीं दे सकते।

# सारस्वत कुलदीपिका श्रीमती पण्डिता द्रौपदी देवी शास्त्रिणी ।

—:०:—

इनका जन्मस्थान ग्राम शांकर जिला जालन्धर तहसील नकोदर में है । पिता का नाम पण्डित मेलाराम शास्त्री और सारस्वत गोत्रवत्स । उसी शांकर नगर में सम्वत् १९५४ विक्रमीय मास श्रावण १० तिथि में पुत्री द्रौपदी का जन्म सायंकाल के समय में हुआ । इस पुत्री के पैदा होने से घर में बहुत खुशी हुई क्योंकि यह अपने बड़े भ्राता शान्तिस्वरूप की पहिली ही बहिन थी । इनके पिता के बड़े भ्राता स्वर्गवासी पण्डित सालिग्राम की पत्नी श्रीमती परमेश्वरी देवी का इस पुत्री से बहुत ही प्यार हो गया । इसकी माता के स्तनों में दूध नहीं था ईश्वरीय नियम के कारण मोहवश परमेश्वरी देवी के दूध उतर आया । डेढ़ वर्ष की अवस्था के बाद नौ वर्ष तक इस देवी का पालन इसी ने किया । इस समय देवी नौ वर्ष की होगई तब पिता शाँकर में आकर एक गवर्नमेंट पुत्री पाठशाला खुलवाई और उसी में इस कन्या को प्रवेश करके गुरुकुल कांगड़ी को वापिस चले गये, परन्तु पाठशाला की शिथिलता देख कर कुछ महीने के बाद अपने बड़े भाई के पुत्र नन्दलाल को भेज कर वहाँ पर ही बुला लिया वहाँ एक छोटी सी पाठशाला गुरुकुल के अध्यापक अथवा अधिष्ठाताओं की लड़कियों के पढ़ाने के लिये इन्होंने पहिले ही बना रक्खी थी। इस पाठशाला के अध्यापक लोग ही खाली घण्टों में पढ़ाया करते थे । लग भग एक वर्ष इस पाठशाला में पुत्री द्रौपदी आर्य भाषा संस्कृत तथा गणित पढ़ती रही । इस की तीव्र बुद्धि और परिश्रम शीलता को देख कर इसे उच्च शिक्षा देने का विचार निश्चित किया जिस के लिये गुरुकुल छोड़ कर अध्यापक का काम करना स्वीकार किया इस समय पुत्री द्रौपदी की आयु लग भग दश वर्ष की थी ।

गुरुकुल से आकर इसे कन्या महाविद्यालय की चतुर्थ श्रेणी में प्रविष्ट कराया । और थोड़े ही महीनों में इस ने चतुर्थ-

श्रेणी की पढ़ाई समाप्त करली फिर पञ्चम में दो श्रेणियाँ अर्थात् पञ्चम तथा षष्ठ की पढ़ाई करने लग पड़ी और उस में भी यह उत्तीर्ण होगई । तृतीय वर्ष में इस ने सप्तम और अष्टम श्रेणियों की पढ़ाई की और उत्तीर्ण होगई । नवम में जब यह हुई उस समय १०म श्रेणी की लड़कियों ने प्राज्ञ परीक्षा की तैयारी आरम्भ करदी और नवम ने भी इसी प्रकार किया । परीक्षा में उत्तीर्ण होकर यह देवी विद्यालय की एकादश श्रेणी में हो गई । विद्यालय की स्नातिका अर्थात् द्वादश श्रेणी पास करके इस पुत्री को घर में शास्त्री की तैयारी कराने लगे और दो सालों में अर्थात् अप्रैल १६१६ को यह देवी ३३० नम्बर लेकर शास्त्री परीक्षा में उत्तीर्ण हुई उस समय इस की आयु १८ वर्ष की थी । इस को न्याय में अधिक प्रेम है । गणित भी भली प्रकार जानती है ।

---

## गौड़ों का द्वितीय भेद कान्यकुब्ज ।

—*:०:*—

कान्यकुब्ज देश का नाम है । कान्यकुब्ज नगरी बहुत प्राचीन थी । जो अब कन्नौज प्रसिद्ध है, कभी यह भारतवर्ष की राजधानी थी । बाल्मीकी रामायण में लिखा है—

कन्याकुब्जाभवन्त्यत्र कान्यकुब्जस्ततोऽभवत् ।
देशोऽयं कान्यकुब्जाख्यः सदाब्रह्मर्षिसेवितः ॥

बा० रा० बा० स० ३३,

कन्या जहां कुबड़ी हुई इसी से इस देश का नाम कान्यकुब्ज पड़ा । इसी देश में निवास के कारण ब्राह्मणों का नाम कान्यकुब्ज ब्राह्मण होगया । अब यह जाति यू० पी० और अन्य देशों में भी हैं । यह जाति भी प्राचीन है । इस जाति का विभाग ५ श्रेणी में है—

१ कान्यकुब्ज, २ सर्यूपारी, ३ जिझौतिया, ४ सनाढ्य, ५ बंगाली कान्यकुब्ज ।

## १ कान्यकुब्ज ।

—:*:*:—

यह शाहजांपुर, कानपुर, पीलीभीत, फतेपुर, हमीरपुर, इटावा, आदि स्थानों में विशेषकर हैं ।

## गोत्र ।

—:o:—

गौतम, शांडिल्य, भारद्वाज, उपमन्यु, काश्यप, कात्यायन गर्ग हैं । नीचे गोत्र आस्पद और प्रवरों की पूरी सूची दी जाती है—

## उत्तम श्रेणी के गोत्र ।

| गोत्र । | प्रवर । | आस्पद ( शासन )। |
|---|---|---|
| १ कात्यायन, | कात्यायन, विश्वमित्र, किलक, | १ मिश्र, २ दुवे, ३ अग्निहोत्री, |
| २ कश्यप, | कश्यप, असित, देवल, | १ तिवारी, १ दीक्षित, ३ अवस्थी, ४ मिश्र, ५ दुवे, ६ अग्निहोत्री, |
| ३ शाँडिल्य, | शांडिल्य, असित, देवल, | १ मिश्र, २ दीक्षित, ३ शुक्ल, ४ अवस्थी, ५ तिवारी, ६ उपाध्याय, |
| ४ साँकृत, | सांकृत, किल, सांख्यायन, | १ शुक्ल, २ मिश्र, ३ अवस्थी, ४ दूवे, |
| ५ उपमन्यु, | उपमन्यु, वसिष्ट, याज्ञवल्क्य, | १ वाजपेयी, २ अवस्थी, ३ मिश्र, ४ दीक्षित, ५ त्रिवेदी, ६ दूवे, ७ अग्निहोत्री, ८ पाठक, ९ उपाध्याय, |
| ६ भारद्वाज, | भारद्वाज, अंगीरा, बृहस्पति, | १ शुक्ल, २ पांडे, ३ तिवारी, |

# तृतीय श्रेणी के कुछ गोत्र ।

| संख्या । | गोत्र । | प्रवर । | आस्पद । |
|---|---|---|---|
| १ | अत्रि | अत्रि, अर्चिमान, श्यावाश्व; | मिश्र, पाठक, |
| २ | अमित | अमित, वाशल, कौशल्य, | तिवारी, चौबे, |
| ३ | अगाश्य | अगाश्य, अङ्गिरस, गौतम, | रानम्बी, पाठक, |
| ४ | अत्यवान | अत्यवान, यमदग्नि, च्यवन; | त्रिगुणायत, |
| ५ | अश्मनाग | अश्मनाग, विश्वामित्र, भार्गव, | दुबे, चौबे, |
| ६ | अगस्त | अगस्त, पुलस्त, वसिष्ठ, ऐंद्र, और्व, | पांडे, शुक्ल, |
| ७ | आभद्रसुक | आभद्रसुक, लोमस, सावर्ण्य, | दुबे, |
| ८ | अङ्गिरस | अङ्गिरस, अत्रि, अगस्त, गार्ग्य, ऐंद्र, | शुक्ल, मिश्र, |
| ९ | और्व | और्व, गौतम, बार्हस्पत्य, | दुबे, |
| १० | इन्द्रोदर | इन्द्रोदर, कौण्डिन्य भार्गव, | अग्निहोत्री, |
| ११ | इन्दुप्रमद | इन्दुप्रमद अत्यवान, वैहव्य, | चौबे, |
| १२ | कपिल | कपिल, देवराज, ध्रुवनैन, | मिश्र, |

| संख्या | गोत्र | प्रवर | आस्पद |
|---|---|---|---|
| १३ | कृष्णात्रि | कृष्णात्रि, अर्चिमान, श्यावाश्व, | पांडे, तिवारी, |
| १४ | गौरव | गौरव, आमद्रसुक, कौलक, | दुबे, पाठक, |
| १५ | कौलव | कौलव, मधुच्छन्दस, विश्वामित्र, | पांडे, तिवारी, |
| १६ | कौशल्य | कौशल्य, मधुच्छन्दस, अघमर्षण, | पांडे, |
| १७ | गाँगेय | गांगेय, संख्यलित, गर्ग, | शुक्ल, |
| १८ | चान्द्रायग | चान्द्रायण, वत्स, वामदेव, | मिश्र, दुबे, |
| १९ | जातूकर्ण | जातूकर्ण, अत्रि, वसिष्ठ, | शुक्ल, चौबे, |
| २० | च्यवन | च्यवन, अत्रि, वत्स कपिल, अगस्त, | त्रिगुणायत, |
| २१ | दैवल | दैवल, वाशल, शौनकेत, | तिवारी, |
| २२ | ध्रुवनैन | ध्रुवनैन, कोल न, वामदेव, | अवस्थी, |
| २३ | नितुंद | नितुंद, कीलक, शक्ति, दालभ्य, पुरोहत, | दुबे, चौबे, |
| २४ | पुलस्त्य | पुलस्त्य, मौनस, मरीच, | चौबे, |
| २५ | पुरोहित | पुरोहित, लांमस, यांग्यवल्क्य, | चौबे, |
| २६ | वाशल | वाशल, अर्चिमान, अत्रि, | शुक्ल, दुबे, |

| संख्या | गोत्र | प्रवर | आस्पद |
|---|---|---|---|
| २७ | बाल्मीक | वाल्मीक, यस्क, याज्ञवल्क्य, | मिश्र, दुबे, |
| २८ | वामदेव | वामदेव, गोतम, मध्यायन, | पांडे, |
| २९ | विश्वामित्र | विश्वामित्र, अङ्गिरस, शौनकेन, | चौबे, त्रिगुणायत, |
| ३० | विष्णुवर्धन | विष्णुवर्धन कुत्स, त्रसदस्य, पुरोहित, अङ्गिरस, | शुक्ल, |
| ३१ | वैहल | वैहल, असित, वाशल, | पाठक, |
| ३२ | भद्रशील | भद्रशील वाशल, भारद्वाज, | दुबे, |
| ३३ | भागीर | भागीर, भ्रुवनैन, इन्द्रोदर, | तिवारी, |
| ३४ | भार्गव | भार्गव, च्यवन, अत्यवान और्वे, यमदग्नि, | शुक्ल, पांडे, दुबे, पाठक, |
| ३५ | मुद्गल | मुद्गल, गौतम, अत्रि, वार्हस्पत्य, भारद्वाज, | दुबे, |
| ३६ | मैत्रेयतृण | मैत्रेयतृण, मित्रावरुण, पराशर, | मिश्र, |
| ३७ | मौनस | मौनस, भार्गव, वैतहव्य, | पांडे, शुक्ल, दुबे, |
| ३८ | मौकल्य | मौकल्य, अङ्गिरस, वार्हस्पत्य, | चौबे, |
| ३९ | यमदग्नि | यमदग्नि, भार्गव, च्यवन, अत्यवान, और्वे, | चौबे, |
| ४० | याज्ञवल्क्य | याज्ञवल्क्य लोमस, अगस्त्य, | शुक्ल, |
| ४१ | लोमस | लोमस, मरीच, पुलस्त्य, | पाठक, |

| संख्या | गोत्र | प्रवर | आस्पद |
|---|---|---|---|
| ४२ | शारद्वत | शारद्वत, अङ्गिरस, गौतम, | मिश्र, |
| ४३ | शक्तिसार | शक्तिसार, अघमर्षण, नितुंदु, | अग्निहोत्री, |
| ४४ | शौनकेत | शौनकेत, सावर्ण्य, भार्गव, | मिश्र, दुबे, |
| ४५ | सिंहल | सिंहल, मधुछन्दस, लौहित, | मिश्र, |
| ४६ | सावर्ण्य | सावर्ण्य, पौलस्त्य, पुरोहित, | तिवारी शुक्ल पाठक, |
| ४७ | कौडिन्य | कौडिन्य, वशिष्ठ, मित्रावरुण, | मिश्र, तिवारी, |
| ४८ | लौहित | लौहित, अश्वसार, कौडिन्य, | इन गोत्रों के आस्पद प्राप्त नहीं हुए । |
| ४९ | यास्क | यास्क, भार्गव, शारद्वत, | |
| ५० | देवराज | देवराज, विष्णुवर्धन, रैस्त, | |
| ५१ | दाल्भ्य | दाल्भ्य, अङ्गिरस, वार्हस्पत्य, | |
| ५२ | वाभ्रव्य | वाभ्रव्य, विश्वामित्र, अत्यवान, | |
| ५३ | वैतहव्य | वैतहव्य, भार्गव, पार्थस्य, | |
| ५४ | मरीचि | मरीचि, कात्यायन, वशिष्ठ, | |
| ५५ | मिहरस | मिहरस, काश्यप, कौशिक, | |
| ५६ | मित्रयुव | मित्रयुव, भार्गव, दैवल. | |

## कान्यकुब्ज वंशभूषण श्रीस्वामी विशुद्धानन्द जी सरस्वती।

—※—

मुम्बई प्रान्त में कल्याण नामक नगरी में पण्डित मङ्गललाल जी और श्रीमती यमुनादेवी जी से आप का जन्म सन् १८०५ में हुआ। आप के बाल्यकाल में ही एक ज्योतिषी ने कहा था कि यह संन्यासी होगा। आप तृतीय पुत्र थे। आप का जन्म नाम वन्शीधर था। ५ वर्ष से आप की प्रारम्भिक शिक्षा भट्ट जी से हुई। फिर आप काशी में आकर गौड़ स्वामी के शिष्य हुवे यहीं आप का नाम विशुद्धानन्द हुआ। गौड़ स्वामी के सं० १८५७ में स्वर्गवास के अनन्तर उस गद्दी को आपने सुशोभित किया। आप का स्वा० दयानन्द जी के साथ शास्त्रार्थ हुआ था। आप अलौकिक प्रतिभा पुरुष थे। आपने ९३ वर्ष की आयु भोग कर सन् १८९४ में शरीर त्याग दिया।

---

## कान्यकुब्ज वंशभूषण श्रीयुत पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी।

——:※:——

रायबरेली प्रान्त के दौलतपुर ग्राम में श्रीमान् पण्डित रामसहाय जी शर्मा बड़े विद्वान् और भगवद्भक्त थे आप को महावीर का इष्ट था। आप के पुत्ररत्न सम्वत् १९२१ वैशाख शुक्ल ४ को उत्पन्न हुवे। आप का नामकरण भी अपने इष्टदेव के नाम से ही 'महावीर प्रसाद' किया। जातकर्म से प्रथम पं० सूर्यप्रसाद जी ने सारस्वती का बीजमन्त्र इन की जिह्वा पर लिखा। गांव के स्कूल में ही आप की प्रारम्भिक शिक्षा हुई। घर पर आप संस्कृत के ग्रन्थ पढ़ने गये। फिर आप रायबरेली के हाईस्कूल में पढ़ने लगे पर दूर होने के कारण पुरवा गांव के स्कूल में दाखिल हुए।

थोड़े दिन में उस के टूट जाने पर आप फतेहपुर में पढ़ने लगे फिर उन्नाव में गये। उन्नाव से मुम्बई में पिता के पास जाकर मराठी और गुजराती पढ़ते रहे। वहां से आकर रेलवे में नौकरी की वहां से नागपुर और नागपुर से अजमेर लोकोचकशाप में नौकरी की यहां से १ वर्ष के पश्चात् मुम्बई चले गये। यहाँ तार का कार्य सीख कर सिगनैलर हुवे। हर्दा, खण्डवा, होशंगाबाद, इटारसी में ५ वर्ष तक कार्य करते रहे। फिर झांसी में हेड टेली-ग्राफ इन्सपेक्टर हुवे। फिर यहां से ट्रैफिकमेनेजर के यहाँ बदल गये और वहां से मुम्बई में फिर आपने झांसी बदली कराली यहां आकर बंगला भी पढ़ते रहे। फिर आप नौकरी छोड़ हिन्दी की सेवा में लगे। आप सरस्वती के सम्पादक हैं। आपने कई उत्तमोत्तम ग्रन्थ हिन्दी में लिखे हैं।

---

## बङ्गीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण।

## इन के बेङ्गाल में २ भेद हैं १ वारेन्द्र २ राढीय।

१ वारेन्द्र ब्राह्मण।

८ कुलीन, १ मैत्र, २ भीम वा काली, ३ रुद्रवागीशी, ४ सङ्गमिनी वा शाण्ड्याल, ५ लाहिड़ी, ६ भडुरी, ७ साधुवागीशी, ८ भद्र।

८ श्रोत्रिय–इन के नाम पूर्व गोत्र प्रकरण में लिख आये हैं।

१ राढीय ब्राह्मण—

६ कुलीन–मुखती, बुलगुरी, मुकुर्जी १ गङ्गोली २ काजेलता ३ घोषाल ४ वन्द्यगति बुलगरी, बनर्जी ५ चाटति, मुलगरी चटर्जी (चट्टोपाध्याय)।

५० श्रोत्रिय हैं—इन के नाम विस्तार भय से नहीं लिखे।

३ पाश्चात्य वैदिक ४ दाक्षिणात्य वैदिक यह २ भेद और हैं।

इन के अतिरिक्त बङ्ग में अन्य भी ब्राह्मण हैं, वे बङ्गाली ब्राह्मण नाम से ही सम्बोधित होते हैं।

---

आचार्य्य सत्यव्रत सामश्रमीजी ।

इंडियन प्रेस, प्रयाग ।

# श्रीयुत आचार्य सत्यव्रत सामश्रमी ।

—:*:*—

काश्यप ऋषि के वन्श में चट्टोपाध्याय आवसथोपनामक श्रीरामकान्त विद्यालङ्कार बड़े विद्वान् पुरुष थे, आप कलकत्ते में सुप्रीमकोर्ट के जज थे. आप जमींदार और सम्पत्तिशाली थे। आपके पुत्र श्री० प० रामदास वाचस्पति हुवे इन्हों ने भी गवर्नमेण्ट को अनेक कार्यों से अच्छे २ पदों पर प्रतिष्ठित रहकर प्रसन्न किया था। प० रामदास जी के सम्वत् १८८८ वि० ज्येष्ठ शुक्ला ४ चतुर्थी को पटने में सरस्वती ने साक्षात् पुत्र रूप में अवतार लिया। आपने अपने पुत्र का नाम कालिदास रखा। जब यह ४–५ वर्ष के हुवे तब भ्रमणार्थ अपने उद्यान में गये वहां एक पुष्प को तोड़ लिया। घर आने पर उस पुष्प को देख कर नौकर पर इनके पिता बहुत क्रुद्ध हुवे परन्तु इन्हों ने सत्य न छिपाया और अपना अपराध कह कर पिता जी को शान्त किया। तब से इनके पिता जी ने कालिदास से इनका नाम सत्यव्रत रक्खा। कुछ काल से बङ्ग में वेद का पठन पाठन प्रायः उठ सा गया था। बाबू देवेन्द्रनाथ ठाकुर और वर्द्धमान के महाराजा ने भी वेद पढ़ाने के लिये यत्न किये, पर काशी निवासियों ने न पढ़ाया। परन्तु पं० रामदास जी ने इनको वेद पढ़ाना ही उचित समझा। विद्यारम्भ ५ वें वर्ष में हुआ। आप की प्रारम्भिक शिक्षा मथुरानाथ शिरोमणि द्वारा हुई। पटने से बदल कर पं० रामदास जी काशी आये, सत्यव्रत जी भी साथ ही आये। उस समय ७ वर्ष की अवस्था थी। ८ वर्ष की आयु में साहित्य, गणित और भूगोल की छात्रवृत्ति परीक्षा समाप्त की। अमरकोष चाणक्यनीति भी हो गये। इसी वर्ष यज्ञोपवीत संस्कार हुवा। अहल्याबाई घाट पर गौड़ स्वामी के पास सिद्धान्त कौमुदी पढ़ते थे ७॥ वर्ष की

अवस्था में समाप्त कर ली। पं० नन्दराम जी त्रिपाठी गुर्जर से सामवेद पढ़ना आरम्भ किया, मनोरमा और शेखर कारकान्त १०॥ वर्ष की आयु में समाप्त हो गये। महाभाष्य वैयाकरण-भूषण, शक्तिवाद मञ्जूषा, साहित्य, पुराण यह १३ से १६ वर्ष तक समाप्त किये। १६ से २० वर्ष तक ६ हों नास्तिक और आस्तिक दर्शन पढ़े। २० वें से २३ तक वेदभाष्य पढ़ कर पाठ-शाला जाना बन्द किया। फिर देशाटन करने को निकले, राज-स्थान में परिभ्रमण किया। जयपुर में बहुत सत्कार हुआ। २० वर्ष की अवस्था में इन्होंने बूंदी जाकर परीक्षा दी, वहाँ से उत्तीर्ण होकर 'सामश्रमी' उपाधि मिली थी। २४ वें वर्ष में उत्तर की यात्रा पैदल ही की। जौनपुर, नैमिषारण्य, गंङ्गोत्तरी होते हुवे बद्रीकाश्रम गये। लौटती बार चण्डी पहाड, रुड़की, कुरुक्षेत्र, दिल्ली, विन्ध्याचल, अनुसूयाश्रम, अत्रेयाश्रम, अमरकुण्ड होते हुवे काशी आगये। जब हरिद्वार पहुंचे थे तो उस समय कुम्भ का मेला था। काश्मीर के महाराज रणवीरसिंह जी ने सभा की थी, ५०० पण्डित एकत्रित थे। सभा का विषय था गोसांई सन्यासी हैं वा नहीं वहाँ शास्त्रार्थ हुवा। सामश्रमी जी का पक्ष था, कि सन्यासी नहीं, वेदों जान हुई। बाद में गोसांइयों के पंजे से बड़े यत्न से बचे। तब से काश्मीर महाराज इनकी अप्रतिम प्रतिभा देख कर बड़े प्रसन्न हुवे, और आदर करने लगे।

एक बार फिर उत्तर की यात्रा प्रारम्भ की। २ विद्यार्थी साथ थे सतस्तोत्र, रम्भासगम, वीरभद्र आदि स्थानों को देखते हुवे हृषिकेश पहुंचे। यहाँ एक अति वृद्ध सन्यासी का पता लगा जो कहीं रम्यस्थान में गुफा में रहते थे संस्कृत बोलते थे। इनकी कृपा से सामश्रमी जी को बड़ा गूढ़ रहस्यों का पता लगा। यात्रा से आकर काशी में प्रत्नकम्रनन्दिनी' नामिक संस्कृत पत्र निकाला।

और काशीराज के पण्डित होगये। 'प्रत्नकम्रनन्दिनी' द्वारा इन का यश देश में फैलने लगा। डा० राजेन्द्रलाल मित्र L. L. D. ने एसियाटिक सोसाइटी मे इन को लगा दिया प्रथम ही सामवेद का सम्पादन किया। सन् १८६६ नवम्बर में जब स्वा० दयानन्द जी का शास्त्रार्थ हुवा था तब ये ही मध्यस्थ नियत हुवे थे।

सन् १८६६ में रा० प्रसन्न विद्यारत्न ने अपने पुत्र पं० मथुरानाथ भट्टरत्न की कन्या से इन का विवाह किया सामश्रमी जी बालविवाह के विरोधी थे। सन् १८७३ में बहुविवाह के यह विचारकर्ता बने थे। श्री० पं० ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने बहुविवाह को शास्त्र विरुद्ध सिद्ध करके सर्कार में प्रस्तुत किया था कि कानून उठा दिया जावे। परन्तु इन के परामर्श से रुक न सका।

इसी प्रकार महाराज रीवां ने भी चक्राङ्कित विचार में इन को बुलाया श्रीरङ्गाचार्य और हरिश्चन्द्र जी के साथ शास्त्रार्थ हुवा अन्त में इनका किया विचार ही मान्य हुवा। सामश्रमी एसीयाटिक सोसाइटी, के सभासद् थे। पश्चात् यूनिवर्सिटी की शास्त्री परीक्षा के परीक्षक कई वर्ष रहे, कलकत्ता की दर्शन और वेद परीक्षाओं के भी यह परीक्षक थे।

सं० १८८९ में सामश्रमी जी ने एक 'उषा' पत्र निकाला था। यह १ कालम संस्कृत और १ कालम बङ्गला में निकलता था कोई ३ वर्ष निकला वार्षिक मूल्य १२) था सामयिक प्रबन्ध निकते थे इसके सिवाय इसमें छोटे मोटे कोई ३० ग्रन्थों के लगभग निकले थे। सामश्रमी ने यों तो कोई ७०-८० ग्रन्थों को शुद्ध करके मुद्रण किया था पर ऐतरेयालोचन १ निरुक्तालोचन २ त्रयीसंग्रह ३ त्रयीपरिचय ४ त्रयीटीका ५ और उषा में के कुछ निबन्ध यह उन के स्वतन्त्र प्रबन्ध हैं, प्रौढ़ पाण्डित्य पूर्वक लिखे गये हैं। १ बौद्ध धर्म ग्रन्थ कारण्डव्यूह का भी आपने मुद्रण कराया था।

पण्डित जी का धर्म वैदिक था। परन्तु अन्य मतावलम्बियों के रहस्य जानने के लिये इन्हों ने नास्तिक, वैष्णव, ब्राह्मसमाज, थियासोफिष्ट में समय २ पर जाकर उनकी सब बातें जानीं।

उद्योगशील ऐसे थे कि एक बार एक नाटक में भी अभिनय किया था। ३ घण्टे से अधिक कभी न सोते थे। हमें भी आप की चरण सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपकी कृपा दृष्टि हम पर विशेष थी जो कुछ भी मैंने वेद में अक्षर जाने हैं यह आपके आशीर्वाद का फल है। सन् १९११ के मई मास में आपके स्वर्गवास होजाने कारण जो मुझे हार्दिक दुःख पहुंचा वह अवर्णनीय है। आपके पुत्र पं० शिवव्रत शर्मा और पं० हितव्रत जी शर्मा विद्वान् और योग्य व्यक्ति हैं।

---

## श्रीमती सरला देवी बी० ए०।

आप बङ्गाली ब्राह्मण वन्श की दीपिका हैं। आपकी बढ़ी चढ़ी योग्यता के विषय में हम क्या लिखें। श्रीमती ने पञ्जाब के प० रामभजदत्त जी से विवाह किया है। आप से देश को बड़ा उपकार पहुंचा है। आपका विस्तृत जीवन समय पर न आसकने के कारण नहीं छप सका।

---

## भट्टाचार्य वंश प्रदीपिका श्रीमती हेमन्तकुमारी देवी भट्टाचार्य्य।

पं० उमेशचन्द्र चौधरी चानकारा नामक बङ्गाल के स्थान निवासी लखनऊ में रेल्वे के आडिट विभाग में कार्य करते हैं। आप के सन् १८८६ के मई मास में कन्या रत्न उत्पन्न हुई। आप का नामकरण हेमन्तकुमारी किया। प्रारम्भिक शिक्षा कन्यापाठशाला में हुई। आप सम्पूर्ण शिल्पकला में कुशल तथा विदुषी हैं। आप का विवाह १८९९ में जानग्राम (बङ्गाल) के पं० मार्कण्डेय प्रसाद भट्टाचार्य से हुवा। आप नित्य ही पढ़ने लिखने में अपना समय बिताती हैं। आपने कई ग्रन्थ हिन्दी में लिखे हैं।

---

श्रीमती हेमन्तकुमारी देवी ( भट्टाचार्य )।

इंडियन प्रेस, प्रयाग।

## डा० हरिनाथ मुकर्जी।

कलिकाता अभिजन निवासी श्रीयुत डा० हरिनाथ मुकर्जी (अम्बाला) निवासी बड़े ही अनुभवी विचारशील और विद्वान् व्यक्ति हैं। आयुर्वेद के इतिहास में आप एक नई बात उत्पन्न करने वाले हैं। आप के अनुभव से सैकड़ों पुरुष स्वास्थ्य लाभ करते हैं। आप का चित्र व चरित्र समय पर न मिलने के कारण हम न दे सके।

---

## महामहोपाध्याय पं० महेशचन्द्र न्यायरत्न C. I. E.

हवड़ा जिले में 'नारीट' गांव में भट्टाचार्य वंश के कुलीन ब्राह्मण हरिनारायण तर्कसिद्धान्त रहते थे। यह संस्कृत के अच्छे विद्वान् थे। इन के ता० २२ फर्वरी सन् १८३६ में पुत्ररत्न उत्पन्न हुवा। आप का नामकरण महेशचन्द्र किया गया। यह बड़े खिलारी थे। ८ वर्ष तक कुछ न पढ़ा। ९ वें वर्ष से अध्ययन प्रारम्भ हुवा। ११वें तक घर ही में पढ़ते रहे। मेदिनीपुर जिले के रसिकगञ्ज गांव के ठाकुरदास चूड़ामणि के पास व्याकरण पढ़ने लगे। फिर १८५२ ई० में आपने संस्कृत कालेज कलकत्ता में पढ़ने लगे। परमहंस ज्योतिस्वरूप से वेदान्त और पं० कालीनाथ से ज्योतिष कलकत्ते में पढ़ी। फिर १८६१ में काशी चले आये और भिन्न २ पण्डितों के पास पढ़ कर सन् १८६३ में काशी से कलकत्ते चले आये। यहाँ पर इन्हों ने महाराज कमलकृष्ण की सहायता से एक पाठशाला स्थापित की। इसी समय संस्कृत कालेज के प्रिन्सिपल मि० ई० वी० कावेल थे इन को ये दर्शन-शास्त्र पढ़ाते रहे। फिर वहीं प्रोफैसर हो गये। सन् १८७६ में इन्हों ने बंगाल के स्कूलों में कावेल साहब के साथ परिभ्रमण किया। सन् १८७७ में यह इसी कालिज के प्रिन्सिपल हुवे। १८८७ में गवर्मेण्ट ने इन्हें C. I. E. की उपाधि से विभूषित किया।

सन् १८८७ ई० लार्ड डफरिन के समय में इन के प्रस्ताव और उद्योग से पण्डितों को महामहोपाध्याय और मौलवियों को शमस् उल् उल्मा की उपाधि सरकार देने लगी । प्रथम २ इन को ही सरकार ने महामहोपाध्याय की पदवी से विभूषित किया ।

अपने गाँव में इन्हीं ने एक हाईस्कूल खुलवाया । तुलसी-धारण मीमांसा, लुप्त संवत्सर-मीमांसा, कुसुमाञ्जली टीका, काव्यप्रकाश टीका, मीमांसादर्शन और तैत्तरीय संहिता की टीकायें लिखी थीं । पिछले २ पुस्तक एसोसियाटिक सोसाइटी ने प्रकाशित किये । आप ने और पुस्तकें बनाई हैं । फर्वरी १८६५ से पेंशिन मिलना प्रारम्भ हुवा था । खेद है ऐसे विद्वान् का ता० ११ अप्रैल १८६५ को स्वर्गवास हो गया ।

—:०:—

## श्रीयुत पण्डित हृषीकेश जी शास्त्री भट्टाचार्य ।

—:०:—

कलकत्ते के पार्श्ववर्त्ती भाटपाड़ा नामक ग्राम में शिरोमणि वन्श में पण्डित अनन्तचन्द्र जी प्रतिष्ठित विद्वान् थे । इनके श्रीमधुसूदन शर्मा स्मृतिरत्न पुत्र हुवे । मधुसूदन जी के शकाब्द १७९२ ज्येष्ठ १० को श्री०-पं० हृषीकेश जी का जन्म हुवा । आप के चचा का नाम यादवचन्द्र न्यायरत्न था । ५-वें वर्ष से आप की शिक्षा प्रारम्भ हुई । आप थोड़े ही वर्षों में अच्छी योग्यता दिखाने लगे । संस्कृत के साथ ही आपने इङ्गलिश का भी पढ़ना प्रारम्भ किया । सन् १८७२ में आप अपने इङ्गलिश अध्यापक के साथ पञ्जाब चले आये । लाहौर में बाबू नवीनचन्द्र राय से मिले, आपने विशारद परीक्षा उनके आग्रह से १ दिन में ही दी । पश्चात् बाबू जी के आदेशानुसार आपने ५५) मासिक पर सम्पादकी करली । तब से 'विद्योदय' निकालने लगे । पञ्जाब यूनिवर्सिटी से आप को ७२) छात्रवृत्ति मिलने लगी । १८७३ में प्रथम बार आप ही शास्त्री परीक्षोत्तीर्ण हुवे । इस उपलक्ष्य में २००) पुरस्कार और ३२) मासिक वृत्ति एफ० ए० के लिये मिलने लगी ।

श्रीपण्डित हृषीकेश भट्टाचार्य्य शास्त्री ।

इंडियन प्रेस, प्रयाग ।

पर परीक्षोत्तीर्ण न हुवे। अनन्तर ओरियण्टल कालिज में नौकर हो गये, १० वर्ष तक वहां रहे। फिर आपने पिता जी की आज्ञानुसार नौकरी त्याग कर घर चले आये। आने समय प्रिंसिपलने २००) पुरस्कार दिया। प्रिंसिपल साहेब विलायत चले गये, वहां से भी २५) मासिक 'विद्योदय' के लिये भेजते रहे। शास्त्री जी ने हिन्दी के कई ग्रन्थ लिखे हैं। 'विद्योदय' बराबर चलाते रहे। अब आपके पुत्र श्रीभवभूति शर्मा चला रहे हैं। खेद है, पं० जी का ७ दिसम्बर सन् १६१३ को देहान्त हो गया।

---

## श्रीयुत तारानाथ तर्कवाचस्पति।

पूर्व बङ्गाल में बारिशाल जिले के वैचण्डी ग्राम में तर्कसिद्धान्त रामराम नामक महा पण्डित रहते थे। आप के पूर्वज यशोहर जिले के सारल ग्राम में रहते थे। आप के कुटुम्ब में विद्या वन्शपरम्परागत चली आती थी। तर्कसिद्धान्त जी ने सन् १८०० में एक मन्दिर काशी मे भी बनाया था। आप १२०० विद्यार्थियों को नित्य पढ़ाया करते थे। आप के दुर्गादास और कालिदास दो पुत्र हुवे। कालिदास बड़े विद्वान् थे। हलधर पाठक की कन्या महेश्वरी से आप का विवाह हुवा। सन् १८१२ में आप के पुत्ररत्न तारानाथ उत्पन्न हुवे। ५ वें वर्ष से आप की शिक्षा प्रारम्भ हुई। सन् १८३० में प० रामकमल सेन से अलङ्कार श्रेणी में, सन् १८३१ नेमिचन्द्र शिरोमणि से न्यायश्रेणी में, सन् १८३६ में लाव परीक्षा में पढ़ने लगे। इसी बीच में आपने अपने गुरु की आज्ञा से महाभारत का संशोधन एसियाटिक सोसाइटी के लिये किया। अनन्तर जुलाहों से कपड़े बनवा २ कर कलकत्ता में वेचने लगे। १००० बीघे पृथ्वी खरीद कर कृषिकर्म कराया, और दुग्ध मक्खन की भी दूकान कलिकाता में खोली। इन की आय से आप विद्यार्थियों को पढ़ाते रहे। आपने एक धान कूटने की मैशीन भी ग्राम में लगाई थी। कलकत्ता से एक और एक

लक्ष रुपये के दुशाले आपने खरीद लिये, पश्चात् वह कीड़ों ने खा लिये। इस से आप पर एक लक्ष का ऋण भी हो गया था। आप विदाई आदि कहीं से न लेते थे। इसी बीच में आपने वेथुन साहिब के परामर्श से संस्कृत पुस्तकों का प्रकाशन प्रारम्भ किया, इस से ऋणमुक्त होगये। पुस्तकों की आमदनी से ही पाठशाला का कार्य चलता था। सन् १८४५ में आपने विद्यासागर ईश्वरचन्द्र जी के परामर्श से संस्कृत पाठशाला में नौकरी की। आप समाज संशोधक भी थे। वेथुन साहिब ने एक १८५१ में पुत्री-पाठशाला खोली, इस में आपने अपनी पुत्री ज्ञानदादेवी को अध्यापनार्थ लगा दिया। सन् १८५४ में ईश्वरचन्द्र विद्यासागरने विधवा-विवाह को कानून द्वारा पास कराना चाहा, तब तर्कवाचस्पति ने बड़ा साथ दिया। पर विद्यासागर के द्वितीय बहुविवाह के प्रस्ताव कि जब वह कानून द्वारा बहुविवाह को उठा देना चाहते थे, आपने विरोध किया था आपने उच्छिन्न प्रायः अनेक संस्कृत ग्रन्थ प्रकाशित किये। सिद्धान्तकौमुदी की सरला वृत्ति से आप की ख्याति खूब हुई, सरकार ने भी सहायता दी सन् १८७३ से वाचस्पति कोष निकालना प्रारम्भ कर १८८४ समाप्त किया। यह बृहदभिधान ३२ खण्ड में समाप्त हुआ। सरकार ने और देशी रियासतों ने इस के प्रकाशन में अच्छी सहायता दी। ८० सहस्र रुपये इस पर लागत आये।

आपने जयपुर में शास्त्रार्थ किया। पाक कार्य में भी आप की बड़ी शक्ति थी १ लक्ष ब्राह्मणों के भोजन का प्रबन्ध आपने एकाकी किया। आपकी वक्तृता शक्ति भी बड़ी अद्भुत थी। एक बार एक विद्वान् को आपने १००० रु० देकर ऋणमुक्त कराया। एक पण्डित के ५०८० रु० आपके पास रक्खे थे उनके पश्चात् उन के पुत्र को आपने युवा होने पर सौंप दिये थे। आप ज्योतिषी भी अपूर्व थे। आपके २ विवाह हुवे २ री स्त्री से आपके पुत्र जीवानन्द विद्यासागर सन् १८४३ में हुवे। इन्होंने B. A. परीक्षा उत्तीर्ण करी यह भी पिता अनुरूप ही हुवे इन्हों ने भी संस्कृत-साहित्य के अनेक ग्रन्थ प्रकाशित किये अब तक पिता पुत्रों के प्रकाशित ग्रन्थों की संख्या २५२ है। श्रीमान् जीवानन्द विद्यासागर के सन् १८७७ में श्रीमान् नित्यबोध और सन् १८६६ में

श्रीयुत आशुबोध बड़े पण्डित उत्पन्न हुवे । आप भी अपने वन्शा-क्रमागत बड़े विद्वान् एवं ज्ञानशील हैं हमें खेद है कि आपके चरित्र व चित्र हमको न मिल सके । सन् १८८५ में तर्कवाचस्पति काशी आये और वहीं सन् १८९५, आषाढ़ ७ में आपने इस असार संसार को त्याग दिया

---

## श्रीयुत पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, सी० आई० ई०

मेदनीपुर जिले में वीरसिंह नामक ग्राम में पं० ठाकुरदास बन्द्योपाध्याय के इन नर-रत्न का जन्म २६ सितम्बर सन् १८२० दो पहर के समय हुवा ! आप की माता का नाम भगवती देवी था । इस से प्रथम ही आप के पितामह रामजय तर्कभूषण तीर्थ यात्रा करने को चलेगये थे । तब विद्यासागर की दादी अपने दो पुत्र और चार कन्याओं को सूत कातने की आमदनी से पोषण करने लगी । इस दुःख से ठाकुरदास नौकरी की तलाश में १४ वर्ष की अवस्था में कलकत्ता आये । अनेक कष्ट सहते हुवे इन्होंने अपनी माता के पास ५) रुपये भेजने प्रारम्भ किये थे । विद्यासागर की प्रारम्भिक शिक्षा ५ वें वर्ष से ग्राम में ही हुई । सन् १८२९ में इन के पिता कलकत्ते में ले आये, और संस्कृत कालेज में प्रवेश हुवे । व्याकरण श्रेणी में ६ मास पढ़कर उत्तीर्ण हो ५) छात्रवृत्ति पाने लगे । अंग्रेजी विभाग में भी पढ़ने लगे । रात को केवल दो घण्टे सोते थे । १५ वें वर्ष में अलङ्कार श्रेणी में उत्तीर्ण हो कर ८) छात्रवृत्ति पाने लगे । इसी बीच में भोजन बनाना आदि कार्य भी यही करते थे ।

सन् १८३७ में स्मृति श्रेणी में पास हुवे तब इन को त्रिपुरा जिले में जज होने की आज्ञा मिली पर पिता के आग्रह से न गये । फिर दर्शन शास्त्र पढ़ कर, सन् १८४१, १० दिसम्बर को कालेज जाना बन्द किया । आप ५०) मासिक पर फोर्टविलियम कालिज में अध्यापक हुवे । वासुदेवचरित, वर्णपरिचय, कथामाला, बो-

धोदय, चरितावली, आख्यानमञ्जरी, शकुन्तला, ऋजुपाठ आदि पुस्तकें आपने लिखीं। "संस्कृतप्रेस" नाम का १ प्रेस भी खोला। सन् १८४६ में संस्कृत कालेज के सहकारी मन्त्री हुवे। सन् १८५१ में संस्कृत कालेज के प्रिन्सिपल १५०) रु०. पर नियत हुवे। सन् १८५३ में उन्हों ने अपने ग्राम में १ पाठशाला खोली। इसी बीच में असिस्टेन्ट इन्स्पेक्टर आफ स्कूल्स भी ५००) रुपये के हुवे। सन् १८५४ में आपने विधवा विवाह का कानून द्वारा जारी कराया था। इन्हों ने अपने पुत्र का विवाह भी विधवा से कर दिया। सन् १८५५ में कलकत्ता यूनिवर्सिटी के फैलो चुने गये। सन्१८५६में आप स्कूलों के डायरेक्टर बने थे। सन्१८८०में गवर्नमेंट ने इन्हें सी. आई. ई. के पद से सम्मानित किया। आपके दीन पालन, सादा आचरण आदि अनेक गुण हैं जो यहाँ स्थानाभाव से नहीं दिये जाते। खेद है इन भारतरत्न का सन् १८७१ ई० श्रावण १२ को परलोकवास हुवा।

---

## महामहोपाध्याय डाक्टर सतीशचन्द्र विद्याभूषण एम. ए., पी० एच. डी.।

आप बड़े भारी विद्वान् हैं। आपकी योग्यता सर्वत्र प्रसिद्ध है। आप गवर्नमेण्ट कालिज कलकत्ते में सम्प्रति प्रिंसिपल हैं। आपने न्याय शास्त्र का इतिहास लिख कर संस्कृतसाहित्य का बड़ा उपकार किया।

पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, C. I. E.

# श्रीमती सत्यबाला देवी जी।

—:※:—

बङ्गाल में कलकत्ते से अनुमान पांच मील पर बैलूड़ नाम का एक छोटा सा ग्राम है। उसी ग्राम में सन् १८८६ ईसवी में एक कुलीन ब्राह्मण वन्श में श्रीमती जी का जन्म हुआ। आपके वन्शज कश्यप गोत्री और राढ़ी श्रेणी के ब्राह्मण कहलाते हैं। आप के पिता शरदचन्द्र बड़े सरल और उदार प्रकृति के पुरुष थे। आप की माता बड़ी सच्चरित्रा और सीधे साधे स्वभाव की स्त्री हैं।

यह बड़े ईश्वर भक्त थे, और कभी २ अपने घर में भक्तिरस के भजन आदि गाने का भी इन्हें चाव था। जब यह भजन गाया करते थे तब बालिका सत्यबाला भी बड़े आनन्द और प्रेम से उन्हें सुनती रहती थी। बचपन से ही अपने पिता के घर में ईश्वरभक्ति के भजन सुनते सुनते बालिका सत्यबाला के मन में भी सगीत विद्या सीखने की इच्छा उत्पन्न होने लगी, किन्तु उस समय वह पूर्णरूप से पूरी न हो सकी क्योंकि इनके पिता ने इन को बैलूड़ के एक छोटे से स्कूल में पढ़ने के लिये भेज दिया और उसके दो बर्ष बाद कलकत्ते के बेथुन कालेज में भरती करा दिया। इस कालिज में इन्हों ने इन्ट्रेन्स तक शिक्षा पाई भाग्य से इनके पिता को प्लेग की बीमारी ने आ घेरा, और कई कारणों से इनका कालेज जाना बन्द होगया।

जब इनके पिता प्लेग से छुटकारा पाकर अच्छे हुए तब उनको यह चिन्ता उत्पन्न हुई कि किसी प्रकार अब लड़की का विवाह जल्दी कर देना चाहिये।

इसी इच्छा को लेकर वे योग्य वर की तलाश में इधर उधर घूमने लगे। घूमते २ डाक्टर देसाई जी से इनका समागम हुआ, यह इनके पुराने मित्र थे। इनसे अपनी लड़की के विवाह सम्बन्धी सब हाल कह कर इस सम्बन्ध मे इनसे भी प्रार्थना की। डाक्टर देसाई जी ने इनकी प्रार्थना स्वीकार करली। सन् १६०५ में

डाक्टर देसाई जी के साथ सत्यवाला जी का विवाह होगया । डाक्टर देसाई जी गुजरात प्रान्त के उच्च कुल के ब्राह्मण हैं ।

जब डाक्टर देसाई जी के साथ आपका विवाह होगया तब संगीत सीखने की पुरानी इच्छा आपके मन में फिर जागृत हो उठी और डाक्टर साहेब से उसके सीखने के लिये प्रार्थना की । डाक्टर देसाई जी संगीत विद्या के अच्छे जानकार हैं इस कारण उन्हों ने बड़े २ गवैयों को अपने घर में बुला कर और उन को सैकड़ों रुपये तनखा देकर इस इच्छा की पूर्ति करने में पूरा प्रयत्न किया और वह सफल भी हुआ । अपने पति की कृपा से संगीत सीखने का मनोरथ जब सफल होगया तब इनकी यह इच्छा हुई कि विलायत जाकर वहां वालों को भारतवर्ष के संगीत का गौरव दिखाना चाहिये । इसी विचार को लेकर सन् १९०६ में अपने पति के साथ रंगून, सिंगापुर और जापान होते हुये अमेरिका में गईं । और वहां जाकर उन लोगों को अपने हिन्दुस्तानी संगीत से ऐसा मोहित किया कि उनको एक स्वर से भारतीय संगीत की प्रशंसा करनी पड़ी और अपने देश के समाचार पत्रों में इस विषय की धूम मचा दी । अमेरिका में जाकर इनके विचारों ने भारतीय संगीत विद्या की श्रेष्ठता सिद्ध की फिर यहां से आकर अपने देश की स्त्रियों की दुर्दशा देख कर इनको दुःख होने लगा । और उसको शिक्षित बनाने के लिये नाना प्रकार के संकल्प विकल्प इनके मन में उठने लगे ।

अन्त में अपने पति की सलाह से एक कन्या विद्यालय स्थापित करना निश्चय किया । और अपने पति ही की सहायता से ज्वालापुर में सन् १९१८ में स्थापित कर दिया । इसका प्रारम्भिक मुहुर्त भी कर दिया और कुछ लड़कियां भी बाहर से पढ़ने के लिये आने लगी हैं, आशा है कि यह विद्यालय जल्द ही श्रीमती जी की आन्तरिक इच्छा को पूरी करेगा ।

---

श्रीमती सत्यवाला देवी, गायनाचार्या.

सद्धर्मप्रचारक प्रेस, देहली.

## (अ) कान्यकुब्जों का १ भेद सर्यूपारी ब्राह्मण।

सर्यूनदी अवध में है। सर्यूनदी से पार बसने वाले सर्यूपारी कहलाये। कहते हैं, श्रीरामचन्द्र जी ने जब महायज्ञ किया था, तब उन्होंने ब्राह्मणों को ग्राम दिये थे, उन में सर्यूनदी के पार के ग्राम जिनको दिये, वह सर्यूपारी कहलाये। इस विषय में बद्रुकप्रसाद जी ने जो लिखा है कि सारव नाम स्थल में प्रथम ब्राह्मण हुवे, वहाँ से अन्यत्र गये, सो सब सारवाचारीण (सर्यूपारीण) हैं। यह लेख मिथ्या सिद्ध हो चुका। हमने पहिले अध्यायों में ब्रह्मावर्त देश ब्राह्मणों की जन्मभूमि प्रमाणों सहित प्रतिपादन कर दिया है। Rev. M. A. Sherring साहिब ने भी सर्यूपारियों को कान्यकुब्जों का भेद माना है। यह ब्राह्मण अवध में और पू० पां० बुन्देलखण्ड में विशेषतया हैं।

इनके गोत्रादि इस प्रकार हैं:—

| | गोत्र। | आस्पद, ग्राम। |
|---|---|---|
| १ | भारद्वाज— | दूबे, वृहद्ग्राम |
| २ | वशिष्ठ— | |
| ३ | वत्स— | मिश्र, पैयासी, दूबे, समदारी |
| ४ | काश्यप— | पांडे, माला |
| ५ | कश्यप— | मिश्र, राढ़ी |
| ६ | कौशिक— | मिश्र, धर्मपुरा |
| ७ | चन्द्रायण— | पाण्डे, छपाला |
| ८ | सावर्ण्य— | पाण्डे, ईतिया, जुरखा |
| ९ | पराशर— | पाण्डे |
| १० | पुलस्त— | पाण्डे |
| ११ | भृगु— | पाण्डे |
| १२ | अत्रि— | पाण्डे |
| १३ | अंगिरा— | पाण्डे |
| १४ | गर्ग— | पाण्डे, इतिया |
| १५ | गौतम— | दूबे, कंचनिया |
| १६ | शाण्डिल्य— | पाण्डे, सिफला, तिवारी, पिण्डी |

| उपाधि (शासन) | निवासस्थान | उपाधि (शासन) | निवासस्थान |
|---|---|---|---|
| पाण्डे | अभ्रज | तिवारी | सिरजम |
| ,, | अस्तारकपाल | ,, | सुहगौड़ |
| ,, | विस्तौली | ,, | घतूंग |
| ,, | लहसारी | ,, | हुआ |
| ,, | मधरिया | ,, | दिहिमा |
| ,, | अगास्तिया | ,, | मुजौना |
| ,, | मन्विऔन | ,, | चिदौ |
| ,, | लुहडी | ,, | गुगौली |
| ,, | आदिचोला | तिवारी | त्रिगान्ति |
| ,, | चारपानोहा | उपाध्याय | खुरिया |
| ,, | परसिया | मिश्र | भड़या |
| शुक्ल | मुरारिया | ,, | पिसासी |
| ,, | चान्दा | ,, | मार्जनी |
| ,, | विहरा | ,, | पनरहा |
| ,, | कञ्जे | ,, | सौरेजी |
| ,, | मामखोर | ,, | भारसी |
| ,, | मेरुवक्री | ,, | पीपरा |
| ,, | सन | ओझा | करैली |
| ,, | उञ्छहरिया | ,, | निपानिया |
| ,, | नेवारी | दुवे | परवा |
| चौवे | माथुर | ,, | तिलौरा |
| ,, | नैपुरा | | |

—:०:—

## महामहोपाध्याय पण्डित शिवकुमार शास्त्री ।

काशी से दो तीन कोस पर उन्दीं नामक ग्राम में पं० रामसेवक जी मिश्र के संवत् १६०४ फाल्गुन कृष्ण ११ को गुरु जी के आशीर्वाद से शिवकुमारजी का जन्म हुवा । कहते हैं जन्म समय में इन की जिह्वा पर त्रिपुण्ड्र, त्रिशूल और ललाट के चिन्ह थे नौ दिन पश्चात् वे लुप्त हो गये । पाँच वर्ष के पश्चात् पिता की

पंडित शिवकुमार शास्त्री.

असामयिक मृत्यु के कारण अपनी माता के साथ अपने पितृव्य के यहां बेतिया में जाना पड़ा। आरम्भिक शिक्षा वहीं हुई। शास्त्री जी को हिन्दी पढ़ा कर ज्योतिष पढ़ाने लगाया। ५०-५० श्लोक नित्य कण्ठ कर लेते थे। फिर वागीदत्त चतुर्वेदी से लघुकौमुदी पढ़ने लगे कुछ दिन में समाप्त कर अपनी माता के साथ काशी आकर क्वीन्स कालिज में पण्डित दुर्गादत्त जी से व्याकरण पढ़ने लगे। पुनः बालशास्त्री जी से व्याकरण अध्ययन किया। फिर पण्डित कालीप्रसाद शिरोमणि तथा विट्ठलशास्त्री से न्याय स्वा० विशुद्धानन्द जी से मीमांसा और प्रस्थानत्रयी पढ़ने लगे। पुनः क्वीन्स-कालिज में व्याकरण अध्यापक होगये। २७ वर्ष की अवस्था में पूर्ण विद्वान् होगये थे। आपने कालिज की नौकरी त्याग राजपूताना, काश्मीर, दर्भङ्गा आदि देशों में भ्रमण किया। महाराजा दर्भङ्गा के अनुरोध से आप १ वर्ष वहां रहे और २२ सर्गों में राजवन्श वर्णन एक काव्य लिखा। फिर दर्भंगानरेश ने काशी में पाठशाला स्थापन कर आप को वहां का प्रधानाध्यापक बनाया। स्वा० भास्करानन्द जी का जीवनचरित 'यतीन्द्रजीवन चरित' लिखा उस के उपलक्ष्य में आप महामहोपाध्याय बनाये गये। आप पर सब धर्म वालों का विशेष प्रेम था। एकबार आप लाहौर डी० ए० वी० कालिज में गये वहाँ पर आप का पण्डितों ने सम्मान पत्र दिया। सन् १९११ के राजदर्बार में आये हुवे भारत सम्राट् ने आपको प्रणाम किया आपने उनको श्लोकों के रूप में आशीर्वाद दिया। पश्चात् विलायत जाकर आपने पञ्जाब के छोटे लाट द्वारा अपना सन्देश भिजवाया। उस के पारसीलिपि का अनुवाद यह था।

"श्री पं० महामहोपाध्याय शिवकुमार शास्त्री जी। महाराजाधिराज भारत सम्राट के राजगद्दी के शुभावसर पर श्रीमान् भारत सम्राट तथा सम्राज्ञी के दीर्घायु तथा प्रबलप्रताप के वृद्ध्यर्थ आपके यहां पधारने से जो धर्म दृढ़ता तथा हृदय की शुद्धता प्रगट हुई है उस से श्रीमान् भारत सम्राट् अत्यन्त आनन्दित हुवे हैं। और महाप्रभु ने आज्ञा दी है कि उक्त महाप्रभु की हृद्गत प्रसन्नता का प्रकाश किया जावे। इस लिये यह सन्देश भेजा जाताहै और

विश्वास है आप का हार्दिक आशीर्वाद सम्राट् तथा साम्राज्ञी के कल्याणार्थ सदा होता रहेगा।" लेफ्टीनेन्ट गवर्नर पञ्जाब ।

आप विलायतयात्रा के बड़े विरोधी थे। शोक है कि इन विद्वद्रत्न के २८ अगस्त सन् १६१७ को संसार से उठजाने से संस्कृत साहित्य का एक रत्न खोया गया। आप के १ पुत्र कई पौत्र तथा कई कन्यायें विद्यमान हैं।

---

## सर्यूपारी वंशभास्कर महामहोपाध्याय पण्डित सुधाकर द्विवेदी ।

द्विवेदी वन्श में पं० कृपालुदत्त जी ज्योतिष के प्रसिद्ध विद्वान् थे। आप के सं० १६१७ चैत्र शु० ४ सोमवार को मिर्ज़ापुर में पुत्ररत्न उत्पन्न हुवे। तभी डाकिये ने सुधाकर नामक पत्र दिया, आपने इस के ही नाम पर इनका सुधाकर नामकरण किया। इनके ६ मास के होते ही माता का स्वर्गवास हो गया। आप की दादी ने ही आप का पालन किया। पिता घर पर नहीं रहते थे, अतः ८ वर्ष तक शिक्षा प्रारम्भ न हुई, फिर यज्ञोपवीत हो कर शिक्षा प्रारम्भ हुई। ज्योतिष आप को अत्यन्त प्रिय थी, अतः आपने अनेक पुस्तकें पढ़ डालीं। आप बड़े प्रतिष्ठित ज्योतिषी हुवे। कुछ दिन आपने क्किंस कालिज में गणित श्रेणी में अध्यापकी का कार्य किया। आप की कीर्ति यूरोप तक फैली। गवर्न्मेंण्ट ने आप को "महामहोपाध्याय" पदवी से विभूषित किया था। आप नागरी प्रचारिणी सभा के सभापति भी कई वर्ष रहे। खेद है ऐसे विद्वान् का स्वर्गवास २८ नवम्बर १६१० को काशी में हो गया।

---

महामहोपाध्याय पण्डित सुधाकर द्विवेदी।

इंडियन प्रेस, प्रयाग।

## (आ) सर्यूपारियों का भेद सवालखी ब्राह्मण ।

वृद्ध किंवदन्ती है कि माधवगढ़ में राम नामक एक राजा था । उसने यज्ञ किया, यज्ञ में १। लक्ष ब्राह्मणों को भोजन कराया । इसी से सवालखा नाम पड़ा । यह राजा १५६३ ईसवी में राज्य करता था, ऐसा इतिहासज्ञ कहते हैं । इनके भेद गयावाल, गङ्गा-पुत्र महाब्राह्मण और अन्य ब्राह्मण हैं । यह जाति सम्प्रति बनारस आदि जिलों में है ।

इनकी उपाधि मिश्र, दुवे, पाण्डे आदि हैं ।

| १ दुवे । | २ उपाध्याय । | ४ मिश्र । |
|---|---|---|
| स्थान | स्थान | स्थान |
| १ बेलुआसूरी | १ केवनदन्शी | १ मार्जनी |
| २ चिल्हगार | २ तुशुवा | २ सुआरीतानर |
| ३ शिवमन | ३ त्रिफला | ३ पराड़ा |
| ४ शर्कयिभारगु | | ५ दीक्षित । |
| ५ मनियारे | ३ तिवारी । | ६ अवस्थी । |
| ६ खिरुहा | | ७ यास्क । |
| ७ सगौहुली | १ खैरी | ८ पाण्डे । |
| ८ कोता | २ तिगुणात | ९ वखस । |
| ९ कर्णोदा | | |

---

### सवालखी ब्राह्मणों के भेद ।

१—महाब्राह्मण, यह जाति प्रायः सब देशों में पाई जाती है । यह मृतक का दान आदि लेते हैं इसी से इन से खान पान में सङ्कोच किया जाता है । मृतक दान लेना यवन कालीन प्रथा है ।

सन् १९०१ की जन संख्या विवरणी में इनकी संख्या ८९८३ थी पुरुष ४२४९ और ४६३४ थे ।

२—गङ्गा पुत्र, यह तीर्थों पर प्रायः रहते हैं और वहाँ दान ग्रहण करते हैं और प्रायः विद्या शून्य हैं ।

३—गयावाल, गया में पिण्ड कराते हैं यह भी प्रायः विद्याशून्य हैं इसी प्रकार प्रयाग वाल भी हैं ।

४—ओझा, अथवा झा, यह शब्द उपाध्याय से बिगड़ कर बना प्रतीत होता है । प्रथम यह बड़े २ विद्वान् होते थे परन्तु यवन काल में इस जाति ने अन्य शिल्पी कर्म भी प्रारम्भ कर दिये थे । सम्प्रति अच्छे २ विद्वान् इस ज़ाति में हैं । इनके गोत्रादि अन्य ब्राह्मणों के समान हैं । यह जाति मिथिला, यू०पी० और अवध में है ।

५—मनरेरिया, यह जाति काशी आदि स्थानों में हैं ।

---

## ( इ ) सर्यूपारियों का २ भेद भूमिहार ब्राह्मण ।

यह जाति अवध, यू० पी० बिहार, और मिथिला प्रान्त में है । इनके सम्बन्ध मैथिल ब्राह्मणों में भी होते हैं । इनके गोत्रादि नीचे लिखे जाते हैं ।—

| गोत्र | उपाधि | स्थान |
|---|---|---|
| गर्ग | मिश्र | एकसारिया |
| गौतम | दीक्षित | संकरवार |
| शांडिल्य | उपाध्याय | किनवार |
| काश्यप | पाण्डे | बेनवार |
| भारद्वाज | तिवारी | दुनवार |
| वत्स | पाठक | चौधरी |
| ... | भरसीमिश्र | कुल्हा |
| ... | ... | विप्र |
| | ... | जैठरियो |
| | ... | रौनडिया |
| | ... | कट्टवार |

गाज़ीपुर ज़िले में १ राजधर २ मुकुन्द ३ पिथुरराय भी हैं।

काशी के महाराजाधिराज H. H. सर ईश्वरीनारायण सिंह जी बहादुर इस जाति के प्रतिष्ठित विद्वान् हैं।

## स्व० बा० राजानारायणसिंह बहादुर K. C. S. I. के वंश का वर्णन।

१ नारायणसिंह देव (१८५२ ई०)। २ विक्रमसिंह। ३ काशिनाथ। ४ गोपालसिंह। ५ मुरादसिंह। ६ खेदुराम। ७ मुरदनसिंह (१७०५ ई०)। ८ दोर्यराम।

पहलमसिंह, बा० ऊधोसिंह, औशानसिंह, खेमकर सिंह,

बा० सिंहल प्रसाद, बा० दुर्गाप्रसाद, बा० शिवनारायन।

बा० लक्ष्मीनारायणसिंह, बा० हरनारायणसिंह, बा० रामनारायणसिंह, बा० श्रीनारायणसिंह, राजा सरदेवनारायणसिंह

राजा शम्भुनारायणसिंह।

## कान्यकुब्जों का ३ भेद जुझोतिया ब्राह्मण।

'जुहोति' शब्द से जुझोतिया बना जिस के अर्थ यज्ञ हवन करना है। बघेलराज जोकि बुन्देलखण्ड में था तब से इन का वंश क्रम चला। इन के गोत्रादि निम्नलिखित हैं—

| गोत्र | उपाधि | स्थान |
|---|---|---|
| उपमन्यु | पाठक | रीरा |
| " | वाजपेयी | विनवारे |
| कश्यप | पस्तोर | बङ्गवा |
| " | बस्तोरिया | शाहपुर |
| गौतम | चौबे | रुपनौवल |

| गोत्र | उपाधि | ग्राम |
|---|---|---|
| ,, | गङ्गोले | भौसरे |
| शांडिल्य | मिश्र | हमीरपुर |
| ,, | अजेरिया | कोट के |
| मौनस | मिश्र | करिया |
| भारद्वाज | तिवारी | अजी के |
| ,, | दुबे | उधाशने |
| वत्स | तिवारी | पथरीली |
| एकावशिष्ठ | नायक | पिपरी |

---

## कान्यकुब्जों का ४ भेद सनाढ्य ब्राह्मण ।

सनाढ्य शब्द स्वर्णाढ्य का अपभ्रन्श है. रामचन्द्र के यज्ञमें जिन्होंने भाग लिया था वह दक्षिणादि से युक्त होकर स्वर्णाढ्य कहाये। कुछ सनाढ्य लोग ' सन ' तप का नाम है उस से युक्त सनाढ्य ऐसा अर्थ करते हैं । पर सन नाम तप किसी कोष में नहीं मिला। यह जाति N.W.P., अवध, आगरा, पीलीभीत, ग्वालियर, मथुरा, अलीगढ़ आदि प्रान्तों में हैं । ' Sir Henry Elleat ने भी कान्यकुब्जों का भेद माना है । The Sinaudhas or Sanadhas, as they are more fannellarly called, tauch the kanaujias on the north-west, Spplemental Glossory Vol I. P. 149.

अर्थात् सनाढ्य ब्राह्मण कनौजियों का उपभेद है । परन्तु कुछ लोग कहते हैं यह गौड़ों का ही भेद है । ब्राह्मण मार्तण्डाध्याय में भी ऐसा ही लिखा है:—

ते सनाढ्या द्विजा जाता ह्यादिगौडा न संशयः ।

अर्थात् सनाढ्य गौड़ ब्राह्मण ही हैं । एच० एम० इलियट साहिब ने भी ऐसा ही लिखा है—" On the North-west the Sanadhya are met by the Gaur Brahmans "

वैसे तो सन शब्द षणु दाने से बनता है और अनेकार्थवाची है, परन्तु जो सनाढ्यदर्पण में लिखा है—

अतः सनाढ्यः, सनकः सनन्दनः सनत्कुमारश्च विभुःसनातनः ।

सनक, सनन्दन, सनत्कुमार और सनातन इन पांच ऋषियों के 'सन' आदि नाम के कारणतप विशिष्ट ब्राह्मणों ने अपना नाम भी सनाढ्य रखा, यह सत्य प्रतीत होता है । कुछ लोग सनाढ्य एक देश विशेष मानते हैं यथा—" They touch the Kannaujiyas on the North-west extending over central Rohilkhand, and the part of the upper and central Duab from Pilibhit to Gwalior. The boundry lens runs from the North-west angle of Rampur, through Richa, Jahanabab, Nababganj, Bareilly, Fridpur to the Ramganga thence through Salimpur and the borders of Mehrabad, thence down the Ganges to the borders of Kannouj, thence up the Kalindi to the western border of Alipur-patti through Bhaugaon, Sij Bihaman, and down the Jumna to the junction of Chambal.

(H. M. Elliat's Supplementary Glossy.)

कन्नौज प्रान्त से मिलता हुवा रोहेलखण्ड के पास को पीलीभीत से ग्वालियर तर्फ सनाढ्य देश है, इत्यादि । इसी देश नाम से सनाढ्य ब्राह्मण हुवे । परन्तु उक्त कथन में कोई प्रमाण नहीं मिला । संस्कृत साहित्य में 'सनाढ्य' देश का नाम कहीं नहीं मिला, अस्तु ।

इन के साढ़ेतीन घर व दस घर हैं। साढ़ेतीन घर वालों के वंश के एक पण्डित बदायूं जिले के कोट सासनी नाम परगना के आदिशूर राजा के समय में रहते थे। इनके चार पुत्रों को चार ग्राम (१ सरांडा, २ तारापुर, ३ राहड़, ४ भट्ट) दिये थे। इन्हीं नामों से इनकी उत्पत्ति हुई।

एक भेद इंडोतिया है। अकबर बादशाह ने (सन् १२००) में ८४ ग्राम चम्बलनदी के किनारे के दिये थे। इस से इंडोतगढ़ी चौरासी भी कहते हैं।

| गोत्र | उपाधि |
|---|---|
| वशिष्ठ | व्यास, गोस्वामी, मिश्र, पराशर, कतारी, देवलिया, दुबे, खेमरिया, उपाध्याय। |
| भारद्वाज | वैद्य, चौबे, दीक्षित, त्रिपाठी, चतुर्धर, मिश्र। |
| काश्यप | मिश्र। |
| सावर्णी | तिवारी। |
| उपमन्यु | दुबे। |
| गौतम | पाण्डे। |
| शांडिल्य | पाठक, स्वामी, समादिया, मोनस, बिरथरी, चैनपुरिया, भोरिया। |
| कौशिक | बरसिया। |
| विश्वामित्र | ओझा। |
| जमदग्नि | मोडिया। |
| धनञ्जय | सनौडिया। |
| कौशल्य | बदेनिया। |
| सींगिया | बचोन्डिया। |
| मेरहा | |

श्रीयुत पं० भीमसेन जी शास्त्री
वेद व्याख्याता यूनिवरसिटी कलकत्ता
तथा
सम्पादक ब्राह्मण सर्वस्व, इटावा।

सद्धर्म्म-प्रचारक प्रेस दिल्ली।

## सनाढ्य कुलदीपक पं० भीमसेन जी शर्मा इटावा।

आपके पूर्वज फर्रुखाबाद जिले के मेरापुर ग्राम निवासी थे। किसी कारण वश आपके पूर्वज पं० गङ्गाराम मिश्र एटा जिले के लालपुर ग्राम में आकर बस गये थे। आपकी ५वीं पीढ़ी में पं० नेकराम जी शर्मा हुवे। आपके सं० १६११ कार्तिक में पुत्ररत्न उत्पन्न हुवे। आपका भीमसेन नामकरण संस्कार किया गया। आप के जन्म के ॥ वर्ष बाद ही माता का देहान्त होगया। आपको अक्षराभ्यास पिता जी ने ही कराया साथ ही गणित भी पढ़ाते रहे। कुछ काल एक मदरसे में उर्दू भी पढ़ी। १६ वर्ष तक आप संस्कृत के ग्रन्थ अध्ययन करते रहे। इसी बीच में स्वा० दयानन्द जी ने फर्रुखाबाद में एक पाठशाला खोली थी उसमें आपने ५ वर्ष तक काव्य कोष अलंकार आदि शास्त्र पं० उदयप्रकाश जी से अध्ययन किये। फिर काशी चले गये वहां दर्शन शास्त्र पढ़ते रहे। स्वा० दयानन्द जी ने काशी में वैदिक प्रेस खोला था उस के मैनेजर आप ही हुवे। परन्तु कुछ काल में रोगी होने के कारण आप घर आगये। स्वस्थ होने पर स्वामी जी ने फिर इन्हें २५) पर लेखक नियत कर अपने पास आगरे बुला लिया पश्चात् प्रेस प्रयाग आगया आप वहीं ३०) के संशोधक होगये। पश्चात् सं० १९४० में स्वामी जी के स्वर्गारोहण के बाद आपने प्रयाग में अपना 'सरस्वती प्रेस' खोला, आर्य सिद्धान्त नाम का पत्र चलाया यह कोई १५ वर्ष निकला, फिर प्रेस को इटावा में उठा लाये। उपनिषद् गीता और मनु के ६ अध्यायों का आपने भाष्य किया। आपके यत्र तत्र शास्त्रार्थ भी हुवे हैं। पितृयज्ञ के सम्बन्ध में आप आर्यसमाज से सं० १९५६ में पृथक् हुवे। तब से आपने 'ब्राह्मण-सर्वस्व' पत्र निकाला प्रेस का नाम 'ब्रह्म-प्रेस' रक्खा। सन् १९१२ जुलाई में आप कलकत्ता विश्वविद्यालय में वेद व्याख्याता पं० सत्यव्रत सामश्रमी के स्थान पर नियत हुवे। खेद है कि आपकी सं० १९७४ में असामयिक मृत्यु हो जाने से संस्कृत का एक उज्ज्वलरत्न उठ गया। आपके २ पुत्र ब्रह्मदेव और वेदनिधि हैं। १ कन्या थी जो परलोकवास हुई।

——*——

## गौड़ ब्राह्मण ।

प्रथम भाग में 'गौड़' शब्द की कुछ विवेचना हो चुकी है । गौड़ों के ही नाम से पञ्चगौड़ कहलाते हैं । यद्यपि गौड़ नाम देश का भी है, परन्तु यह जातिवाचक ही यहां अभिप्रेत है । 'गुड़' संकोचने से गौड़ शब्द की निष्पत्ति है । इन्द्रियों का संकोचन वा दमन करने से गौड़ कहलाये । जैसे ब्राह्मण गौड़ हैं—इसी प्रकार क्षत्रिय व कायस्थ भी गौड़ जयपुर आदि में विद्यमान हैं । इन सब प्रमाणों से स्पष्ट है कि वर्ण में गौड़ शब्द जातिवाचक है देशवाचक नहीं । आदि गौड़ों का आदि देश कुरु-क्षेत्र प्रान्त था यह पूर्व लिखा जा चुका है । नदिया के प्रधान पण्डित योगेन्द्रनाथ भट्टाचार्य भी ऐसा ही लिखते हैं:—

The original home of the Gaur Brahmins is Kurukshetra country. The Gaurs say that the other main Divisions of North-Indian Brahmins were Gaur and have acquired their present disignations of Saraswat, Kanyakubja, Maithal, Utkal by immigranting to the Provinces where they are now domiciled. (H. C. S. Page 53)

अर्थात् गौड़ों का आदि प्रादुर्भाव स्थान कुरुक्षेत्र है । क्योंकि उत्तरीय भारत के सारस्वतादि जाति में इसी 'गौड़' नाम से प्रसिद्ध हुवे, इत्यादि ।

'गौड़' नामक एक ऋषि भी हुवे हैं ।

नारायणं पद्मभवं वसिष्ठ शक्तिञ्च तत्पुत्र पराशरञ्च ।
व्यासं शुकं गौडपदं महान्तं गोविन्द योगिन्द्र मथास्यशिष्यम् ॥

इस पद्य में शुकदेव के पुत्र गौड़ भी कहा है । परन्तु इस की सत्यता में अन्यत्र प्रमाण नहीं मिला । किसी २ का कहना है कि इसी ऋषि के नाम से गौड़ कहाये ।

यह जाति सर्वत्र भारतवर्ष में विस्तृत है । इस में मुख्य ब्राह्मण आदिगौड़ हैं ।

## आदि गौड़ों के कुछ गोत्र और उपाधि।

| गोत्र | उपाधि | गोत्र | उपाधि |
|---|---|---|---|
| कौशिक | दीक्षित | वसिष्ठ | घाघसाने |
| भारद्वाज | तिवारी | गौतम | विधाता |
| कृष्णात्रेय | चतुर्वेदी | ... | गन्धर्वाल |
| पराशर | निर्मल | ... | पाण्ड्याना |
| वत्स | नागवाण | ... | पांनिये |
| ,, | चौहनवाल | ... | झुंडिये |
| ,, | मरहता | ... | कनाड़िये |
| पाराशर | लाटा | ... | गौतमं |
| ... | मोत्रा | ... | मुहालवान |
| ... | इंदौरिया | ... | नगरवाल |
| शांडिल्य | हरितवाल | ... | शाठिया |
| काश्यप | मनत्रकी | ... | बाजरें |
| अंगिरा | मिरीचिया | ... | सिम्मनवाल |

---

## गौड़ ब्राह्मणों के शासन १४४४ हैं इन में से कुछ निम्न लिखित हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ | सारोलिया | ११ | पञ्चलगिया |
| २ | काकर | १२ | पटवाडिया |
| ३ | भडेलवाल | १३ | नागणवा |
| ४ | हरिनपाल | १४ | लाटा |
| ५ | ववेरवाल | १५ | कतेवग्वा |
| ६ | सिथीवाल | १६ | आस्तीयाण |
| ७ | दरड़ | १७ | गाँगावत |
| ८ | दीक्षित | १८ | नागवाण |
| ६ | चूलीवाल | १६ | मारस्या |
| १० | नानोतिया | २० | गलयाण |

२१ द्वान्त्रोलिया
२२ मान्त्रोलिया
२३ हुड
२४ इंडोरिया
२५ चीड़ा
२६ अर्द्दानवाल
२७ नूगाघनया
२८ विवाल
२९ रामपुन्या
३० लाडीवाल
३१ चूंडंड
३२ कल्लानूरा
३३ बगेरवाल
३४ कूलवाल
३५ कण्डवाल
३६ तिलोडिया
३७ माथरा
३८ भीलपोत्रा
३९ जरीट
४० बगीवाल
४१ दोराड
४२ पचोल
४३ बड़वाल
४४ डोरवाल
४५ भोरका
४६ सोमणिया
४७ चालीण
४८ सेवल
४९ सरसोलिया
५० भीमवरा
५१ फैवारिया
५२ लावन्या
५३ चीड़ोवत
५४ वाम
५५ चोरा
५६ वाकोलिया
५७ गूराचा
५८ चेडलिया
५९ खेड़वाल
६० चेड़ी
६१ श्रोत्रिय
६२ मडता
६३ मिश्र
६४ चतुर्वेदी
६५ गवांटी
६६ स्वामी
६७ गो स्वामी
६८ पुरोहित
६९ उपाध्याय
७० आचार्य

---

* यज्ञं कर्तुं समाहूय वेदव्यर्धीन्दु समितैः ।
ततः परमसंतुष्टो राजा यज्ञं चकार ह ॥

अर्थात् राजा जनमेजयन ने यज्ञ कराने के लिये १४४४ मुनियों को बुला कर यज्ञ कराया । उन से १४४४ शासन गौड़ों के हुवे ।

व्याख्यान वाचस्पति पंडित दीनदयाल शर्मा.

गौडाः द्वादश प्रोक्ताः कायस्थास्तावदेव हि ।
तत्रादौ मालवी गौडाः श्री गौडश्च ततः परम् ॥४०॥
गंगातस्थगौडाश्च हर्याणा गौड एव च ।
वाशिष्ठाः सौरभाश्चैव दाल्भ्यश्च सुखसेनकाः ॥४१॥
भट्टनागर गौडाश्च तथा सूर्यद्विजाह्वयाः ।
माथुराख्यास्तथा गौडा मात्स्यकी की ब्राह्मणास्ततः ॥४२॥

आदि गौड़ों के १२ उपभेद हैं— १ मालवीय गौड़, २ श्रीगौड़, ३ गंगापुत्र ४ हर्याणा ५ वाशिष्ठ ६ सौरभ ७ दाल्भ्य ८ सुखसेन ९ भट्टनागर १० सूर्यद्विज ११ माथुर १२ वाल्मिकी ।

इनके अतिरिक्त अन्य विभेद भी हैं— १ गूजर गौड २ चोरासिया ३ दाधिमथ ४ पार्लीवाल ५ टेकवारा ६ किरत निया ७ शुकुलवाल ८ भूमिभार ९ शुक्र १० सनाढ्य ११ भार्गव १२ मध्यश्रेणी इन सबके गोत्र आदि गौडो के समान ही हैं ।

व्याख्यान वाचस्पति श्रीमान पं० दीनदयालजी शर्मा ।

दिल्ली से ३५ मील पश्चिम में पंजाब प्रांत का झज्जर नामक एक छोटासा नगर है। वहींपर एक उच्च कुल के प्रतिष्ठित गौड ब्राह्मण वंश में सम्वत् १९२० ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया को श्रीमान् पं० दीनदयालु जी शर्म्मा का जन्म हुआ। आपके पिता पं० गंगासहायजी फारसी के बड़े विद्वान् माने जाते थे, आप कविता भी किया करते थे। इसका कारण यह था कि उस समय झज्झर में नवाबी गूंज रही थी। दिल्ली की बादशाहत नष्ट होने के बाद झज्जर के नव्वाब बड़े प्रतिष्ठा की नजर से देखे जाते थे। नवाबी के ही कारण ब्राह्मणों तक में फारसी का पठन पाठन जोर पकड गया था। इस प्रभाव से पंडित जी को भी अगत्या मकतब में फारसी पढ़नी पड़ी। कुछही दिनों में आप फारसी के पूरे मुंशी होगये। शेख सादी और मौलाना रूम के प्रकरण ग्रन्थ आपने झटपट पढ़ डाले। अनन्तर सरकारी स्कूल में दाखिल हुए और अंग्रेजी आदि का अभ्यास किया, आप प्रत्येक कक्षा में अव्वल नंबर पर पास होते रहे। यदि पारिवारिक विपत्तियां आडे न आतीं तो आप अंग्रेजी की भी पूरी शिक्षा प्राप्त

करसकेते। परन्तु ऐसा न होसका:गुरुजनों के थोड़े२अन्तर से संसार त्याग करने के कारण आप बहुत दुःखी हुए। क्योंकि बन्धु वियोग के समान संसार में कोई दुख नहीं होता। कुटुम्बियों के अनुरोध करने पर भी दुःखी चित्त से पढ़ते रहना आपके लिये कठिन हो गया। अन्ततोगत्वा आपको अध्ययन छोड़ना पड़ा। उन दिनों सरकारी नौकरी करनेवालों को एक परीक्षा देनी पड़ती थी। आप उस परीक्षा में बैठे और जिले भर में पहला नम्बर पास हुए। तदन्तर कुछ दिनों सरकारी नौकरी की, परन्तु आपको परतंत्रता में जीवन बिताना अच्छा नहीं मालूम हुआ, आपने तुरन्त नौकरी छोड़ दी, आपको बाल्यावस्था से ही समाचार पत्रादिकों के पढ़ने में प्रेम था और देश से अनुराग था इसी कारण आपने एक 'रिफाहे आम सोसाइटी' स्थापन की, और झज्जर से ही अपने सम्पादकत्व में 'हरयाना, नामका उर्दू रिसाला निकाला। इस सोसाइटी का जिले भर में प्रभाव छागया, और बड़े लोग उसमें सम्मिलित होगये।

इसी बीच में आपको व्रजयात्रा करने का विचार सूझा इसी के अनुसार आप मथुरा वृन्दावन की अपूर्व शोभा निरखने के लिए व्रज में पहुँच गये, वहां के मन्दिरों और भोगराग के ठाठ देखकर आप धर्मभाव में गद्गद् होगये। आपकी अवस्था उस समय लगभग २२ वर्ष की थी। आप सबकुछ भूलकर बहुत दिनों तक व्रज की ही कुंजगलियों में भ्रमण करते रहे। घूमते फिरते श्री वृन्दावन में केशी घाट पर श्रीनारायण स्वामी जी से आपकी भेंट हुई। और उनमें आपको परम श्रद्धा होगई। कुछ काल स्वामी जी का संग किया। स्वामीजी व्रजभाषा के बड़े रसिक और भक्त कवि हुए हैं। आपकी रचित "व्रजविहार" नामकी पोथी इस बात का प्रमाण है। स्वामी जी के उपदेश से ही आपने हिन्दी भाषा सेवा और धर्म की सेवा करने का दृढ़ संकल्प करलिया। आपको व्रज-भूमि बहुत ही रुचिकर प्रतीत हुई। अतः श्रीमथुरापुरी में निवास करने लगे। वहां से 'मथुरा' नामक उर्दू साप्ताहिक पत्र निकाला और बहुत समय तक स्वयं संपादित किया। उसके बाद आप मुंशी हरसुखराय साहब के लाहौर से निकलने वाले "कोहनूर" नामक उर्दू साप्ताहिक पत्र के एडीटर रहे। यहांपर इनके बालसखा

स्वर्गीय बाबू बालमुकुन्द गुप्त जी सहकारि सम्पादक नियत हुए। यद्यपि पंडित जी का उर्दू लेख बड़ा जोरदार था और उर्दू के नामी लेखक हो चले थे, तथापि पण्डित जी को उर्दू से घृणा होने लगी, इसी अवसर में आपने हिन्दी संस्कृत का अभ्यास अच्छा कर लिया और धर्म सेवा में लग गए। इधर बाबू बालमुकुन्द जी ने यही काम लेखनी द्वारा करने का संकल्प किया, इसी निश्चय के अनुसार पंडित जी ने संपादन कार्य त्याग दिया और व्याख्यान देना प्रारंभ कर दिया। सबसे पहले आपने हरिद्वार में श्रीगोवर्णाश्रमहितैषिणी गंगाधर्म सभा कनखल स्थापित की इसका उद्देश नाम ही से प्रगट है। परन्तु इससे धर्म का वास्तविक उपकार न होते देख एक भारतीय धर्म संस्था स्थापन करने का आपने संकल्प किया, और तदनुसार सम्वत् १९४४ में श्री हरिद्वार में आपने (भारत धर्म महामंडल) नामक विराट धर्म संस्था की स्थापना की, और आपने इसे बड़ी योग्यता से चलाया। आप इस अवस्था में बड़े ओजस्वी और प्रभावशाली वक्ता माने जाने लगे थे। इसके दो ही वर्ष बाद संवत् १९४५ एवं सन् १८८९ मार्च मास की २४ से २७ तारीख तक, अमरावती राजा सेठ सी० आई० ई० के सभापतित्व में श्री वृन्दावन में महा मण्डल का दूसरा अधिवेशन आपने बड़ी धूमधाम से किया। पंडितजी की वाग्शक्ति के प्रभाव से बड़े २ महाराजा, राजा, सेठ साहूकार, रईस, पंडित विद्वान, लेखक और वक्ता सभी महामंडल में सम्मिलित हो गये। पश्चात् यू. पी. और राजपूताने में इन अधिवेशनोंका अच्छा प्रभाव पड़ा। आपने उत्तरोत्तर ही तक अपने कर्तव्यकी इतिश्री नहीं की। किन्तु विद्वान् उपदेशकों को साथ ले प्रधान २ नगरों में निरन्तर भ्रमण किया। और प्रतिपक्षियों को हिलाने वाले ऐसे जोरदार व्याख्यान दिये कि, जर्जरित सनातन धर्म में एकबार फिर प्राण सञ्चार हो गया। आपके कारण सनातनी लोग अपने आपको सनाथ मानने लगे। पंडितजी ने अपने इन दौरोंमें स्थान २ पर सनातन धर्म सभाओं की स्थापना की। इस प्रकार स्थापित धर्म सभाओंकी संख्या ५, ६ सौ के लगभग हुई होगी। आपकी इस विचित्र व्याख्यानशक्ति और दैवी सहायताके आश्रय पर धार्मिक जगत पुनः

जागृत हो उठा । आप जहां गए वहां विजय पाते रहे । सब कार्योंमें आपको निश्चित सफलता मिलती रही ।

कार्तिक शु. २ से ६ सम्वत् १९४७ तदनुसार ता. १४ से १८ नवम्बर तक सन् १८९० में श्री इन्द्रप्रस्थ दिल्ली में महामण्डल का तृतीय महाधिवेशन बड़े समारोह के साथ हुआ। राजा शशिशेखरेश्वर रायबहादुर, ताहिर पुर एवं महामहोपाध्याय पं. शिवकुमार जी शास्त्री काशी सभापति हुए उपदेशकों पण्डितों आदि को उपाधि एवं पदक देनेकी प्रथा पण्डितजीनेही महामण्डल द्वारा उस समय चलाई । इस अधिवेशन के बाद कई वर्ष तक शान्तिसे प्रचार होता रहा । किन्तु बड़ा उत्सव नहीं हुआ । इन दिनों पंडितजी ने सीमांत प्रदेशों में पेशावर पश्चिम में क्वेटा बलोचिस्थान और सिंध में सक्खर कराची तक भ्रमण कर सब जगह बलशालिनी सभाएं बना डली । जो इस समय तक बराबर काम कर रही हैं । कई सभाओंने तो इस समय सनातन धर्म्म हाईस्कूल चला रक्खे हैं ।

शिमले में हिन्दू विचारके मनुष्यों के लिये कोई पवित्र स्थान नहीं था, पं. जी ने चिरकाल लगातार भाषण किया और ५००००) की लागत से एक विशाल कृष्ण मन्दिर बनवाया । वहां निरामिष भोजी सनातनी हिन्दू आनन्द से रह सकते हैं । वहांपर आपकी स्थापित धर्मसभा भी बड़ी प्रभावशालिनी है । इसी अवसर में कपूरथला और मथुराजी में प्रांतीय मंडलों के अधिवेशन धूमधाम के साथ हुए । और काशी में राजा ताहिरपुर के प्रबन्ध से महामंडलका एक असाधारण उत्सव भी हुआ । किन्तु महामन्डल की भारत वर्षीय बृहत अधिवेशन हुए देर होगई थी । लोग एक ऐसा जमाव देखने के लिये उत्सुक थे । जनताकी अभिरुचि देख पंडित जीने उस महाधिवेशन का आयोजन दिल्ली में करना ठान दिया । यह अलौकिक अपूर्व और अद्वितीय महाधिवेशन संवत १९५७ की श्रावण शुक्ला १२ भाद्र कृष्णा ३ तदनुसार ८ से १३ अगस्त तक सन् १९००-में दिल्ली में असाधारण समारोह और सफलताके साथ हुआ । मंडल का पंडाल ऐसा विशाल सुन्दर और मनोहर बना था कि वैसा कभी किसी भी कान्फ्रेंस का देखने में नहीं आया । पं मदनमोहन मालवीय उस मंडप को देख कर उछल पड़े थे, और बड़ी

प्रसन्नता प्रगट की थी। उसपर बताते हैं कि, २००००, हजार व्यय किया गया था, किन्तु पीछे सामान नीलाम करने पर बहुतसा रुपया वसूल होगया था। श्रीमान् महाराजा बहादुर दरभंगा ही उस अधिवेशन के सभापति हुए थे। और श्रीमन् महामहोपाध्याय महाराजा सर 'प्रताप नारायणसिंह' बहादुर, के. सी. आई. ई. अयोध्या नरेश कृपा कर पधारे थे। यह अधिवेशन क्या था, मानो युधिष्ठिर की सभा थी। उसे देख विज्ञ पुरुष भी कह उठे थे कि "न भूतो न भविष्यति" और वास्तव में आजतक उसके जोड़का कोई धार्मिक सम्मेलन हुआ भी नहीं। उस अधिवेशन के प्रतापसे सनातन धर्म्म के प्रतिपक्षी कांप उठे थे। और धर्म्मकी जड सुदृढ हो गई थी। उस अधिवेशन में मंडल की वेदी पर से पं० दीनदयालुजी का सिंह गर्जन जिस किसीने भी सुना, उसी के हृदय पर इनकी लोकोत्तर शक्तिका सिक्का जम गया, चारों ओर पंडितजी के जयकारे बुलाए जाने लगे, जिधर देखो उधर आपही की गुणावली की चर्चा सुन पड़ने लगी। आपके अलौकिक गुणों से आकृष्ट हो चारों ओर से अनेक सज्जन आपकी सेवामें उपस्थित होने लगे। इसी प्रवाह में निगमागम मंडली के स्वामी ज्ञानानन्द आपके पास आये, और निगमागम मंडली तथा महामंडल के एक करने का परामर्श स्थिर हुआ, पंडितजी ने पढ़े लिखे संन्यासी की ऐसी इच्छा सुन प्रसन्नता प्रगट की, और कुछ कार्य्य भी सौंप दिया। आप भ्रमण में चले गए। पीछे से आप के विरुद्ध कुछ कपट जाल रचा गया। इस में वे लोग सम्मिलित थे, जिनको पंडितजी ने बोलना सिखाया और साथ में रख कर व्याख्यान की शैली सिखाई थी। अस्तु, लोगों की धोकेबाजी और छल कपट से आप बहुत खिन्न हुए धर्म्म सेवा में भी लोग कांटे बखेरने लगे। तोभी पंडितजी चाहते तो कपटी छलियों को उसी समय दमन कर डालते, किन्तु वे अधिक दिनोंसे निरंतर काम करते २ थक गए थे। इस कारण कुछ विश्रांत चाहते थे, बस आप ने महामंडल से सन् १९०२ में अपना संबन्ध अलग कर लिया और मथुरा में उसकी रजिस्ट्री कराकर निगमागम मंडली के साथ उसका सम्बन्ध कर एक रजिष्टर्ड बोर्ड के हाथ में काम सौंपदिया, उस के अनन्तर आप तटस्थ रूपसे महामंडल को देखने

रहे । और जैसे बना उस की सहायता भी करते रहे । तथा अब-तक कर रहे हैं । अब जो महामंडल की दशा है, वह सबपर प्रगट ही है ।

भारत धर्म महामंडल और सैकड़ों सभाओं के अतिरिक्त पं. जी अनेक हाईस्कूल, विद्यालय, गोशाला, पाठशालायें स्थापन कर चुके है । आपके द्वारा स्थापित धर्म सभाओं की और पाठशा-लओं हाईस्कूलों और सामान्य विद्यालयों की गणना करने में विस्तार बहुत होगा, अतः उनके द्वारा स्थापित प्रधान २ संस्थाओं का ही उल्लेख यहां किया जाता है ।

( हिन्दू कालिज, दिल्ली ) दिल्ली के हिन्दू कालिज के संस्थापकों में पंडित जी प्रधान आसनके अधिकारी हैं ।

श्री विशुद्धानन्द सरस्वती विद्यालय कलकत्ता । इस विद्यालय की स्थापना में पंडितजी ने जिस परम पुरुषार्थ का परिचय दिया, वह सब पर प्रगट ही है । दानवीर मारवाड़ियों के द्रव्य से ही इस विद्या-मंदिर की स्थापना हुई है । किंतु उनको उत्तेजित और प्रेरित करने में जो पंडित जी ने असाधारण परिश्रम किया, वह उन्हीं का कर्त्तव्य था । इससे पंडित जी की असीम वक्तृत्व शक्ति का पूरा परिचय मिलता है । और साथ ही मारवाड़ी जाति के साथ जो उनका स्वाभाविक स्नेह है उसका भी यह अच्छा नमूना है । इस विद्यालय की स्थापना सन १९०१ में हुई थी । स्थापन काल में १५ हजार से ही कार्यारंभ हुआ था किंतु अब ईश्वर की दया से ४ लाख रु० की लागत से विद्यालय का शानदार मकान बना है । और लाखों रुपये जमा हैं । परमात्मा करे यह कम-शेल कालेज का स्वरूप धारण कर मारवाड़ियों का हित साधन करे और पंडितजी का विचार पूर्ण हो । इस कार्य में स्वर्गीय पं० माधव प्रसाद जी मिश्र और बालमुकुन्द जी गुप्त ने जो पंडित जी के परम स्नेही थे, अपनी लेखनी द्वारा पंडित जी की उद्देश्य पूर्त्ति के लिये बड़ी सहायता पहुंचाई ।

मारवाड़ी विद्यालय, बम्बई। इस विद्यालय की आवश्यकता समझ सेठ खेमराज श्रीकृष्णदासजी ने पंडितजी को मुम्बई पधारने के लिये आग्रह पूर्ण निमन्त्रण पत्र भेजा। पंडितजी ने वहां पधार कर अपनी ओजस्विनी भाषा से मारवाड़ी समाज पर प्रभाव डाल उन्हें विद्यालय स्थापन करनेके लिये उत्तेजित किया। अन्ततोगत्वा सन् १९१९ के अन्त में विद्यालयकी स्थापना हुई। इस समय विद्यालय का भव्य भवन तैय्यार हो चुका है और लगभग अढ़ाई लाख रुपया जमा है।

सनातन धर्म कालेज लाहौर। इस कालेज की स्थापनाके लिए पंडितजी कोई २० वर्ष से दृढ़संकल्प कर चुके थे। कईबार आपको इस कार्य के सम्पन्न करने में हतोत्साह भी होना पड़ा। परन्तु आपने अपना पवित्र विचार नहीं छोड़ा। ऐसी कौनसी वस्तु है जो पुरुषार्थके अगोचर हो। अन्ततः यह कार्य भी पंडितजी ने करके छोड़ा। गत १५ मई १९१६ को इस कालेजका उद्घाटन उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। संस्कृत और एकोनोमिक्स की एम० ए० क्लास तक इसमें पढ़ाई होती है। विद्यार्थी संख्या सैकड़ों है स्टाफ बहुत उत्तम है।

अखिल भारतवर्षीय सनातन धर्म महासम्मेलन। गतकुम्भ के मेले पर श्री हरिद्वार में किसी भी धर्म संस्थाको धर्म प्रचार करते न देख पंडितजी ने महासम्मेलन द्वारा धर्म प्रचार किया। इस का दूसरा अधिवेशन श्रीमथुरा पुरी में और तीसरा लाहौर में बड़ी धूमधाम के साथ हुए। महामण्डल आदि संस्थाओं को शिथिल देखकर ही शायद ऐसा करने की व्यवस्था की गई होगी। वस्तुतः इस प्रकार की एक संस्थाकी परम आवश्यकता थी, परन्तु गत प्रयाग कुम्भके अवसर पर श्री माननीय मालवीयजी की सनातन धर्म महासभा के साथ मिलकर महासम्मेलन का अधिवेशन हुआ उस समय जनता की इच्छानुसार महासम्मेलन और महासभा को मिला दिया गया। अब दोनों संस्थाएं एक हैं। मालवीयजी मंत्री हैं।

कलकत्ते के एक लिपिविस्तार परिषद की स्थापना में श्री पंडित जी का बहुत कुछ हाथ है। उसके अधिवेशन पंडितजी के ही प्रधान कतृत्व में हुए। किंतु खेद है अब उसकी दशा संतोषजनक नहीं है। ऋषिकुल के ब्रह्मचर्याश्रम हरद्वार को दृढ़ करने और सुव्यवस्था करने में पंडित जी ने बड़ा उद्योग किया है। उसकी स्थापना के बाद से अबतक जो जो विपत्ति आई आपने वे सभी निवृत्त की। ऋषिकुल के कार्य कलाप में जब कभी उथल पुथल हुई तभी पंडितजी ने बड़ी योग्यता से उसे सँभाला है। आरंभ से अबतक आप उसके आवश्यक अधिवेशनों में भाग लेते रहे हैं।

अपनी गौड़ जाति की उन्नति के कार्यों में भी आपने यथा समय समुचित भाग लिया है। श्री कुरुक्षेत्र में श्रीमती गौड़ महासभा का जो सबसे पहिला अधिवेशन हुआ था, उसमें पंडितजी मौजूद थे और गौड़ सभा की स्थापना और कार्य सञ्चालन के लिये सबसे पहला अपील उस समय पंडित जी ने ही किया था। तबसे अबतक आप गौड़ सभा के बराबर सहायक हैं और समय २ पर उत्सव आदि में शरीक होकर जाति सेवा का अनुराग प्रगट करते रहे हैं। भारत व्यापी आन्दोलनों में व्यग्र रहने के कारण आप अधिक समय इस सभा की ओर नहीं लगा सके। तथापि आवश्यकता पड़ने पर आपने सहर्ष अपनी जातीय सभा की सेवा करने में अपना गौरव समझा। पंडित जी के कारण गौड़ जाति का सर ऊंचा है और पंडित जी गौड़ होने के कारण अपने को परम सौभाग्य शाली मानते हैं। आपको अपनी जाति के नाम से बड़ा प्रेम है इनके अतिरिक्त काशी के हिंदू विश्व विद्यालय के आन्दोलन में भी पंडित जी ने प्रधान भाग लिया। इसके आरंभ काल से लेकर स्थापन समय तक आप सभी आवश्यक कार्यों में भाग लेते रहे हैं। अनेक स्थानों पर इसके डिपूटेशनों में भी पंडितजी शरीक हुए। आप अखिल भारतीय हिन्दू सभा की कौंसिल के उपसभापति हैं। हिंदू सभा के कामों में भी आप बड़ा हिस्सा लेते हैं। दरबार के समय श्रीमान् सम्राट और श्री मती सम्राज्ञी से हिंदू नेता के स्वरूप में आपने भेंट की थी और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया था। मि॰ मांटेगू के समक्ष भी आप कई डिपुटेशनों में हिंदू नेता के स्वरूप में

उपस्थित हुए पंडितजी का भारत के धार्मिक जगत पर असाधारण धार्मिक प्रभुत्व है, आपने सनातन धर्मके लिए अपूर्व परिश्रम किया, आपकी धर्म सेवा विश्वविदित है। धर्म के दुर्दिन के समय मे यदि आप कमर कस कर खड़े न होते तो आज न मालूम प्राचीन प्रथाओं की क्या दशा होती यदि स्वामी दयानन्द को नई व्यवस्था की स्थापना के कारण लूथर कहा जा सकता है तो पंडित दीनदयालु जी को प्रचीन प्रथा की पुनः प्रतिष्ठा के लिए इगनेटियस लोयोला भी अवश्य ही कहा जा सकता है। जिस प्रकार इगनेटियस की दृढ़ता ने रोमनकैथोलिक धर्म को बचाया, वैसे ही पंडित जी के अनवरत परिश्रमने सनातनधर्म की रक्षाकी, इसी कारण सनातन धर्मी जगत् आप का हृदय से आदर करता है। धार्मिक जनताही नहीं, स्वतन्त्र नरपतिगण भी आप में परम भक्ति और श्रद्धा रखते हैं। भारत के अनेक नरपतियों ने आप के भाषण श्रवण कर धर्म ज्ञान का लाभ उठाया है। आपके भाषण सुनने वाले और आपसे विशेष अभिज्ञता रखने वाले प्रधान२ राजाओं में श्रीमान गायकवाड़ बड़ौदा नरेश,महाराजा काश्मीर, महाराजा ग्वालियार, महाराज राना धौलपुर, महाराजा भरतपुर, महाराजा अलवर, महाराजा नाभा, महाराजा चम्पा महाराज राना झालावाड़, आदि स्वातन्त्र नरपतियों के नाम उल्लेख योग्य हैं। इनके अतिरिक्त भारत के बड़े२ रईस जमींदार रियासतों के मंत्री, सेठ साहूकार आदि सब पुरुष आपके नाम पर श्रद्धा करने वाले और आपके निर्दिष्ट मार्ग पर चलने वाले हैं। उनके नाम निर्देश में बहुत विस्तार हो जायगा।

इस प्रकार पंडितजी का जीवन आश्चर्य्य, विचित्रता, अपूर्वता और उपदेशों की प्रचुरतासे भरपूर है। आपने प्रायः सम्पूर्ण भारत की अनेक वार परिक्रमा कर डाली है। सब ही स्थानों में आपने पर्य्यटन कर सनातन धर्म्म का विजय पटह ताड़ित किया है। रामेश्वर, जगन्नाथ, द्वारका धाम तथा पवित्र पुरियों एवं अन्य तीर्थों की यात्रा आपने पृथक् और सकुटुम्ब दोनों प्रकार से की है। हैद्राबाद दक्षिण में भी आपने तानवार धर्म की धूम मचाई है। वहां के हिन्दू और मुसलमान आपके व्याख्यानों की मधुर भाषा और विषययोजना पर बहुत ही मुग्ध होचुके हैं। आपकी वहां एक

बड़ी शानदार सवारी निकाली गई थी, जिसमें शाही इम्पीरियल सर्विस फौज खड़ी की गई थी, और फौजी सलामी की गई थी। जो एक मुसलमान रियासत में किसी हिन्दू के लिए असाधारण और अपूर्व बात थी इसके अतिरिक्त अन्य कितनी ही देशी रियासतों में आप पधारे हैं और अपूर्व सन्मान प्राप्त किया है। आपने अपने अमूल्य समय का एक अच्छा भाग मारवाड़ी जाति के उद्धार और उन्नतिके ही अर्थ व्यय किया है। आपके इस परम उपकारको कोई भी सच्चा और समझदार मारवाड़ी भूल नहीं सकता। पंडितजी के देवोपम चरित्रकी घटनाएं एकसे एक बढ़कर हैं। पंडित जी के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। दो लड़कियें और एक पुत्र काल कवलित हुए। बड़े पुत्र श्री हरिहर स्वरूप शास्त्री और दूसरे श्री मौलिचन्द्र शर्म्मा हैं। दोनों बी० ए० तक पढ़े हैं और धर्म-निष्ठ हैं। परमात्मासे हमारी यही विनति प्रार्थना है कि वे हमारे शिरपर पूज्य पंडित दीनदयालुजी सदृश महात्मा और महा पुरुषका अस्तित्व सदाके लिए बनाए रक्खें और यावत चन्द्रदिवाकर हम उनके अपूर्व लाभ प्रद उपदेशों से सर्व्वदा कृतार्थ होते रहें।

## श्रीयुत पंडित हरिहर स्वरूप जी शर्म्मा

फाल्गुन शु० १२ रविवार को सम्वत् १९४९ को झज्जर में आपका जन्म हुआ श्रीमान् पंडित दीनदयालु जी शर्म्मा के आप प्रथम पुत्र हैं। पंडितजी ने अंग्रेजी के इस प्रधान युग में भी पहले आप को देववाणी संस्कृत का अध्ययन कराया। बाल्यकाल से ही पठन पाठन में आपको अभिरुचि अत्याधिक है, कुछ कालतक ओरियण्टल कालेज लाहौर में और विशेष प्राइवेट रूपसे आपने अध्ययन किया है। सन् १९११ में ३४७ नम्बर लेकर आपने पंजाब विश्व-विद्यालय की 'शास्त्री' परीक्षा पासकी और पंजाब भरमें ४ थे नम्बर पर उत्तीर्ण हुए। फिर आपको अंग्रेजी पढ़ने का भी शौक हुआ। सन् १९१३ में मैट्रिकुलेशन पास किया। अनन्तर ४ वर्ष तक धर्म-प्रचार कार्य में व्याप्र रहने से पठन क्रम छोड़ दिया, परन्तु माननीय मालवीयजी आदि मान्य नेताओं के अनुरोध से फिर अध्ययन शुरू किया और बी० ए० की परीक्षा दे डाली। आपकी विद्वत्ता और

प्रौढ लेख शैली पर प्रसन्न हो जगन्नाथ पुरी के जगद्गुरु श्री शंकराचार्य महाराज ने गत हरद्वार कुम्भ के अवसर पर आपको "विद्या भूषण" की पदवी से अलंकृत किया।

आप देववाणी संस्कृत और राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रौढ लेखक और वक्ता हैं। सर्व प्रथम हिन्दू विश्व विद्यालय के डेपुटेशन में श्रीनगर (काश्मीर) में श्री महाराजा काश्मीर और दर्भंगाधीश्वर की उपस्थिति में आपने संस्कृत में व्याख्यान दिया था वहां की पण्डित मण्डली आपके व्याख्यान पाटव से बड़ी ही मुग्ध हुई थी। उसके अनन्तर भारत भर के भ्रमण में मद्रास के पंचियप्पा कालेज में दर्भंगा महाराज की अध्यक्षता में आपने धाराप्रवाह संस्कृत में भाषण दिया था, जिसकी मद्रास के पण्डितों ने बहुत ही प्रशंसा की थी। संस्कृत साहित्य संमेलन में भी आपने कितने ही संस्कृत लेख पढ़े और भाषण दिये हैं। हिन्दी भाषण तो आपने बहुत ही दिए हैं और बड़े २ सम्मेलनों में अपनी ओजस्विवक्तृता से श्रोताओं पर प्रभाव जमाया है।

आपने संस्कृत और हिन्दी के बहुत से पत्रों में विविध विषयों पर अनेक लेख लिखे हैं। आपने नीचे लिखे संस्कृत और हिन्दी पत्रों में लेख लिखे हैं और लिखते रहते हैं—

संस्कृत—'मञ्जु भाषिणी' काञ्ची वरम, विज्ञान चिन्ता मणि, पट्टाम्बि, शारदा प्रयाग, संस्कृत रत्नाकर जयपुर, सहृदया मद्रास, आर्य प्रभा चट्टग्राम, विद्योदय, भाट पाड़ा आदि। हिन्दी—भारतमित्र, कलकत्ता समाचार, श्रीवेंकटेश्वर, अभ्युदय, भारतबन्धु, पाटलिपुत्र, हिन्दी समाचार, सरस्वती, मर्यादा, मनोरमा श्री दर्पण, सारस्वत, ब्रह्मचारी आदि। उर्दू के भी पत्रों में आपके लेख छपते हैं। इन भाषाओं के अतिरिक्त बंगाल, गुजराती आदि देशी भाषाओं का भी आपको अच्छा ज्ञान है।

हरद्वार कुम्भ के समय जो अखिलभारतीय सनातन धर्म महा सम्मेलन गठित हुआ था उसके आप संयुक्त मंत्री रहे। दर्भंगा महाराज उसके सभापति थे। मथुरा और लाहौर के भारी अधिवेशन आपके ही प्रबन्ध से अपूर्व समारोह और भारी धूम धाम

से सम्पन्न हुए। इस सम्मेलन की तरफ से दरभंगाधीश्वर की अध्यक्षता में जो धर्म प्रचारार्थ भारत-भ्रमण हुआ था उसमें आदि से अन्त तक आप साथ रहे और धर्म लेख और वक्तृता द्वारा उपयुक्त प्रचार किया। गत प्रयाग कुम्भ के अवसर पर महा सम्मेलन और महासभा का कलेवर मिलाकर एक संस्था बन गई है। माननीय मालवीयजी उसके मंत्री हैं और आप संयुक्त मंत्री, किन्तु मालवीयजी की कार्यान्तर व्यग्रता के कारण अभी उसका कार्य सञ्चालित नहीं हुआ है। भारत के कितनेही देशी नरेशों, उनके मंत्रियों, देशके नेताओं, सेठ साहूकारों और साहित्य सेवियों से आपका घनिष्ट परिचय है और उनपर प्रभाव है। सनातन धर्म कालेज में लाहौर के आप धर्मशिक्षा के अवैतनिक प्रोफेसर और धर्मशिक्षा विभाग के अवैतनिक अध्यक्ष नियत हुए। पर अन्य कामों के कारण अधिक समय न दे सके। कालेज की धार्मिक टेक्स्ट बुक कमेटी के आप मंत्री हैं। भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के भी मंत्रियों में आप हैं। ऋषिकुल हरिद्वार के ट्रस्टी और उसकी समिति के आप सदस्य हैं। ऋषिकुल फिरोजपुर दिल्ली के भी आप ट्रस्टी हैं। गौड़ महासभा और गौड़ जमींदारा एसोसिएशन मैनेजिंग कमेटियों के भी आप सदस्य हैं। भज्जर की हिन्दू सेवा समिति के आप सभापति हैं। इसी प्रकार अन्यान्य कितनी ही सभा सोसाइटियों में आपका उद्योग है। इससे यह पता चलेगा कि आपका पब्लिक कामों के साथ कितना लगाव है। धर्म देश और समाज की सेवा के लिए आप सर्वदा समुद्यत रहते हैं। आपके कनिष्ट भ्राता श्री मौलिचन्द्र शर्म्मा भी आपकी ही भांति विद्याव्यसनी और उच्च विचार के हैं। आपने १७ वें ही वर्ष में आनर्स सहित बी० ए० की परीक्षा इस वर्ष हिन्दू कालिज से दी है।

## श्रीमान् पंडित ऋषिरामजी शर्मा रईस लाहौर

आप बड़े धार्मिक व्यक्ति हैं। आपके पूर्व पुरुष रोहतक के रहने वाले थे अब लाहौर में प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। पंडितजी ने सनातनधर्म कालिज तथा अन्य कई संस्थाओं में बड़ा कार्य किया है। आपका विस्तृत जीवन चरित्र समय पर न आने के कारण नहीं दिया गया।

महामहोपाध्याय राममिश्र.

सद्धर्मप्रचारक प्रेस देहली.

गौडकुलभूषण

आयुर्वेदाचार्य पण्डित हीरालालशर्मा.

## महामहोपाध्याय पंडित रामामिश्र जी शास्त्री ।

स्वर्गीय शास्त्री जी एक बड़े व्यक्ति थे आप आजन्म काशी में रहे। आप का जन्म गुड़गांव जिले में हुआ। आपने तुरीयमीमांसा आदि अनेक संस्कृत ग्रन्थ रचे। आपका पूर्ण चरित्र समय पर प्राप्त न हो सका।

---

## पंडित गरुड़ध्वज शास्त्री ।

आप कुरुक्षेत्र निवासी हैं। आपने एक ब्रह्मचर्याश्रम स्थापन कर संस्कृत का बड़ा उपकार किया है। इनका भी जीवन चरित्र समय पर न आसकने के कारण नहीं दिया जा सका।

---

## श्रीयुत पं० हीरालाल शर्मा वैद्यराज ।

कुरुक्षेत्र प्रान्त में निगाधु नाम का एक ग्राम है वहीं के निवासी आप के पूर्वज थे। पं० गंगादत्त शर्मा अच्छे प्रतिष्ठित कुल के पाराशर गोत्रिय ब्राह्मण थे। आपके यजमान बुद्धसिंह जी आप को अपने साथ अम्बाला प्रान्त के 'रावली' ग्राम में सं० १९२६ में लिवा लाये थे। आप के पुत्ररत्न सं० १९१४ चैत्र मे उत्पन्न हुवे। इनका नाम हीरालाल रक्खा गया। तब आज कल ऐसी पठन पाठन की सुव्यवस्था न थी आप के पिता जी आप को पढ़ाना लिखाना न चाहते थे परंतु आपने गुप्त रूप से उपाध्यायों से अक्षराभ्यास कर लिया और थोड़े दिन में अच्छे पंडित होगये। आपका विवाह पं० कन्हैयालाल जी के यहां खुड़े ग्राम में हुआ। इसी बीच में आपने आर्य समाज की पाठशाला अम्बाला छावनी में नौकरी करली फिर जैनपाठशाला में भी की। इसी बीच में आप के पिता जी रुग्ण हुवे तब एक वैद्य महाशय को बार २ बुलाने पर भी न आने पर आपने प्रण किया कि अब काशी जाकर आयुर्वेद पढ़ना चाहिये। इसी रोग में आपके पिता जी स्वर्गवासी होगये। फिर आपने नौकरी त्याग काशी गमन किया। स्व० ना० श्री स्वामी वसिष्ठ जी आदि

की कृपा से शीघ्र ही आयुर्वेद पढ़कर घर लौट आये। कुछ दिन श्री० पं० भीमसेन जी शर्मा से भी व्याकरणादि पढ़ा। आरम्भ में आप को ज्योतिष से बहुत प्रेम था, कई पञ्चांग बनाये और जन्म-पत्रियें बनाते रहे। एक पाठशाला भी घर पर ही खोलदी उस में अनेक विद्यार्थी पढ़ा कर पंडित किये। आपने कथायें भी खूब बांचीं। अन्त को यह सब छोड़ कर सम्वत् १९५३ में आपने एक औषधालय खोला, जिससे अब तक सहस्रों मनुष्य स्वास्थ्य लाभ कर चुके हैं। आप के ४–५ पुत्र और २–४ कन्यायें हुईं। जिन में से एक इस ग्रन्थ के लेखक तथा एक पुत्री बचे। आप बहुत ही सीधेसादे पुराने ढंग के पंडित हैं। आप बड़े मिलनसार और उदार हैं। परोपकारी और सत्यवक्ता यह गुण आप में विशेष हैं। आचार इतना है कि हलवाई की मिठाई बाजार का घृत दुग्ध, अन्य का बनाया भोजन, ब्राह्मणेतर के हाथ का जल बीसियों वर्ष से त्याग रक्खे हैं। ३०-३१ वर्ष से आपका अग्निहोत्र व्रत निर्विघ्न चला जाता है। सब शास्त्रों में आपकी गति है। सन् १९११ से आप जयपुर यूनिवर्सीटी के आचार्य शास्त्री और उपाध्याय परीक्षाओं के परीक्षक नियत हैं। आपकी पाठशाला व रसशाला से संसार को बड़ाभारी लाभ पहुंचा है। यू० पी० और पंजाब में सब से प्रथम रसप्रयोग की परिपाटी आपने ही चलाई थी। सन १९०६ में कुरुक्षेत्र में सूर्य ग्रहण पर पुराण विषय पर कोल निवासी पं० लक्ष्मीचन्द्र से विवाद होने पर 'पुराण भेद' पुस्तक बनाकर छपाई। हम ईश्वर से प्रार्थी हैं कि ऐसे परोपकारी विद्वान से शतसमाः देश का कल्याण होता रहे।

ले० पं० जी के शिष्य कुन्दनलाल शर्मा

वैद्यराज, करनाल।

पण्डित रामचन्द्र शर्मा बी० ए०

सद्धर्मप्रचारक प्रेस. देहली.

## गौड़ महासभा व उसके कार्यकर्त्ता ।

ब्राह्मण जाति की अवनति इस समय में जैसी कुछ हो रही है वह सबको विदित है । ऐसे समय में सारस्वत सभा सनाढ्य महामण्डल कान्यकुब्ज महासभा आदि संस्थायें स्थापित करने का विचार हुआ और वह स्थापित हो गई । अपनी गौड़ जाति की दशा को देखकर स्वनामधन्य पं० रामचन्द्र जी शर्मा का भी ध्यान गौड़ महासभा स्थापित करने की ओर गया ।

---

### पं० रामचन्द्र जी शर्मा

आप का जन्म कुरुक्षेत्र में वत्स महर्षि के गोत्र में पण्डित शिवकरण दास जी के सम्वत् १९१६ वि० कार्तिक कृष्णा सप्तमी को हुआ । आपने सन् १८८५ में बी०ए० परीक्षा उत्तीर्ण की । आप का विवाह १३ वर्ष की आयु में ही जगाधरी में हो गया था । आप के सन् १८८५ में ज्योतिप्रसाद उत्पन्न हुवे । पण्डित जी के श्वसुर ने ज्योतिप्रसाद जी को अपना दत्तकपुत्र बनाया । पण्डित ज्योतिप्रसाद जी ने एम०ए० और एल०एल० बी० की परीक्षायें पास कीं । महासभा का कार्य १॥ वर्ष तक किया । खेद है ज्योतिप्रसाद जी की अस्वाभाविक मृत्यु सं०१९७२ जुलाई २१ को हो गई । पं० रामचन्द्र जी महाराज कई वर्ष तक महासभा के महामन्त्री रहे । अब भी प्रधान पद पर रह कर यथाकदा जाति सेवा करते रहते हैं

---

## रायबहादुर श्रोत्रिय रघुवंशलाल जी एम० ए० सेशन जज
### सभापति श्रीगौड़ महासभा, कुरुक्षेत्र ।

श्रोत्रियवंश के भूषण श्री० पं० बिहारीलाल जी के २७-५ ता. सम्वत १९१६ वि० को आप का जन्म बिजनौर में हुआ, आपने प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही समाप्त की । सारस्वत चन्द्रिका अमरकोश आदि संस्कृत ग्रन्थ पढ़े । अनन्तर आपने फर्रुखाबाद और जौनपुर (जहां कि आप के पिता जी मुन्सिफ थे) में ही स्कूल में पढ़ कर मैट्रिक परीक्षा पास की । तदनन्तर आप प्रयाग के सेन्ट्रल म्युरि कालिज में प्रविष्ट हुए । और सन् १८८२ में बी० ए० किया । सन् १८८८ में कलकत्ता यूनिवर्सिटी का साइन्स का एम० ए० किया . दिसम्बर १८८९ में वकालत की परीक्षा पास की । १८९० में मुरादाबाद में वकालत करते रहे । आप की विद्वता को गवर्नमेण्ट ने देख कर सन् १८९१ में आप को मुन्सिफ बनाया । २४ दिसम्बर सन् १९०७ तक आप मुन्सिफी करते रहे । तदनन्तर सबजज के पद पर आप मेरठ मिरजापुर और बरेली में प्रतिष्ठित रहे । इसके पश्चात आप आजमगढ़ के डिस्ट्रिक्ट और सेशन जज हुये । गवर्नमेंट ने आप की सेवाओं से प्रसन्न हो कर सन १९१५ में आपको "राय बहादुर" के सर्वोच्च पद से विभूषित किया । आपने श्रीमती गौड़ महासभा में प्रारम्भ से ही योग दिया और उस की अन्तरंग सभा के प्रधान सभापति चिरकालसे रहे हैं । खेद है आपका देहान्त सन १९१८ के प्रारम्भ में ही हो गया था

गौडकुलभूषण

रायबहादुर, श्रोत्रिय रघुवंशलाल, M. A., डिस्ट्रिक्ट व सेशनजज.

## रायसाहब पं० नन्दकिशोर शर्मा ।

संयुक्तप्रान्त के अलीगढ़ नामक ज़िले के अन्तर्गत माण्डव्य नगर (मड़ू) में गौड़कुल भूषण जमदग्नि गोत्रोत्पन्न पं० चुन्नी लाल जी यक्स् इन्सपक्टर के पवित्र शरीर से ज्येष्ठ सुदी १२संवत १९३४ के शुभ दिवस आपका जन्म हुआ। पिताने गुण कर्म और स्वभाव के तद्रूप आपका नाम नन्दकिशोर रक्खा और बाल्यावस्था ही में कामनाओं के पूर्ण करने वाले भगवान विश्वनाथ की जगत प्रसिद्ध वाराणसी की परमपवित्र भूमि में प्रारम्भिक शिक्षा प्रारम्भ कराने की अभिलाषा से बनारस लेगये और वहीं शिक्षा प्रारम्भ कराई। किशोर अवस्थामे उक्त शिक्षा पण्डितजीने क्वींस कालेजमें कुछकाल तक ग्रहणकर आगरा में समाप्त की।

अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात इस प्रश्न पर विचार होने लगा कि अब कौनसा मार्ग ग्रहण किया जाय ? पिता जी के सच्चे उपदेशों के भाव हृदयमें भरे हुए थे अर्थात भारतकी उन्नतिका मूल कारण क्या ; है , क्यों संसार के अन्य देश भारत के याचक हैं, क्यों भारत अंग्रेज़ी महान साम्राज्य का प्राण बनरहा है, भारत ने किस अद्वितीय शक्ति के द्वारा जगत के प्राणियों का प्राण बनकर अखिल भूमण्डल मे अपना सर्वोच्च पद प्राप्त किया है इत्यादि बातों पर गम्भीर विचार कर सब का एक ही उत्तर निश्चित किया गया कि इन सब काहेतु जगत् के प्राणियोंकी मात भारत वसुंधरा (पृथ्वी) है पं० नन्दकिशोर शर्मा की स्वाभाविक प्रेमलता , कृषि उन्नति के लिये पुष्पित हो उठी। आपने कानपुर के कृषीकालेज मे कृषिविद्या की शिक्षा प्राप्त करना प्रारम्भ कर कुछ ही समय में इस कॉलेज से फर्स्टक्लास डिप्लोमा प्राप्त किया। अस्तु जिस स्थान मे थोड़े दिन भी आप का रहना हुआ वहां की कृषी की ऐसी उन्नति हो गई कि मानो उस की काया पलट गई , आपका अधिक समय

बुन्देलखण्ड के सराकिल की कृषि उन्नति के लिये भारत सरकारने जिला बांदा के अन्तर्गत अतर्रा नामक स्थान पर एक 'गृहन' फारम' स्थापित किया था, आप को वहां का डिविजनल सुपरिण्टण्डेण्ट नियत कर पूर्ण भार दे दिया । कृषि की उन्नति में जो कुछ वहां पर आपने किया उनका आभास श्रीवेङ्कटेश्वर आदि हिन्दी समाचार पत्रों में और अंग्रेजी पेपरों द्वारा समय समय पर जनता को मिलता रहा है । वहां के लिये मूर्ख कुपढ़ किसानों को ऐसे ढंग से समझा बुझाकर शिक्षित कर दिया कि वे लोग भी अच्छी तरह से समझने लगगये कि 'अमरीकन' कपास के बोनेस क्या लाभ है तथा किस तरह की खेती से कैसा फायदा मिल सकता है इत्यादि । आसपास के रईस ताल्लुकेदार महाजन तथा अफसर आपके सर्वप्रिय उदार चरित्र एवं उन्नति की अप्रतिम योग्यता देख प्रेमपूर्वक सन्मान करने लगे ।

उपाधि—आपकी योग्यता से सरकार भी अच्छी तरह परिचित होगयी इस लिये जहां पर कोई विशेष कार्य होता आप भेजे जाते थे सन १९१०—११ में प्रयाग की सुविख्यात प्रदर्शनी हुय-सरकार ने आपको इस प्रदर्शनी के कृषी विभाग का अधिकार नियत किया फल यह हुवा कि अच्छे काम करने के उपलक्ष में दिल्ली दरवाजे से आनर सार्टीफिकट दिया गया तथा । सरकार ने सन्१९१७ई० से बांदा जिले का आनरेरी मजिस्ट्रेट का मान देकर सन्१९१८ई० में 'रायसाहेब' की उपाधि से विभूषित किया । इसी सन् में आपकी सेवाओं से प्रसन्न हो बुंदेलखण्ड की प्रान्तीय सरकार ने एक पिस्तौल पुरस्कार रुप में देखकर अपना गुणग्राहकता का परिचय दिया एवम् हिन्दू विश्व विद्यालय बनारस की प्रबन्धक समिति ने आपको इस विश्वविद्यालय के कृषि विभाग का सभासद निर्वाचित किया । इस समय उक्त श्रीमान् पं०नन्दकिशोर शर्मा

॥ ओ३म् ॥

ॐ विश्वानि देव सवितुर्दुरितानि परा सुव । यद्भद्रं तन्न आसुव ॥

॥ गौड़ब्राह्मण कुल भूषण ॥

श्री रायसाहब पंडित नन्दकिशोर शर्मा गौड़, आनरेरी मजिस्ट्रेट व अवसर प्राप्त डिप्टी डायरेक्टर कृषी विभाग संयुक्त प्रान्त, मेम्बर हिन्दू विश्वविद्यालय काशी (कृषी विभाग), उप सभापति श्रीमती गौड़ महासभा, मेम्बर गौड़ जिमीदारी एशोशीयेशन, मेम्बर मैनेजिंग कमेटी अखिल भारतवर्षीय गौड़ महासम्मेलन इत्यादि इत्यादि

१९१९.

कृषि विभाग के १३ डिवीजन के डिप्टीडाइरेक्टर के पद पर कानपुर में काम कर रहे हैं।

जाति सेवा-जिस प्रकार आप की रुचि कृषि की उन्नति में है उससे अधिक परम पवित्र जाति-सेवा कार्य मे आप योग दिया करते हैं। प्रायः धार्मिक और सेवार्त्त संस्थाओं, अनाथालय, विधश्रम एवम शिक्षा और सर्वोपयोगी संस्थाओं को अपनी शक्ति के अनुसार सहायता देते रहे हैं तथा दे रहे हैं। जाति सेवा करना प्रत्येक पुरुष का कर्तव्य अथच परम पावन कार्य है। यह उद्देश्य सदैव आप के अन्तःकरण मे विराजमान है अस्तु सन १९२८ ई० में श्रीमती गौड़ महासभा की ओर से आप 'उपसभापति' निर्वाचित किए गए छात्रवृत्ति वितीर्ण करने वाली समिति के आप विशेष कार्य कर्ता मेम्बर हैं। हम ईश्वर से प्रार्थी हैं कि आप की उत्तरोत्तर अभिवृद्धि होती रहे।

---

## महासभा के उपसभापति पं० हरिशङ्कर जी शास्त्री

आप एक बड़े भारी विद्वान, कई भाषाओं के ज्ञाता विलक्षण प्रतिभा व्यक्ति हैं। आप के पुत्र पण्डित शिवशङ्कर जी भी पिता के अनुरूप हैं। आपका कार्य बड़ा विस्तृत है। आप महासभा में योग देते रहे।

---

# राय साहिब पं० प्रभुदयालु जी शर्मा

### बी० ए० एल एल० बी

आप का जन्म औचन्दी ग्राम ( देहली प्रान्त ) में पं० कन्हैया लाल जी के यहां हुवा । आपकी शिक्षा महासभा के आश्रय से हुई और शिक्षा समाप्ति के अनन्तर सभा की सहायता वापिस करके आपने बड़ी उदारता दिखाई । आपने महासभा में नवजीवन डाल दिया है । आपने एक और गौड़ जमींदारी एसोशियेशन बनाई है । आपके उद्योग से कुछ जिलों में ब्राह्मणों को भूमिस्वत्व भी मिलने लगा और महासमर में आपने गौड़ों की पल्टने खड़ी करवाकर बड़ी सेवा की, इस सेवा से प्रसन्न होकर गवर्नमेन्ट ने आपको "राय साहिब" बनाया । दो बार महासभा के महामन्त्री पद पर आपने कार्य किया । हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपकी रुची उत्तरोत्तर जाति सेवा में बढ़ती है ।

स्वर्गवासी श्रीयुत पंडित तुलसीराम स्वामी
सम्पादक वेदप्रकाश मिरट.

पंडित हरियशरामजी शास्त्री-आप बड़े भारी नैयायिक थे और इस प्रांत में बड़े प्रतिष्ठित विद्वान् थे।

छत्रपति पंडित श्रीधरजी शास्त्री-इस प्रांत में आप की विद्वत्ता प्रसिद्ध है आप गौड़कुलभूषण हैं।

## श्रीयुत पं० तुलसीरामजी स्वामी।

नाहन राजधानी में स्वामी वंश में पं० धर्मदास जी रहते थे तत्कालीन महाराज से दान न लेने पर वैमनस्य होजाने पर आप देववंद होते हुए परीक्षितगढ़ आकर रहने लगे। आपके पुत्र हीरामणिजी हुए। इनके स्वामी रूपलालजी हुए। इनके सेवाराम १ उत्तमचंद्र २ राधेलाल यह तीन पुत्र हुए उत्तमचंद्र जी के २ पुत्र १ पं० चिरञ्जीवलाल २ ठाकुरदास हुए। चिरञ्जीवलाल जी के वासुदेव और हजारीलाल यह दो पुत्र हुए उपर्युक्त सब विद्वान् और धर्मात्मा थे। पं० हजारीलालजी के १२ संतान होकर नष्ट होचुके थे। आपके यहां ज्येष्ठ शुक्ला ३ शुक्रवार संवत १९२४ को परीक्षितगढ़ में पुत्र रत्न उत्पन्न हुए। आपका शुभनाम तुलसीराम रक्खा गया। आपके दो वर्ष पश्चात [सं० १९२७] में पं० छुट्टनलाल जी स्वामी का जन्म हुआ।

पं० तुलसीराम की विलक्षण बुद्धि थी बचपन से ही पढ़ने में चित्त लगता था ५ वर्ष के होनेपर अक्षराभ्यास कराया गया परंतु पिताजी मदरसे में न भेजकर अपने आपही पढ़ाया करते थे और जब कोई बूझता था कि लड़कों को मदरसे में क्यों नहीं भेजते तब यही उत्तर देते थे कि आजकल लड़कों में दुराचार की मात्रा बढ़ रही है बिन पढ़ा सदाचारी अच्छा और पढ़ा दुराचारी बुरा होता है।

पं० तुलसीराम जी के पिता शतरंज खेलने में बड़े चतुर थे इसी लिए इनकी बैठक ठाकुरद्वारे में खिलाड़ी या सीखनेवाले बहुत आते थे। एक दिन पढ़ते २ तुलसीराम ने शतरंज की ओर देखा और पिताजी ने डपटा फिर स्वयं कुछ सोचकर शतरंज घर के चबूतरे पर जो कूआ था उसमें फेंकदी। उस दिन से यह जाना कि यह शतरंज पढ़ने में विक्षेप करेगी खेलना बंद कर दिया।

९ वर्ष की अवस्था संवत् १९३३ के आषाढ कृष्णा ८ मी को यज्ञोपवीत हुआ उसी दिन बड़ा ब्रह्मभोज हुआ जिसमें बहुत रुपया व्यय हुआ। यज्ञोपवीत के दिन से ही १००० गायत्री नित्य जपने का नियम कराया था उस समय की प्रथा के अनुसार उसी अवस्था में विवाह भी कर दिया गया। विवाह के पत्र सर्वत्र भेजने से पूर्व १ पत्र श्री कृष्णचन्द्र भगवान के नाम लिखकर ठाकुरजी के सिंहासन पर धरा करते थे सब कार्यों में इसी प्रकार बुलाते थे कि गोलोक से आइये। गढ़मुक्तेश्वर बारात गई सानंद बरात घर आई। ९ वर्ष की अवस्था से ही पिता की आज्ञा से १००० गायत्री नित्य जपते थे नित्य प्रातः स्नान करते थे। २ घंटे गायत्री जाप्य सन्ध्या में लगाने अवश्य ही होते थे इसी प्रकार कई वर्षतक गायत्री जप किया।

पं० तुलसीराम के पढ़ाने की प्रबल इच्छा रही परन्तु गायत्री जाप्य को कहा करते थे कि जो देरी जाप में होगी उससे बुद्धि शुद्धि होगी और फिर पाठ शीघ्र याद होगा कई लक्ष गायत्री का जाप पं० तुलसीरामजी ने किया।

१९३४ संवत् का भयंकर दुर्भिक्ष आया स्वामी हजारीलाल के विद्यार्थियों को भिक्षा कम मिलने लगी तब एक सीताराम विद्यार्थी को अपने शिष्यों के ग्राम मर्वासे भिक्षा का प्रबन्ध कराया।

पं० तुलसीराम जी के पढ़ाने को समय कम मिलता जान एक पं० नारायणदत्त दौलई निवासी को अपने स्थान पर रख लिया। संवत् १९३५ के चैत्र में पं० तुलसीराम ११ वर्ष के थे कि भयंकर शीतला रोगाक्रांत हुए। स्वामी हजारीलाल पुत्र स्नेह से ईश्वर प्रार्थना करते थे २० दिन के अनुमान त्वचाहीन मांस पिंड के समान राख में पड़े रहे। बहुत लोग कहते थे कि स्वामीजी आप कुछ दिन को स्नान करना छोड़दें तुम्हारे पुत्र पर परछावां पड़ा है। पंडितजी ने उत्तर दिया कि स्नान करना नित्य कर्म है सन्ध्या स्नान छोड़ने से ब्राह्मणत्व नष्ट होता है। स्नान करना अधर्म नहीं जो भगवान अप्रसन्न हों। स्वामी हजारीलाल ने हजार वार लोगों के कहने की कुछ पर्वा न की और नित्य स्नान सन्ध्या पूजा करते

रहे ईश्वर प्रार्थना रात भर भी कई दिन करते देखे गये। अधिक शोक इस बात का था कि तुलसीराम जी का विवाह होचुका था।

उस परम पिता जगद्रक्षक प्रभु ने सच्चे भक्त की प्रार्थना स्वीकार की और दिन २ तुलसीराम को आराम होता चला सं० १९३६ में तुलसीराम जी को कोश कुछ व्याकरण का साधारण बोध होगया। सारस्वत समाप्त होचुका चन्द्रिका रघुवंश काव्य का आरम्भ किया।

पिताजी को संतान जीवन की निराशा ने यह प्रभाव डाला था कि जो बड़े२ लिखे पुराने नये पुस्तक हैं,सबको जो जिसने मांगा उसे देदिया दान कर दिया किसी को पुस्तक के साथ लोटा या वस्त्र भी कोई २ देदिया करते थे।

अब पं० तुलसीराम पढ़ने लगे और जीवन की आशा हुई तब पुनः अनेक संस्कृत के ग्रंथ संग्रह किये मोल लिये कुछ स्वयं लिखे।

संवत् १९३६ तक स्वयं व्याकरण पढ़ा कर फिर सीताराम विद्यार्थी के साथ गढ़मुक्तेश्वर में पढ़ने के लिये पं० तुलसीदास जी को पिता जी ने भेजा और कुछ मास तक श्री पं तुलसीराम जी की माता ने भी वहां वास किया था पं० तुलसीराम जी की ननसाल भी गढ़मुक्तेश्वर में ही थी और सुसराल भी। संवत् १९३७ से ३९ तक ३ वर्ष वहां पं० श्री लज्जाराम जी से पढ़े। व्याकरण काव्य में अच्छा प्रवेश था। भागवत के श्लोक महा कठिन २ पिताजी बूझा करते थे। संवत् १९३९ में छोटे भाई (छुट्टनलाल) का विवाह हुआ घर पर रहना हुआ, सम्वत् १९४० विक्रम में मवाना श्री पं० सोहनलाल जी के पास पढ़ने गये वहां व्याकरण के ग्रन्थ पढ़े।

संवत् १९४१ में फ़ैर्ला ग्राम में भागवत की कथा बांची जिस में रुपया और ५ बीघा भूमि भी भेट में प्राप्त हुई और संवत् १९४१ में ही कुछ अंग्रेजी पढ़ने की इच्छा हुई और परीक्षितगढ़ में ही लाला धासीराम पटवारी के स्थान पं० बालमुकुन्द पांडे मास्टर से ३। ४ मास में ३ किताबें पढ़ली वहीं सत्यार्थप्रकाश का अवलोकन किया और वेदांगप्रकाश वेदभाष्य भूमिका देखकर आर्यसमाज की

और कुछ काव हुआ संवत् १९४२ में देहरादून जाकर श्री पंडित युगलकिशोर जी आर्यसमाज की पाठशाला के अध्यापक थे। अष्टाध्यायी महाभाष्यादि उनसे पढ़ा संवत १९४३ में जन्माष्टमी का दिन था।

## परीक्षितगढ़ में पहिला व्याख्यान।

लाला घासीराम जी के विशाल सहन में हुआ इस दिन तक इस नगर निवासीयोंको कभी किसी के व्याख्यान का ज्ञान भी न था लाला घासीराम मेरठ समाजके सभासद थे इस समय सन् ८८६ ई० था इसी सन् में लाहौर में कालिज स्थापित हुआ था कुछ दिन पीछे पुनः तुलसीराम जी देहरा पधारे और पं० दिनेशराम जी वहीं पढ़ाते थे फिर उनके पद पर भी तुलसीराम जी ने कुछ दिन काम किया।

परीक्षितगढ़ पुनः आकर फिर जन्माष्टमी के ही दिनं १२।८।१८८७ को व्याख्यान हुआ और उसी दिन वहां समाज भी स्थापित हो गया और दोनों भाई समाज में नामांकित हुए।

इसी संवत् में मेरठ नगर में श्रीमती आर्य्य प्रतिनिध सभा का प्रथम संगठन हुआ।

## देवनागरी स्कूल मेरठ में आगमन।

पं० तुलसीराम स्वामी उक्त स्कूल में संस्कृत टीचर हुए थे तब पिताजी ने बहुत कहा कि जो वेतन वहां मिलती है इतना हम स्वयंदेंगे तुम मेरे को भागवत सुना दिया करो मेरी अब वृद्धावस्था है परन्तु तुलसीराम जी को स्कूल में रहना ही पसन्द आया और उसी सन् ८८ में संस्कृत प्राइमर बना कर राम प्रेस लेथो मेरठ में छपाया मूल्य -) रक्खा।

संवत् १९४५ में महाराज कुचेसर के यहां मान प्राप्त किया उनके पण्डितों से शास्त्रार्थ हुआ। संवत् १९४६ में परीक्षितगढ़, मवाना, आरा, दानापुर, किराशादि अनेक नगरो में सास्त्रार्थ किये संवत् १९४७ में पिता जी का देहांत होगया। संवत् १९४८ में

श्रीमती आर्य प्रतिनिधि सभा के उपदेशक हुए। प्रयाग, बनारस, मिर्ज़ापुर, आदि अनेकों नगरों में व्याख्यान दिये शास्त्रार्थ किये। सम्वत् १९५२ में बहुत बीमार रहे।

संवत् १९५० में सरस्वती प्रेस प्रयाग में मैनेजर हुये उस समय प्रेस उन्नति पर पहुंचा कर आर्यसिद्धान्त में लेख लिखे, विपक्षियों को उत्तर दिये, अनेकों शास्त्रार्थ किये, अनेक पुस्तक रचीं, छपाईं। संवत् १९५१ से मेरठ में स्वामी प्रेस खोला, वेदप्रकाश मासिक पत्र निकाला और भास्कर प्रकाश आदि अनेक ग्रन्थ रचे।

श्री पं० तुलसीराम स्वामी ने जनवरी सन् १८९७ में वेदप्रकाश मासिक पत्र मेरठ से आरम्भ किया और अपना स्वामी प्रेस खोला, मासिक पत्रके लेखों ने आर्यसमाज को आकर्षित किया।

सं० १९०१ में श्रोत्रिय शङ्करलाल का मुकद्दमा उक्त महाशय ने 'तीर्थस्नान से पाप नहीं कटते', इस पर ५००) की शर्त्त धरदी थी देवबन्द की मुंसफी में मुकद्दमा चला, काशी पञ्जाब यू० पी० आदि देशों के १८ पण्डितों की गवाही मांगी गई। गवाही में सनातनी अधिक थे, पं० तुलसीराम जी एक ही आर्य थे, तो भी अदालत में पं० तुलसीराम जी के पक्ष का विश्वास कर दावा श्रोत्रिय जी के अनुकूल हुआ। आप कई वर्ष तक आर्य प्रतिनिधि सभा यू० पी० के प्रधान रहे। आर्यसमाज के पक्ष में बहुत ग्रन्थ आपने बनाये।

सन् १९१३ के आरम्भ में श्रीमती आर्य प्रतिनिधि सभा के कार्यक्रम से असन्तुष्ट होगये उस के सुधार से निराश हुए। गुरुकुल को कांगड़ी के पीछे अंग्रेज़ी की लहर में बहता देख बहुत खिन्न हुए यत्न करने पर भी कार्यकर्त्ता नहीं माने तब वहां से त्याग पत्र देनाही उत्तम जाना अन्त में त्याग पत्र दिया सन् १५ में कुम्भ के मेले में आर्यविद्वत्सभा की ओर से वैदिकधर्म प्रचार धूम से किया १०० रावटी १ बड़ा पंडाल था ५० उपदेशक थे। तभी महाविद्यालय ज्वालापुर के मुख्याधिष्टाता हुवे उसी के कार्यार्थ जूनमास में हरद्वार देहरा भ्रमणकर ९ जुलाई को मेरठ आये थे १२ को विशूचिका हुई १७ जुलाई को देह त्याग दिया। हाहाकार सर्वत्र मचगया। अंत-

माले २०० पत्र समाजों की अन्तरंग सभा और सभाओं के आये। १ पत्र मेस्टनसाहब छोटे लाट इलाहाबाद का भी आया। अनेक पत्रों में चित्र छपे अनेक लेख काव्य वेदप्रकाश में छपे ऋग्वेदभाष्य की पूर्ति का संकल्प तो उनको मृत्यु तक रहा।

## श्रीयुत पं० क्षेत्रपाल शर्माजी।

इनका जन्म आगरे के अंतर्गत गोंछ नाम के ग्राम में विक्रम सं० १९२७ की माघ शुक्ला प्रतिपदा को हुआ था इनके पितामह का नाम पं० हीरालाल था इनके पूज्य पिता जी का नाम चतुर्भुज जी था इनके पिता तीन भाई थे, परन्तु तीनों के बीच सन्तान केवल इनके पिता के ही भाई हैं। आदि गौड़ ब्राह्मण हैं और गोत्र मुद्गल हैं आपके छोटे भाई का नाम जयकृष्ण है यह बात बतां देना तो असंभव है कि किस संवत् में कौनसी घटना हुई है जिसे संवतसर के क्रम से बता सकूं इस लिये पं० जी से पूछने पर जो मालूम हुआ है सो लिखता हूं।

गांव की पाठशाला में आपको केवल ५वीं कक्षा तक नागरी पढ़ने का समय मिला इस के उपरान्त आपके पिताजी ने संस्कृत पढ़ाने की व्यवस्था की। इसके लिये सौभाग्य वश एक सन्यासी मिल गये जिन्होंने आपको संस्कृत पढ़ाना आरम्भ किया, उनके घोर परिश्रम से आपने ६ महीने ही में लघुकौमुदी पढ़कर समाप्त करली इस के उपरान्त आपको अपने एक मित्र की सम्मति से मथुरा आने की इच्छा हुई। मथुरा में आपने श्रीमान् पं० उदयप्रकाश देव शर्मा जी के पास आकर अष्टाध्यायी पढ़ना आरम्भ किया साथही कुछ काव्य भी पढ़ता रहे आपके विचार आर्यसमाज कैसे होने के कारण और विद्यार्थियों के साथ प्रायः अन बन रहती थी, इसी से आपको वहां का रहना छोड़कर श्रीयुत पं० भीमसेन शर्मा जी के पास प्रयाग जाना पड़ा उन दिनों वैदिक प्रेस प्रयाग ही में था, श्रीयुत पं० भीमसेन शर्मा जी उसी प्रेस में काम करते थे, उन्होंने दयानन्द विश्व-विद्यालय नाम से संस्कृत पढ़ाने के लिये एक पाठशाला खोल रखी थी उसी में जाकर पढ़ने लगा इसमें संदेह नहीं कि वहां पढ़ाने की

क्षेत्रपाल शर्मा, मालिक, सुखसंचारक कंपनी, मथुरा।

व्यवस्था उत्तम थी अष्टाध्यायी तो प्रायः समाप्त हो ही चुकी थी महाभाष्य वहां जाकर पढ़ना आरम्भ किया वहां एक पं० बलदेव प्रसाद जी रहते थे, उनको साहित्य का अच्छा ज्ञान था उनसे कादंबरी पढ़ना आरम्भ किया कादंबरी पढ़ने का फल यह हुआ कि संस्कृत के काव्य ग्रन्थों का पढ़ना मुझे बहुत सरल हो गया। साहित्य का भी ज्ञान कुछ २ उनही पण्डित जी कृपा से हो गया उक्त पण्डित जी बड़े ही परिश्रमी और सादा स्वभाव थे व्याकरण के अतिरिक्त और जो संस्कृत शिक्षा प्राप्त हुई वह उन्हीं की कृपा का फल है। खेद है कि अब उनका कुछ पता विदित नहीं है। न उनकी उसके पीछे कोई खबर मिली कि कहां हैं।

इसके उपरांत आपको अपनी संस्कृत शिक्षा समाप्त करनी पड़ी आपके पिता और पितामह कर्मकांड द्वारा जीविका निर्वाह करते थे। इस कृत्य के द्वारा प्रायः दो हजार रुपये वार्षिक की आय होती थी आपको भी थोड़े दिन तक यहां कार्य करना पड़ा परन्तु सहसा आपको इस कार्य से घृणा होगई क्योंकि किसी प्रकार से क्यों न हो, है तो भिक्षा वृत्ति ही, जिसमें दाता लोग सब धान बारह पंसेरी के हिसाब से तोलते हैं ऐसेही कारणों से मनमें यह निश्चय किया कि घर से विना एक पैसा भी लिये मैं उपार्जन कर सकता हूं वा नहीं। इसी बीच में आपकी माता का स्वर्गवास होजाने से घर स्मशान के समान दीखने लगा, उन दुःखों को यहां प्रकट करना आवश्यक नहीं जो आपको अपनी माता के स्वर्गवास से उठाने पड़े थे क्योंकि घर में अपनी माता के सिवाय और कोई न था अपनी छोटी बहिन श्वसुरालय को जाचुकी थी इस कारण से भी अब घर में रहना अच्छा न लगा। अपने एक मित्र से १५) रुपये उधार लेकर कलकत्ते गये वहां रालि' ब्रादर्स आफिस में आपके पिताजी के एक मित्र और आपके मामा रहते थे उन्हीं के पास जाकर ठहरे आपके पिताजी के मित्र ने यह समझ कर कि कहीं हमही से किसी व्यापार के लिये न कहें आपसे कहने लगे कि अब तुम पढ़ लिखकर इतने होशियार होगये हो कि पजाबों में घूमकर अच्छा उपार्जन कर सकते हो। आपने उनका तात्पर्य समझकर कहा कि आपको मेरे लिये कुछ भी चिंता न करनी

पड़ेगी सिवाय इसके कि यहां आकर सोरहा करूं। आपने किया भी ऐसा ही, कलकत्ते में जाकर आपने अपना खर्च चलाने के लिये आरंभ में आर्यावर्त प्रेस में १०) मासिक की नौकरी करली परंतु कुछ महीने बीतते ही आपका कार्य देखकर मालिक ने प्रेस का सब काम आपके ऊपर छोड़ दिया, मासिक वेतन २०) रु० कर दिया इन्हीं दिनों आपने बंगला बांचने और उससे भाषान्तर करने का काम भी सीख लिया था जिससे बंग देश के विज्ञापन दाता जो नागरी में विज्ञापन छपाने को आते उनको उस प्रेस में छपाने से बड़ी सुगमता रहती, भाषान्तर सहज में होजाता इससे आपको और प्रेस, दोनों को लाभ होने लगा, इस रीति से आपकी आमदनी ५०) रु० मासिक होने लगा तब भी अपने पास समय बहुत बच रहता इसलिये आपने सांख्य शास्त्रका पढ़ना आरंभ किया आपको प्रत्येक विद्या की उन्नति संबंधी कार्य में श्रीयुत पं० रुद्रदत्त जी ने (जो उस समय आर्यावर्त के संपादक थे) बड़ी ही कृपा और सहायता पहुंचाई इसके लिये आप उनके कृतज्ञ हैं। कलकत्ते में रहने के समय आपने सांख्य शास्त्र का भाषानुवाद अवकाश के समय में लिखना आरम्भ किया जिसको एक महाशय के साझे में छपवा कर प्रकाशित किया जिससे सब खर्च काट कर प्रायः पांच सौ रुपये का लाभ हुआ। अब आपके सब कार्यों से मिलाकर प्रायः ६०) रु० मासिक की आमदनी होगई। १-१॥ वर्ष कलकत्ते रहने के उपरांत आपको १ मास की छुट्टी लेकर अपने घर आने की इच्छा हुई एक दो दिन रहने के उपरान्त आप मथुरा आये क्योंकि पठन पाठन के निमित्त कुछ समय मथुरा रहने के कारण आपको यह बहुत प्रिय होगई थी। यहां पर कलकत्ते के एक महाशय ने साबुन बनाने और दियासलाई बनाने के नाम से एक कम्पनी खोल रखी थी जिससे बाहर के लोगों से शेयर [हिस्सों] का रुपया लेकर मौजसे उड़ाते थे परन्तु शायद दोनों चीजों में से एक को भी पूरी रीतिसे जानते न थे यह बात सम्वत् १८९० ई० की है आपको मथुरा रहना अभीष्ट है यह समझकर उन्होंने आपसे वैसी ही बातें कीं कि जिससे आप उनके यहां नौकरी करने पर राजी होगये और सब का संक्षेप यह कि जो कुछ रुपया आपके पास था वह सब

कुछतो शेयर खरीदवानेके पहले और कुछ अपने निजके लिये उधार लेकर एक दम कोरा बना दिया और भोजन मात्र तक के लिये उनका आश्रित सा होना पड़ा, तब आप अपनी इस मूर्खता पर पछताने लगे, और सोचा कि रुपये का संचय जितना कठिन है रक्षा करना उससे भी कठिन है। उनसे वसूल होने की कोई आशा न थी इसलिये झगड़ा करना व्यर्थ समझा, पास रहने से उनके बहुत से चरित्र और स्वभावों का पता लगने पर उनका संसर्ग शीघ्र ही छोड़ना निश्चय कर के साबन बनाने का काम अलग करनेका निश्चय कर अपने एक मित्र से कुछ रुपया उधार लेने गए उन्होंने सौ रुपये के अन्दाज आपको कर्ज तो दिया परन्तु साथही अपने बेकार भाई को साझी बनाकर आपके साथ भेज दिया परन्तु वह ऐसे श्रमिक वृत्ति थे कि दो तीन महीने ही में काम छोड़ कर अपने घर चले गए, इधर आप ने साबुन बनाने का कार्य आरंभ किया जिससे आप भली भांति नहीं जानते थे उन दिनों आज कल की तरह देशीय साबुन की दुर्दशा न थी लोग पवित्र को बड़े आदर और आश्चर्य की दृष्टि से देखते थे, बड़ी कठिनताओं के उपरान्त एक साधारण साबुन बनाने में समर्थ हुये और २॥ रु० मासिक लेकर का एक कमरा बाजार में किराये लेकर कार्य आरम्भ किया थोड़ी पूंजी, कोई भी दूसरा काम करने में सहायक नहीं, व्यापार सम्बन्धी ज्ञान का अभाव इन सब बातों ने आपके सामने कितनी कठिनायां उपस्थित की, उन सब का उल्लेख यहां आवश्यक नहीं है आपने अपने कार्यालय का नाम सुखसंचारक कम्पनी रखा। और आपके मित्र बाबू नन्दलाल जी वर्मा ने फ्रेंड ऐंडकम्पनी के नाम देशीय चीजें बेचने के लिये काम खोला रुपये की कमी के लिये फिर आप ने अपनी लेखनी उठाकर अनेक वस्तुओं के नुसखे संग्रह करके एक पुस्तक लिखी जिसका नाम संसार सुख रखा इस पुस्तक को लोगों ने उपयोगी समझ कर खूब पसन्द किया, इसकी आमदनी से आप को अच्छा लाभ होने लगा, जब आप स्टेशनों पर अंग्रेज सौदागरों के विज्ञापन लगे देखता तो हृदय में यही भाव होता कि क्या यह काम इन्ही के हिस्सों में है कि हमारे देशका रुपया ये विज्ञापन द्वारा अपने देश में लेजांयगे हमारे देशका कोई इस काम को नहीं कर

सकता । साथ ही दूसरा भाव जो आपके हृदय में प्रायः जागता रहता था वह यह कि हमारे देश के बड़े से बड़े विद्वान् सदैव द्रव्य के लिये वैश्य जाति के सामने हाथ फैलाये दीन वचन कथा कहते रहते हैं इन्हीं दो बातों ने आपको अपने कार्यमें बड़ी सफलता दिलाई थी ज्यों ज्यों लोग आपका अनुकरण करते गये, आप आगे बढ़तेगये इसी अवसर में आपने सुधासिन्धु नामक औषधि का आविष्कार किया जिसे लोगों ने बड़े आदर से ग्रहण किया ।

आपके पास एक पंडित पुरुषोत्तम नामक प्रायः आया जाया करते थे उनके सत्संग से आपको बहुत से सांसारिक अनुभव,व्यवहारिक शिक्षायें मिली, ऐसे समय में उनके सत्संग से बडा भारी लाभ पहुंचा, उन्होंने अपने जीवन भर आप के साथ सच्चे मित्रके समान कृपा की, जिनका अभाव आपको आज भी अखरता है।

विवाह के प्रकरण में आपने प्रतिज्ञा कर रक्खी थी कि जब तक आपके पास दस हजार रुपये की सम्पति न होजावेगी विवाह नहीं करूंगा क्यों कि धन हीन कुटुम्बियोंके कष्टोंको आप दिन रात देखते थे । परमात्मा की कृपा से वह समय आगया और आप ने अपना विवाह संभल निवासी श्रीयुत पं० रामभजदत्त जी की पुत्री के साथ कर लिया, यद्यपि आप चाहते तो विवाह में खूब रुपया उड़ा सकते थे, परन्तु आपने एक पैसा भी व्यर्थ व्यय नहीं किया । आप अपने कार्यालय के काम को आराध्य देवके समान संपादन करते थे प्रति दिन के कार्य को पूराकरने में कभी कभी १८ घंटे तक स्वयं काम करना पड़ता परन्तु इससे आप जरा भी खिन्न वा उदास न होते थे आवश्यकता पड़ने पर ब्राह्मण के लड़कों को ही काम सिखा कर नियुक्त करते ।

विवाह होजाने से आपको घर के कार्य्यों की सुव्यवस्था के सिवाय मानसिक बड़ी भारी शान्ति मिली जिसके कारण अपने काम को और भी उत्साह के साथ करने लगे सुख संचारक नामः का एक प्रेस आपने अपने कार्य की सुगमता के लिये स्थापित किया था कार्य के बढ़ने के साथ-२ उसकी भी उन्नति करते रहे, इस

समय आपके निज के प्रिंटिंग वर्क्स में इंजिन से चलनेवाली दो बड़ी मशीन हाथ से चलनेवाले हैंड प्रेस पैरसे चलनेवाले ट्रेडिल प्रेस काटने की मशीन, स्टीरियो प्लेट बनाने की मशीन आदि प्रेस का सभी आवश्यकीय सामान है इसमें आप बाहर का एक टुकड़ा भी नहीं छापते सब अपना ही विज्ञापन संबंधी काम छपता है। इसके सिवाय भारतवर्ष सीलोन आदि देश में प्रायः बाईस हजार एजेंट माल भेजने के लिये नियुक्त हैं काम की सुव्यवस्था के लिये गवर्नमेंट से निवेदन करने पर अपने ही मकान में सुख संचारक नाम का पोष्ट आफिस नियुक्त करा लिया है जिससे ग्राहकों के पास माल भेजने में सुगमता होती है प्रायः एक हजार रुपया मासिक कर्मचारियों के वेतन में खर्च होता है कई बड़े २ मकान इस काम में रुके हुये हैं।

आप इस अन्तिम प्रकरण से कुछ अपनी आत्मश्लाघा नहीं समझते और न इतनी उन्नति को ही यथेष्ट उन्नति समझते हैं क्योंकि विलायतवालों के कामके सामने यह सब कुछ भी नहीं के समान हैं, जहां सिंगर, एडीसन, बीचमस, हालवे, पियर्स, आदि सज्जनों ने अपने ही जीवन में करोड़ों रुपये उपार्जन किये हैं संसार में जिनका व्यापार प्रचारित है। लाखों मनुष्य जिनके द्वारा जीवन निर्वाह करते हैं वहां यह सब कूपमंडूक के समान मान बैठना ही है फिर भी इतना सब लिखने का प्रयोजन अपने उन ब्राह्मण भाइयों को सावधान करने के सिवाय और कुछ नहीं है जिनके मातापिता धनवान होने पर भी अपनी संतान को कहीं नौकर करा देने को ही परम पुरुषार्थ समझते हैं, अथवा पेट भर रोटी मिलने ही से इतरा जाते हैं और भांति २ के शौक लगाकर जीवन को मिट्टी में मिलाते हैं तथा भाग्य और समय को रोया करते हैं उनको उचितहै कि "सत्यश्रमाभ्यां सकलार्थ सिद्धिः" इस मूलमंत्र को सामने रख कर कार्यक्षेत्र में अवतीर्ण हों औरों से मांगने की तो बात ही क्या है "मांगना भलो न बाप को" इस कहावत के तत्त्व को समझें जो ब्राह्मण जाति आज भी सब वर्णों को आरंभिक शिक्षा करती है उसी की निज की सन्तान मूर्ख रहे जिनके पढ़ाये वैश्य लखपति

करोड़पति बने और लाखों रुपये धर्मार्थ कामों में खर्च करें उसी समुदाय के लोग रसोइया, पुजारी और पानी पांडे बनकर जीवन निर्वाह करते हैं यह देखकर आपका दिल बुरी तरह जलने लगता है जो ब्राह्मण होकर भिक्षावृत्ति और मांगने को अथवा पुस्तैनीधर्म बताता है उससे आपको बात करने में भी संकोच होता है और ऐसे मंगतों को आप कभी आदर नहीं देते।

इस समय आपकी आयु ४५ वर्ष की है आपके ३ कन्यायें और दो पुत्र हैं आपकी संसार यात्रा और गृह प्रबंध में आपको स्त्री से जैसा सुख और शांति मिलरही है वैसी सुख शांति के अधिकारी शायद विरले ही हो सकते होंगे जिसका कि होना मनुष्य जीवन के लिये आवश्यक है।

अब अपने ब्राह्मण भाइयों से यह निवेदन करताहूं और इस लेख को समाप्त करता हूं कि वह भिक्षावृत्ति को छोड़कर अपनी सन्तान को किसी भी व्यापार में लगावें अब भी छोटी पूंजी और अधिक परिश्रम से करने को बहुत काम पड़े हैं।

'चौरासिया' कुलभूषण

महामहोपाध्याय पण्डित दुर्गाप्रसादशास्त्री.

## चौरासिया भेद ।

यह जाति राजपूताने में है। इतिहासज्ञ कहते हैं, अकबर बादशाह ने इनको ८४ ग्राम माफी में दिये थे। उसी नाम से इनका नाम चौरासिया हुआ।

## श्रीयुत महामहोपाध्याय पं० दुर्गाप्रसादजी ।

काश्मीराधिपति के राज पण्डित ब्रजलाल जी जम्बू में रहते थे। आप काश्मीर नरेश की सभाके रत्न थे। राज्य में उच्च प्रतिष्ठित थे। आप के कार्तिक शुदी प्रतिपदा सोमवार सम्वत् १६०३ वि० को पुत्ररत्न उत्पन्न हुवा। आप का शुभनाम दुर्गाप्रसाद रक्खा गया। काश्मीर महाराज श्री रणवीर सिंह जी के पुत्र महाराज गुलाब सिंह जी तथा पिता जी के अनुशासन में ५ वर्ष की अवस्था से शिक्षा प्रारंम्भ हुई। वर्तमान महाराज मही महेन्द्र काश्मीराधिप श्री १०८ सर प्रताप सिंह जी वर्मा के अध्यापक पण्डित सोमनाथ जी से आप पढ़ते रहे। पिताजी से भी कुछ २ पढ़ा। इन्हीं दिनों में ज्योतिर्विद्यापारङ्गत पण्डित देवकृष्ण जी काशी से महाराज ने बुलाये थे। पं० दुर्गाप्रसाद जी ने इन से गणित पढ़ी। महाराज कुमार के साथ अत्यन्त प्रीति होने के कारण साथ २ क्रीडा करते हुवे इंगलिश भी कुछ २ पढ़ते रहे।

इन नवीन पण्डित जी पर सुशीलादि गुणवाली महाराजा रणवीर सिंहजी की महाराणी (वर्तमान महाराजाधिराज की माता) बड़ा ही अनुग्रह रखती थीं और इन्हें अपने कुमारों के समतुल्य समझती थीं, जब इनको विद्या में गति होने लगी तो उक्त महाराणी साहेबा ने इन से स्तोत्र पाठ पूजादि सुना इस समय इन की १६ सतरह वर्ष की अवस्था थी बड़े आनन्द पूर्वक अध्ययन किया करते थे और यज्ञोपवीत तथा विवाह संस्कार भी इन के हो चुके थे।

अब इस समय से इन पर, जिस ने दुःख का नाम भी नहीं सुना था एक साथ आपत्तियां पड़ीं और बहुत काल तक बनी रहीं। सच पूछो तो उस सुख का अनुभव, मरने के वर्ष दो वर्ष पहले ही हुआ होगा जो उन्होंने निःसंदेह अपने बालकपन में भोगा था।

इस १६ वर्ष की अवस्था में इनके पिता का परलोक होगया और उन का परलोक होना इस युवा पुरुष की दुःख श्रेणी का आरम्भ होना हुआ।

अपने पिता के मृत्यु शोक और विरह में ये जम्बूके अनेक प्रदेशों में घूमते रहे अन्त में महाराजा रणवीर सिंह जी की शीतल छाया में आकर फिर अपने पिता की नाईं आनन्दपूर्वक रहने लगे। उक्त महाराजाधिराज ने इन को दो तीन वार अपने साथ काश्मीर भूमि की सैर कराई और दर्शनीय प्रदेशों को भली प्रकार दिखाया। इस समय इनकी अवस्था भी २० वर्ष के लग भग पहुंच चुकी थी। इस लिये इस यात्रा में इन्हों ने हर एक पदार्थ को बड़े विचार पूर्वक देखा—इस कश्मीर को कवियों की जन्म-भूमि जान कर उन्होंने अपने भविष्यत् काव्यों की माला के लिये हर एक मनोहारी तथा सुगन्धित पुष्पधारी काव्यरूप लताओं के आश्रय कवि-कानन इस विचार से चीन्हना आरम्भ किया कि जब माला बनाने की इच्छा होगी तब इन २ वल्लियों से इस २ पुष्प को ले लेंगे सो वास्तव में उन्होंने काव्यमाला प्रकाश करते हुये उस भूमि से बहुत से ग्रन्थ मंगाये और इसको पाठकगण भी जानते होंगे कि इन कश्मीरी पुष्पों ने इस माला में कैसी शोभा दी है। इन पण्डित जी ने अभिनव गुप्त सम्प्रदायानुगत अभिज्ञादर्शन का भी अभ्यास किया था। यद्यपि इन दिनों इन के चित्त को कुछ २ शान्ति होती जाती थी, परन्तु दैव का कोप अभी तक बना हुआ था, अब इनकी पत्नी का शरीर कालवश से छूट गया और कुछ दिनों पश्चात् इनके कनिष्ठ भ्राता ने भी उसी मार्ग की राह ली। अब केवल ये दोनों मा बेटे

रह गये । इस नवीन विरह से खिन्न हुये महाराजा साहब से बिना आज्ञा लिये ही पहाड़ों और जंगलों में घूमते घूमते अमरनाथ (जो कश्मीर प्रान्त में अमरावती नदी के तट पर है) में पहुंचे और वहां दो तीन दिनों तक पाठ पूजा करते रहे। वहां से लौट आने पर कुछ चित्त की स्थिरता हुई। *

## कश्मीर त्याग ।

परन्तु इन सब बारम्बार के क्लेशों से दोनों मा बेटों का चित्त कश्मीर से ऐसा उचट गया था और नित्य इसी विचार में रहते थे कि यहां से कब चलें। सत्य है जब उत्तमोत्तम देश में भी आपत्ति आने लगती है तो वही भयंकर प्रतीत होने लगता है। इस शोक दशा में अपने पूर्वजों के ग्राम हमजापुर आने का विचार किया और इसी निमित्त महाराजाधिराज से कई मास के लिये आज्ञा ली। चलते समय इन्होंने अपनी सब गृह सामग्री अपने साथ ली और कश्मीर उलटा आने का विचार दूर कर दिया। मार्ग में जालन्धर पीठ देवता की स्तुति की यह वही स्थल है जहां इनके पिता जी ने तपस्या की थी। वहां पर पण्डित कालीदत्त जी कूर्म्मांचली ब्राह्मण से मिले। इन से इनके पिताने इनका उपनयन संस्कार करवाया था। अगले दिन वहां से कुछ ब्राह्मण भोजनादि कराके चले कई दिनों में हमजापुर आ पहुंचे।

अपने पूर्वजों के ग्राम में आकर वर्ष भर के लग भग वास किया। इन की माता बड़ी बुद्धिमती और धर्मात्मा थीं (जैसा वे स्पष्ट कहा करते थे।) इसी अवसर में इन का दूसरा विवाह भी हो गया था।

---

* वहां पर पण्डित जी ने स्रग्धरा छन्दमें सात आठ श्लोकों से अमरनाथ की स्तुति की थी।

## जयपुर आना ।

इन दिनों जयपुर के महाराजाधिराज सवाई श्री रामसिंह जी की उदारता तथा गुणग्राहकता देश देशान्तरों में प्रसिद्ध हो रही थी। और हमंजापुर ग्राम निकट होने के कारण इन युवा विद्वान् के कानों में प्रतापी नरेन्द्र के यश शब्द की ध्वनि बार २ पहुंचती थी। ये भी जो जन्म से राज्याश्रित रहे थे यही सोचा करते थे कि कश्मीर जाना ठीक नहीं, परन्तु राज्याश्रय के विना रहना भी अच्छा नहीं। सत्य है "अनाश्रया न शोभन्ते पण्डिता वनिता लताः"

इसलिये जब इन की अवस्था पच्चीस छब्बीस वर्ष के लग भग थी उस यशस्वी महाराज की छाया में आश्रय लेने के लिये जयपुर चले। इन महाराजा साहब ने ऐसे बड़े ज्योतिषी का पुत्र और ज्योतिषशास्त्र में निपुण जान इन को ज्योतिषियों में ६०) मासिक का पण्डित कर दिया। महाराजा साहब इन पर बड़ा अनुग्रह करते थे। जो सुख इन्होंने बचपन में भोगे थे मानो उन के अंकुर फिर दूसरी बार उगते हुवे दीखे। और पीछे २ तो उन अंकुरों के वृक्ष तथा पुष्प भी, और तो क्या कोई २ फल तक भी देख लिये। परन्तु शोक है कि जब फल पक कर तय्यार हुवे तो उस बोने वाले की यहाँ से बदली होगई।

पण्डित जी का जयपुर में रहने का कुछ हाल यहां पर लिखते हैं—ये बड़े सीधे साधे रहा करते थे। मैत्री इन की बड़ी सच्ची थी जिस को सब सज्जन इष्ट मित्र जानते हैं। व्यवहार बड़ा ही स्वच्छ था और लौकिक कार्यों का चातुर्य बहुत ही बढ़ा हुआ था जिस किसी ने किसी विषय में इन की अनुमति ली उसने इनके शब्दों को पूरा और सच्चा पाया। इन की विद्या में पूरी रुची थी इसी लिये इन दिनों में बहुधा जयपुर पबलिक लाइब्रेरी Jeypore

Public Library में ये मिलते। ये पण्डित जी ज्योतिष तथा साहित्य में बड़े निपुण थे इन्हीं विषयों के विद्यार्थी भी इन के पास पढ़ा करते थे। इन्होंने श्रीमन्महाराजाधिराज की अनुमति से अपनी माता और गृहिणी सहित बद्रीनारायण की यात्रा के लिये प्रस्थान किया। मार्ग में हरिद्वार हृषीकेश, देवप्रयाग, रुद्रप्रयाग, केदारनाथादि स्थलों में विचरते हुवे बद्रीनारायण पहुंचे वहां चार पांच दिन ठहरकर यथोचित पूजादि किया करके सजल पर्वत और निर्झरों को देखते हुवे जयपुर आये।

महाराजा रामसिंह जी इन दिनों जब कलकत्ते में Vice roy वाइसराय से मिलने को पधारे तो इनको भी अपने साथ लेगये। यहाँ पर इनके पहिले रक्षक महाराजा रणवीरसिंह जी और महाराजा रामसिंह जी से भेंट हुई।

इस समय कश्मीर के महाराज ने इन पण्डित जी को देखकर बड़ा क्रोध प्रकाश किया और यह फरमाया कि तुम जम्बू से क्यों चले आये ( यह स्वयं पण्डित जी कहा करते थे )। इन दिनों जयपुर में ये अपने मित्र मंडल में बड़े आनन्दपूर्वक रहा करते थे, परन्तु एक चिन्ता इन को सदा बनी रहती थी। वह यह कि इनको कुछ ऋण था जिस के उद्धार के लिये उपाय सोचा करते थे। इस निमित्त पहिले पहल इन्होंने कुछ संस्कृत के ग्रंथों की भाषा मुन्शी नवलकिशोर C. I. E. रईस लखनऊ के यन्त्रालय में छपाना आरम्भ किया।

फिर एक दिन अकस्मात् उक्त पबलिक लाइब्रेरी ( Public Library) में * डाक्टर पी० पीटर्सन साहब प्रोफेसर एलफिन्स्टोन

* डा० पी० पीटर्सन ने वल्लभदेव की सुभाषितावली की भूमिका के आरम्भ में जयपुर यात्रा के वर्णन प्रसंग में यों लिखा है:—

I Was considering Whether I had not better

कालिज मुम्बई से भेंट हुई । ये डाक्टर महाशय जयपुर में पुस्तका-न्वेषण के लिये आये थे । इस समय इन पण्डित जी को तो यह आवश्यकता थी कि कोई आजकल की रीति भांति का विद्वान् मिले तो कुछ विद्या से लाभ उठावें । और इन डाक्टर साहबको यह इच्छा थी की कोई सर्व विषयदर्शी पण्डित मिले तो कुछ काम करें । ईश्वर की कृपा से दोनों का वाञ्छित संयोग होगया । और तत्काल ही दोनों में ऐसी दृढ़ प्रीति होगई जैसी भाइयों में होती है । सत्य है "मैत्री स्याद्दर्शनात्सताम्" ।

अब इन दोनों मित्रों ने मिलकर सुभाषितावली नामक ग्रन्थ प्रकट किया । दिन दिन परस्पर प्रीति बढ़ने लगी, यहां तक स्नेह हुआ कि उक्त डाक्टर महाशय ने इन को पुस्तकान्वेषण प्रसङ्ग से द्रविड़, कर्णाट, तैलङ्ग, महाराष्ट्र, गुजरात इन प्रदेशों की सैर कराई, इन पण्डित जी ने स्वयं तीर्थादि निमित्त से अङ्ग, वङ्ग, कलिङ्ग, मगधादि भी भली प्रकार से देखे थे ।

अब ये पण्डित जी बहुत से भारत के प्रदेशों को देख चुके थे और स्थल २ में बहुत से विद्वानों से परिचय कर चुके थे ।

---

Make a virtue of necessity and leave Jeypore to revisit the place under better aeospices. When some good fortuneled me to the public Librory Dhere Was no one in tho room but a young scholor who was reading, as I could see a volume of the Benores Pondit Iplucked upcaurage and samskritam asritya ( संस्कृत माश्रित्य ) introdu ceed myself to him as a fellow stuadent.

जयपुर में आकर कश्मीरी वाटिका तथा और २ देशों के पुष्प जो उन्होंने अपनी यात्राओं के समय संग्रह लिये थे याद आये। इसी से इन्होंने सन् १८८६ ईस्वी में उस मनोहर जगद्विख्यात माला का बनाना आरम्भ किया, जिसकी प्रशंसा बहुत से विद्वानों ने की है। और इसके ग्राहकों को तो प्रत्यक्ष ही है। इसके देखने से ही जाना जाता है कि किस २ देश के कवि पुष्पों की लपट आरही है। यह ग्रन्थ माला के०जावजी दादाजी चौधरी अधिपति निर्णयसागर, तथा पण्डित काशीनाथ पांडुरंग पर्व की सहायता से प्रकट होने लगी। इस काव्यमाला का आरम्भ होना मानों उनके सुखकी सामग्री होना था। इस समय इनके एक पुत्र हुआ, और दो कन्या थीं। इस समय से दो तीन वर्ष के परिश्रम से इन्हों ने अपने ऋणादि सब चिन्ताओं को मिटा दिया। इस काव्यमाला के प्रसङ्ग से इनके परिश्रम का भी कुछ हाल देना उचित दीख पड़ता है।

बहुत प्रातःकाल उठते और स्नान ध्यानादि से निवृत्त होकर चाय पीकर काव्यमाला का कार्य आरम्भ कर देते और इसको १०। ११ बजे तक करते। उनको मित्र मण्डल तथा शिष्यवर्ग में इतनी रुची थी कि जो कोई इस समय मिलने तथा पढ़ने को आता तो प्रसन्नतापूर्वक मिलते तथा पढ़ाते। ११ बजे के लग भग लेटे हुये वा टहलते हुये समाचार पत्र वा कोई नवीन छपी हुई पुस्तक को देखते। फिर एक बजे से अपना लेखन शोधन का कार्य तीन बजे तक करते। और फिर ४ बजे संध्या के मित्र मण्डल के मेल मेल के लिये और भ्रमणार्थ घर से चलते। घर आने पर संध्यादि कर्म कर भोजन करते। इसके पश्चात् अर्धरात्रि पर्य्यन्त काव्यमाला में लगाने के लिये ग्रन्थों को देखते और उस समय कभी २ पढ़ाया भी करते थे; परन्तु रात्रि को कभी नहीं लिखते थे और यही कहा करते थे कि रात्रि का लिखना ठीक नहीं।

इस उक्त परिश्रम को केवल काव्यमाला के लिये ही नहीं खर्च करते थे, परन्तु और भी पुस्तक शोधकर छपाने के लिये तय्यार करते थे। सुभाषितावली, कथासरित्सागर कामसूत्रादि बहुत से पुस्तक इसी परिश्रम के भाग में से प्रकाशित किये हैं, इन पण्डित जी ने शारदातिलक की एक टीका भी बनाई है। परन्तु वह छपी नहीं।

अब इनकी ख्याति हुई जगत होने लग गई थी। सन् १८८६–६० तथा ६१ में पञ्जाब यूनीवर्सिटी (Panjab University) के परीक्षक हुये। इस पिछली साल में इन्हों ने अपना कीर्त्तिस्तम्भ अपने ग्राम हमतापुरमें एक शिवालय, कूप, और एक गृह बनवाया और इनके स्थापन तथा प्रवेश में एक अच्छा उत्सव किया। इन्हीं दिनों जयपुर में कवि गुरुदयाल जी के पुत्र श्यामनाथ तिवारी जी ने एक स्थान एक वर्ष भर की सामिग्री के साथ दिया जिसको इन्होंने तुड़ा फुड़ाकर उत्तम बनवा लिया। इस नवीन स्थानमें एक संस्कृत प्रावीण्यवर्द्धिनी सभा होती थी जिसमें बहुधा विद्वान् और विद्यार्थी लोग आया करते थे। और अनेक विषयों पर व्याख्यान संस्कृत में होते थे। इसका उद्देश्य संस्कृत में प्रगल्भता बढ़ाने का था। और विशेष कर विद्यार्थियों के लिये यह बहुत लाभदायक समझी गई थी। यह एक अच्छासा समागम विद्वानों का प्रतिपक्ष होता था।

इस समय तक इन पण्डितवर की कीर्त्ति यूरोप और अमेरिका के विद्वानों के श्रोत्रगत हो चुकी थी। और जगह २ से प्रशंसा की ध्वनि सुनने में आती थी। अन्तमें यह ध्वनि गवर्नमेंट (Government of India) के कानों में भी पहुंची और इसी लिये सरकार से इनको महामहोपाध्याय की उपाधि मिलने का विचार हुआ, परन्तु श्री महाराणी विक्टोरिया के जन्मोत्सव Empress Victoria के ३ मास अवशिष्ट थे। यह सब

वृत्तान्त इन पण्डित जी को तीन मास पहिले ही एक मित्र के पत्र द्वारा विदित हो चुका था।

इन्हीं दिनों काल महाराज विसूचिका का अवतार धारण किये हुये आर्यावर्त्तमें हरिद्वार के मार्ग होकर धूम शकटी पर सवार यात्री रूपी दूतों के द्वारा अपने दुष्टागमन का,संदेशा नगर २ तथा ग्राम २ में भेज रहे थे। इधर से इन पण्डितजी की कीर्त्ति शनैः २ अपने नियत स्टेशन विक्टोरिया जन्मोत्सव पर पहुंचने को थी कि उधर से कपालकाल दूतों द्वारा सूचना भेजता २ अपनी तीक्ष्ण गति से इन के ग्राम हमजापुर में आ पहुंचा। यह हम पूर्व लिख चुके हैं कि पण्डित जी के दो कन्या और एक पुत्र था। परन्तु इसी साल में एक कन्या और भी जन्मी थी।

इस दुष्ट रोग में पहिले उनकी दोनों बड़ी लड़की ग्रस्त हुईं। यह देख पण्डितानी जी ने तार द्वारा जयपुर में सूचना दी और यह भी लिखा कि आप शीघ्र आवें। यह तार १३ मई को उन्हें जयपुर में मिला। उनका यह नियम था जब कभी कहीं जाते तो अपने निज मित्रों को सूचना देते और बिना मिले न जाते। परन्तु यह समय मृत्यु का भेजा हुआ ऐसा अचानक और शीघ्र आया कि किसी से न मिल सके तत्काल ही ५ बजे संध्या की गाड़ी में सवार हो अपने ग्राम अगले दिन जा पहुंचे वहां आकर दोनों कन्याओं को शान्त पाया और उसी भयंकर शत्रु से पुत्र को भी ग्रस्त देखा।

जयपुर से ये अपने साथ कैम्फर ( Campher ) की शीशी ले गये थे जिससे ईश्वर की कृपा से उनके पुत्र को आराम हुआ और ग्रामके भी कई रोगियों को इस दुष्ट शत्रु से बचाया। इन्होंने जयपुर में यह पत्र भेजा कि कन्या दोनों शान्त हो गई परन्तु परमात्मा के अनुग्रह से केदारनाथ को लघुशंका खुलकर आया है और आशा शीघ्र आराम की है। वहां जाने पर केवल यही एक पत्र आया, जब

इस प्रवल शत्रु ने देखा कि मेरी गति को रोकने वाला यह कहां से आया तो इन स्वयं पण्डित जी पर अपना आवेश चढ़ाया ।

शोक ! शोक ! शोक ! कि ऐसे बुद्धिमान पण्डित को जो एक बड़े मित्र मण्डल के प्रिय थे उस एकान्त ग्राम में इस दुष्ट रोग ने आ दबाया ।

यह रोग उनके दो रोज रहा कैम्फर आदि सब उपाय यथा सामर्थ्य किये गये । अन्त में १८ मई को इस असार संसार से मित्र मण्डल तथा शिष्यवर्ग को अश्रुपात कराते हुये, परलोक सिधारे ।

जयपुर इस शोक दायक समाचार की सूचना दो सप्ताह तक नहीं हुई । अनेक पत्र उनके पते से भेजे गये कि जिनके पास कोई डाक पहुंचने में समर्थ न थी । फिर दो पुरुष इसी शोक के पश्चात् भेजे गये । परन्तु कोई हाल न मिला । अन्त में पण्डितानी जी द्वादशाह आदि कर्म कराके जयपुर आयीं । और उनके मित्रों के लिये जो चातक के नाईं उनके वर्षारूपी प्रिय भाषण की वाट देख रहे थे । यह समाचार लाईं कि अब वह वर्षा कभी नहीं वरसेगी । पाठक लोग जान सकते हैं कि उन विचारे प्रतीक्षा में लगे हुये चातकों की क्या दशा हुई होगी । कोई तो रो २ कर थक गये कोई शोक वाहुल्य से रो न सके भीतर ही भीतर घुट गये । वास्तव में ऐसे पुरुष की मृत्यु त्यागियों को भी सहन करा देती है ।

२४ मैं के 'वर्थ डे ओनर्स गज़ट, में शनैः शनैः चलती हुई वह महा-महोपाध्याय की उपाधि भी आ पहुंची । किन्तु उन मित्रों को जो उस उपाधिधारी के दर्शनेच्छु हो रहे थे और नित्य उत्सव करने के विचार से लगे रहते थे वह उपाधि का प्रकट होना कुछ हर्ष न दे सका । शोक यह किसी को विदित न था कि उनको बड़ी सर्कार से सब व्याधियों के मिटाने वाली बड़ी उपाधि प्राप्त होगई है।

सय भद्र पुरुषों ने धैर्य धारण कर उनके कार्यों की, स्थिति पर विचार किया उन की स्त्री तथा पुत्र को हर प्रकार का आश्वासन कराया। शोक करना वृथा जाना सो सत्य ही है।

"जातस्य हि ध्रुवो मृत्यु ध्रुंव जन्म मृतस्यत्र।

उनके इष्ट मित्रों को सूचनार्थ यत्र तत्र पत्र भेजे। और उनके कामों को चलना रहने के उपाय सोचे। इस समय इस भयंकर समाचार का एक पत्र इन के मित्र डाक्टर पिटर्सन साहब के पास भी भेजा गया। उसके उत्तर में जो उक्त डाक्टर महाशय ने पत्र लिखा सो उन के लिये यह भाई की मृत्यु समान शोक दर्शाता था। और यदि पण्डितानी जी तथा उन के पुत्र केदारनाथ के लिये बड़ा आश्वासन लिखा कि मैं हर प्रकार से तुमको सहायता दूंगा और जो कार्य मेरे मित्र का मुझे करने को कहोगे सो भी वड़ी प्रीति के साथ करूंगा वास्तव में उन्होंने अपनी सच्ची मित्रता का कई प्रकार से उदारण भी दिखला दिया। सा० बहादुर ने राजतरंगिणी की (जिसके छपाने की आज्ञा वम्बई गवर्नमेंट ने दे दी थी और कुछ थोड़ी सी छप भी गई थी) पुस्तकें मंगाले और यह कहा कि यह मैं तय्यार करदूंगा।

इधर जयपुर में इनके मित्र और शिष्यों ने और २ काम बाँट लिये। इन ही लोगों में से महामहोपाध्याय पण्डित शिवदत्त जी वर्तमानमें सुपरेण्टेण्डेण्ट ओरियण्टल कालेज लाहोरने काव्यमाला का कार्य चलाया। और बड़ी उत्तमता एवं प्रीतिके साथ किया।

## अब देखिये बड़ों की बड़ाई।

मित्र लोग तो अपने मित्र की शुभ इच्छाओं को पीछे से पूर्ण करने में प्रवृत्त थे ही उधरसे हमारे धर्मवीर प्रतापी महाराज श्री १०८ श्री सवाई माधवसिंह जी देव बहादुर (वर्तमान जयपुराधीश) ने, तथा उनके पूर्ण विश्वास भाजन राव बहादुर बाबू

कान्तिचन्द्र मुकर्जीने (जो दोनों इन्द्र और वृहस्पति की समानता में प्रसिद्ध हैं ) पण्डितजी के कुटुम्ब का भरण पोषणका प्रबन्ध उत्तम रूपसे किया। और बालक को शिक्षा दिलाने की आज्ञा हुई। और यह भी कि प्राप्त वयस्क होने पर योग्य कार्य दिया जाय। धन्य है यह जयपुरनगर जहां के सर्वमान्य कृपालु राजा इस प्रकार के विवेकी हैं।

उक्त पण्डितजी के चिरंजीव और हमारे अनन्य हृदय परममित्र पं० केदारनाथजी M, R. A. S. महाराजा जयपुरके राज पण्डितों में हैं और काव्यमाला का सम्पादन करते हैं। महाराज मही महेन्द्र काश्मीराधीश ने भी प्राचीन सम्बन्ध के कारण प्रशस्ति श्लोक, एवं राजतरङ्गणी के प्रकाशन से प्रसन्न होकर जम्बू राज्य से अच्छा सन्मान किया है।

## गौड़ों के अन्य विभेद।

पुष्कर ब्राह्मण सिंध और मारवाड़ में हैं। पुष्कर क्षेत्र जो अजमेर के पास है वहां रहने से नाम पड़ा। इनके गोत्र भी श्री मालियों के समान नहीं हैं। शायद राजा पुंज के समय में ही इनको अन्य देशों से बुलाया गया था, संख्या इनकी ५०००० थी। इनके कुछ शासनों का वृत्तान्त नीचे दिया जाता है।

### ( अ ) व्यास—चत्ताणी व्यास।

व्यासों के अनेक कुलों में चत्ताणी व्यास प्रसिद्ध हैं इनके पूर्व पुरुष चत्ता जी १६०० संवत् विक्रमीय के लगभग हुवे हैं तब से इनका नाम उनके नाम पर हुवा।

### ( आ ) नाथावत व्यास।

नाथा जी सूरसिंह जी के मन्त्री थे। इन्होंने अपनी जाति के

हित के अनेक कार्य किये। इन्होंने धान देकर अपने पास मारवाड़ में एकवार ब्राह्मणों को रख लिया था मालवे नहीं जाने दिया। इनकी आयु केवल ३२ वरस की हुई। प्यासों को आचारज बहुत तंग किया करते थे। नाथाजी ने सहस्रों रुपये देकर इनको प्रसन्न किया। और अपनी व्यवस्था बांध दी।

## ( इ ) गिरधरोत व्यास।

गिरधरजी राव अमर सिंह जी के नौकर थे आगरे की लड़ाई में सम्वत् १७०१ श्रावण शुक्ला ३ को मारे गये दाह कर्म अवकाश न होने से न हुवा गाड़े गये तब से ये पुजने लगे। ३ श्रा० शु० को इनके यहां शोक होता है।

## [ ई ] पुरोहित।

इनके कई वंश हैं प्रसिद्ध श्री पुरोहित है। इनके पूर्व पुरुष जयदेव ने श्री महाराज अजीतसिंह का पालन किया था, महाराजा जब मारवाड़ के राज्याधिकारी हुवे तो उन्होंने जयदेवजी के पुत्र जग्गू को श्री पुरोहित की पदवी दी। इसी से अब तक इनको सन्तान राठौड़ कहलाती है। महाराज अजीतसिंह के हस्ताक्षरयुक्त पत्र सं० १७७० का इनके पास है उसमें यह दोहा अंकित है—

माता म्हारी धावरी पिता प्रोत परमाण।
जन्म लियो जसवन्त घर जोधा तिलक जो धाण॥

## [ उ ] पौल के पुरोहित।

जब कि राव जोधाजी ने किला बनाना प्रारम्भ किया तब चिड़यानाथ जी का श्राप मेटने के लिये एक ब्राह्मण ने अपनेको किले की नीव में चुनादिया था। इस लिये राव रिड़मल जी ने उसके भाई को व्यास की पदवी दी।

## [ ऊ ] चंडवानी जोशी।

यह पदवी इनके कुल में १०००वर्ष से है। इनके पूर्व पुरुष षसुदेव

जी खेती करते थे इनके ७ बेटे थे । देवराज भाटी ने इनके पास आकर कहा मुसलमान आते हैं मुझको बचाओ तब अपने वस्त्र और यज्ञोपवीत उसको देकर हल फिरवाने लगे इतने में यवनों ने आकर पूंछा वासुदेव ने कहा यहां कोई नहीं आया फिर यवन आगे ढूंढकर आगये और कहने लगे कि हमारा चोर यहां ही है इन्होंने कहा यहां मैं और मेरे बेटे हैं यवनों ने कहा अच्छा हमारे साथ खाओ वासुदेव ने ६ पुत्रोंको २-२ करके १ पंक्तिमें बिठाया और सातवें पुत्रके साथ देवराजको बिठाकर भोजन कराया यह देखकर यवन चले गये । पश्चात् और भाइयों ने अपने ७ वें भाई रत्ना को देवराज के साथ भोजन करने के कारण अपने में न रक्खा । फिर देवराज ने राज्य पंडित वसुदेव को अपना पुरोहित बनाया । इन के राघो जी हुवे राघो जी के चंडू, दामोदर और विद्याधर ३ पुत्र हुवे इनमें से चंडूने सम्वत् १५८८ वि० में अपने नामका चंडू पंचांग चलाया जो अबतक चलता है इन्हीं चंडूजी की सन्तति यह चंडवानी जोशी हैं । इनके वंश में पं० शम्भुदत्त हुवे उन्हीं ने मानसिंह जी के गुरु आयस लाडूनाथ जी को पढ़ाया था । और जालन्धर पुराण बनाया था । इनके पुत्र प्रभुलाल जी ने श्री तख्तसिंह जी के समय सं० १८०२ में बहुत धन व्यय करके अपनी जाति वालों को दूर २ से बुलाकर ७ दिन तक सहभोज किया था ।

## [ ऋ ] खेतर पालिया पुरोहित ।

इनका पूर्व पुरुष भाटियों का पुरोहित था जोधपुर में राव सातल जी की राणी फूला भाटिया के साथ आया था और लड़ाई में मारा गया तब से उसका नाम खेतरपाल हुवा वहीं उसके नाम पर चौंतरा बना है इसकी सन्तान खेतरपालिया हुई ।

## [ ॠ ] उपाध्याय ।

राव जोधा जी ने जोधपुर का किला बनाना प्रारम्भ किया उसकी

नींव ज्ये० शु० ११ शनि० सं १५१५ को ओशी गणपत ने रखाई तब से उपाध्याय पदवी हुई। इनकी सन्तान राजा के कबूतर पालने लग गई थी इसलिये अन्य ब्राह्मणों ने इनको पृथक् करदिया था फिर कई ने क्षमा मांगली वह फिर जाति में मिल गये ऐसे एक जाति बहिष्कृत और दूसरे सम्मिलित हैं। जोधपुर में इनको कबूतर वाले भी कहते हैं।

## [ लृ ] पुरोहित।

इनके कई भेद हैं पुरोहित के कुछ भेदों के शासन नीचे लिखे जाते हैं—

---

### ( A ) राज गुरु पुरोहित।

| | |
|---|---|
| १ आंबेटा | ७ पीडिया |
| २ करलया | ८ ओझा |
| ३ हराऊ | ९ वरालेचा |
| ४ पीपलया | १० सीलोरा |
| ५ मंडार | ११ वाडमेरा |
| ६ सीदप | १२ नागदा |

### (B) ओदीचा पुरोहित

| | |
|---|---|
| १ फांदर | १० मकवाणा |
| २ लाखा | ११ अवाडी |
| ३ ढमढमियां | १२ रावल |
| ४ डीगारा | १३ कोपाऊ |
| ५ डावीभाल | १४ नेत्रड |
| ६ हलया | १५ लछीवाल |
| ७ केसरिया | १६ पाणेचा |
| ८ वोरा | १७ दूधवा |
| ९ वावरिया | १८ ढोटिया |

## (C) सीहा पुरोहित ।

१ सीहा
२ हातला
३ केत्राणचा
४ राडत्रडा
५ बोतिया

## (D) पाल्लीवाल पुरोहित ।

पल्लीवाल ब्राह्मण पुरोहितों में पल्ली टूटने पर सम्मिलित होगये थे इनके शासन—

१ गूंदोचा
२ मूता
३ चरख
४ गोटा
५ साथवा
६ नन्दवाणा
७ नाणावाल
८ चलवचा
९ धमाणिया
१० आगंसेरिया
११ गोमतवाल
१२ माडे
१३ पोकरना
१४ थाणक
१५ करमाण
१६ भगोरा

## (E) दूधा पुरोहित ।

१ कतवा
२ लाफोजर
३ हाडी
४ मडवी
५ व्यास
६ गाचिया
७ लाहारिया
८ केदारिया
९ संखवालचा
१० पादरवाल
११ रेढलिया
१२ समधला
१३ मथ्या
१४ रूदवा
१५ लापल
१६ महीवाल
१७ गन्धा

# इनके १४ गोत्र हैं ।

| गोत्र | प्रवर | शासन |
|---|---|---|
| लोऽनस | अवेतिथ, आंगिरस, वार्हस्पत्य | १ कायता २ मेडताल ३ कपिल ४ आँकलिया ५ पूछतोड़ ६ पाडंचा । |
| भारद्वाज | भारद्वाज, वार्हस्पत्य, आंगिरस | १ काकरेचा २ टंकसाली पदवी व्यास ३ माथुर । |
| शाँडिल्य | असित; देवल शांडिल्य | १ बोधा पदवी पुरोहित २ हीडाऊ ३ मूचड़ ४ कादा ५ फिरता ६ नवला । |
| गौतम | आंगिरस, गौतम, आवोतिथ | १ कवलिया पदवी त्रिवाडी २ जोशी ३ माधु ४ माधा ५ गोदाना ६ गोतंमा । |
| उपमन्यु | आंगिरस, वार्हस्पत्य, भारद्वाज, | १ ठकर २ कंदेल ३ दोटा ४ बटु ५ मामता ६ वजडा । |
| कपिल | वसिष्ठ, भारद्वाज, इन्द्र | १ कवसथलिया पदवी छंगाणी २ कोलाणी ३ जड़ ४ मोला पदवी ५ गंठिया पदवी ६ जोशी ७ जट । |
| चन्द्रास | अत्रि, गार्गिष्ट, ललोप | १ दगड़ा २ पेठा ३ रामा ४ परमेणा पदवी मूता ५ जीवणिया ६ लापसिया । |

| | | |
|---|---|---|
| पाराशर | वशिष्ठ, शक्ति; पाराशर | १ चौबटिया पद्वी जोशी २ हरस ३ पणिया ४ ओझा ५ वांशा ६ झुंडा । |
| काश्यप | नैरुध्र, वच्छाटस काशीपात्र | १ कटई २ करमण ३ लुद्रपद्वी ४ कल्ला । |
| हारीत | हरिवाणी, हरीय च्यवन | १ रङ्गा २ रामदेव ३ उपाध्याय ४ अंचू ५ शेथधर ६ ताक पद्वी मूंता । |
| सनकस्य ( ? ) | सुही, गृत्समद गार्त्समद | १ भिस्सा २ वाइगेइया ३ वीरंग ४ टेटर ५ रत्ता ६ वल्ला । |
| वत्स | भृगुवचन, औचान आप्लवान, च्यवन जमदग्नि | १ मत्तड़ २ मुच्छड़ ३ पडयारिया ४ वडा ५ सोमनाथ ६ दोहपसिया । |
| कौस्यम ( ? ) | विश्वामित्र; देवराज, अवटलति | १ कवडिया २ कीरायत ३ व्यास ४ वासू ५ किराड ६ चूरा । |
| मुद्गल | आंगिरस, भ्रामश्व, मुद्गल | १ गोटा २ सीहा ३ गोदाणा ४ सोखड़ा ५ रवीसा ६ वुदाणा । |

## अन्य भेद।

ठाकुरायण राजपूताने में ठाकुरों के पुरोहित। भोजक और ककड़िया राजपूताने में हैं।

## (लृ) छन्यात ब्राह्मण।

१७५ वर्ष प्रथम महराज सवाई जयसिंहजी जयपुर वालोंने अश्व-मेध यज्ञ किया वहां देश २ के ब्राह्मण आये थे तब महाराज ने चाहा कि सब ब्राह्मणों को एक करदें जिससे कि कष्ट दूर हो जावे इस लिये एक पंक्ति में इनको भोजन कराना चाहिये अपना नाम हो, परन्तु ब्राह्मणों ने नहीं माना फिर अपने देशवासी ब्राह्मणों को महाराज ने कहा उन में से सारस्वत, दाधिमथ, पारीक, गूजर गौड़, और खंडेलवाल ब्राह्मणों ने सम्मति करके भोजन कर लिया तब से ६ न्यात प्रसिद्ध हुई। इनके ६ भेद।

## १—दाधिमथ ब्रा०।

महाराज मानधाता ने मारवाड़ में दधिमती मन्दिर के पास यज्ञ किया तब ब्राह्मण नैमिपारण्य से बुलाये यज्ञ के पश्चात् भूमि देकर इनको यहीं रख लिया तब से यह दाधिमथ प्रसिद्ध हुये और जो २ गांव इनको दिये गये थे। उन्हीं के नाम पर इनके शासन हुये इनके शासन १४४ हैं मारवाड़ में ६० मिलते हैं। दधिमथी देवी के मन्दिर से १ पुराना ५८६ सम्वत् का एक लेख मिला है। यही समय इनके यहां आने का निश्चित हुआ है।

ब्रह्मा के बेटे अथर्वण, अथर्वण के दधीची, दधीची, के पिप्लाद और इनके १२ हुवे। नीचे गोत्र और शासन दिये जाते हैं—

| गोत्र | शासन |
|---|---|
| गोतम | १ पाटोदिया २ पल्होड़ ३ नाहावाल ४ कूंप्या ५ कंठ ६ बूडाढड़ा ७ खटोड़ ८ बुडखुणा ६ वागड्या १० बेडवन्त |

११वांद्रासी दरया १२ लीलोदिया १३ काकडा १४ गङ्गा
वाणया १५ भुंवाल ।

वत्स १ रतावा २ पोली वटल ३ परगद्वा ( वलद्वा ) ४ रो-
लानिया ५ सोलंखिया ६ जोपट ७ इंटोदिया ८ पोल-
गला ९ नोसरा १० नामेवाल ११ अजमेरा १२ फुंकडा
१३ तरनाया १४ अवडीग १५ डोडीना १६ मूसिया
१७ मग ।

भारद्वाज १ पींडवाल २ सकुल ३ करेसा ४ मालाठिया ५आसोपा
६ जवाली ७ वरमोटा ८ ईंदोखवाल ९ हलसूरा ;१० भटो-
लिया ११ गदिया १२ सोलाणी ।

भार्गव १ ईदाणिया २ पाथाणिया ३ कासलिया ४ सिरोदिया
५ कुराडव ६ जाजावाल ७ खेवर ८ वंसाव ९ लाडानिया
१२बडानवा ११ कडलवा १२ कापडवा ।

कौच्छस १ डोडवाणिया २ मोलोदिया ३ भावरोढिया ४ जायलया
( .त्स ) ५ डोवां ६ मुंडेल ७ मांजवाल ८ लोजी (सोर्सा) ९ दोटेचा
१० कुदाल ११ रेतावाल ।

काश्यप १ बोरावल २ दीरोला ३ जमवाला. ४ सरगोटा ५ राज-
स्थल ६ बडवा ।

शाण्डिल्य १ रणवा २ टोरिया ३ ईड ४ वोटडावाल ५ वेव-ल ।

आत्रेय १ सूंठवाल २ जोजनूंदिया ३ डवाणिया ४ सुकलिया ।

पाराशर १ वंशा २ पराशर ।

कपिल १ वीपडा ।

गार्ग्य १ तुलछा २ मनुकजा तवीडज ।

१२ घ मन्नक की सन्तान धर्म भ्रष्ट हो गई । ।

महामहोपाध्याय प्रो. पं. शिवदत्तजी शर्मा जैपूर.

## "महामहोपाध्याय विद्वद्वर दाधिमथकुलभूषण श्रीशिवदत्त शर्मणां संक्षिप्त जीवनचरित्रम्"

श्रीमद्बद्रीलालो भूपा दाधिमथशुद्धवंशस्य।
अविनयनाशन निपुणश्छात्राणां मोदकश्चासीत्॥ १॥
तस्मा च्छ्रीशिवदत्तः सकलशिवानां खनिर्जिनिं प्रापत्।
शशिशरवसुशशि १८५१ सङ्ख्ये खिस्ताब्दे जयपुरे रम्ये॥ २॥
तस्य तृतीये वर्षे जननी प्रययौ दिवं रुजा गौदा।
सूनुं समर्प्य सुभगा स्वश्वश्रूसमुत्सङ्गे॥ ३॥
बाल्यावननिपुणायाः परिपूर्णायाश्च वत्सलत्वेन।
लभमानः परिपोषं वृद्धिं प्रापत्पितामह्याः॥ ४॥
सारस्वतीं तु शिक्षां अग्राहान्हाय मधुरमृद्वीकाम्।
अध्यापयतस्ताता द्वावीमचं श्चान्द्र पौलिमठे॥ ५॥
सुमतिः समाप्य सर्वं तत्रत्यं पाठ्य पुस्तं सपदि।
विद्याविलासमुग्धः संस्कृत विद्यालयेऽपाठीत्॥ ६॥
नवशरवसिन्दुमिते १८५६ खिस्ताब्दे शोभने महोत्साहो।
विद्यार्थिवृत्तिमापत्प्राविष्कुर्वन् स्ववैशिष्ट्यम्॥ ७॥
प्रविवेश संस्कृतमहाविद्याश्रेणिं विशेषशिक्षायै।
दर्भाग्रशेमुषीकः सुश्रीकः शिक्षकानुमतः॥ ८॥
सुहरन्मनांसि तत्राध्यापकवृन्दस्य वन्दनीयस्य।
अप्रतिमप्रतिभातः शिक्षां दक्षो मुदाऽलभत॥ ९॥
नयमनिवसुशशि १८७६ सङ्ख्ये खिस्ताब्दे शास्त्रनीति संवेत्ता।
शिक्षाविभागमुख्ये दीनानाथाभिधे पूर्वम्॥ १०॥
अध्यापकत्वममलं जनकपदाज्जैर्विश्रुष्टमुत्कृष्टम्॥
अङ्गाचकार मौलं संस्कृत विद्यालये महति॥ ११॥

अवरां पाठक पदवीं श्रीयुतहरिदासशास्त्रिणा पूर्णाम् ।
पदवीं प्रिन्सपिलीयां मण्डयताखण्ड विद्येन ॥ १२ ॥
चिपदङ्काहीन्दु १८६० मिते वर्षे धीमान् सचानूपोलिमठे ।
अनुरुद्धोऽध्यापयितुं क्रुद्धो विजहौ पदं स्वीयम् ॥ १३ ॥
उररी चकेय तदनु संपन्मूलां स काव्यमालायाः ।
दुर्गाप्रसादविदुषः संपादकतां स्व वैशिष्ट्यात् ॥ १४ ॥
क्रोडन कर्मणि निरतो सूरीभूयाप्य भूनयननिष्टः ।
गोविन्ददत्तनामा सापत्नस्तस्य च भ्राता ॥ १५ ॥
नेत्राङ्कसिद्धिधरणी १८९२ प्रमिते संवत्सरे महोत्साही ।
गोविन्ददत्त धामा दुर्दैवाद्भूतलं विजहौ ॥ १६ ॥
श्रुति निधिवसुशशि १८९४ शालिनिवर्षेऽरोपो विशेषपरितोषः ।
मुख्याध्यापक पदवीं पदवीं सन्मानधन यशसाम् ॥ १७ ॥
लेभे लोभेऽलीनः सुलीनः ह्यागमार्थशालीनः ।
लवपुरशालिन्नि रम्ये विद्यानिलये सविश्व नदपूर्वे ॥ १८ ॥
विश्रुतकीर्त्तिः श्रुतितति संश्रुतिविमलश्रुतिर्महीमान्यः ।
विद्वद्विस्मृति विषयस्मृति कुशलस्मृतिषु सत्प्रतिभः ॥ १९ ॥
शास्त्रज्ञगोत्रमित्रच्छात्रप्राततपत्रसद्गात्रः ।
ह्रेपित विद्यामित्रो मित्रः सद्वंशशत पत्रम् ॥ २० ॥
स्टाइन क्षमाऽपरिमितधामा रामापराङ्मुखः सुमुखः ।
संस्कृत वाणीरमणीगुण गण महिमा हृत स्वान्तः ॥ २१ ॥
विभराञ्चकार चतुरोऽध्यापकवर्यैः विमण्डितः शौरडैः ।
स्नातो रीतिषु नीतेः प्रिन्सपिलीयां यदाश्रय पदवीम् ॥२२॥
दुर्गादत्तविबुधवर हरिभक्ताभ्यां सहेमराजाभ्याम् ।
योगीश्वरशिवनाथैर्गङ्गाविष्णवादि विद्वद्भिः ॥ २३ ॥
यदयं शिवोऽत्र शुशुभे किंचित्कालं प्रपाठनाग्रमतिः ।
तज्जयपुरजाऽकीर्तिः स्वर्गं लोकं प्रविष्टेव ॥ २४ ॥

डयमाएड विलोनाम्नि महामहिम्नि प्रभूत्सवेऽभिनवे।
मुनिनव वसुविधु१८६७माने वर्षे हर्षात् परोत्कर्षे ॥ २५ ॥
कविवर पदवी पथिकोऽभ्युपगतपूर्वां महामहापूर्वाम्।
स्वाधीनतां विनिन्ये सम्यगुपाध्यायपदवीं सः ॥२६ ॥
तज्जनकाऽवरजोऽपि गिरिजाधिराज पदपल्लव भ्रमरः।
अग्निश्रुतिवसुधरिणी १८४३ प्रमिते वर्षेऽनुभूय जनुः ॥ २७ ॥
रुचिरः स चान्द्रमौल्यां शालायां माधवेन्द्ररक्ष्यायाम्।
भूत्वा प्रथितः स्वेनाप्रतिनिधिनाऽध्यापनेन लघु ॥ २८ ॥
श्रीमान् रामकुमारो रामकुमार श्रिया कुमाराय।
मतिमान्तु गुणरानन्दे गगनविशेशाङ्क शेषाब्दे १६१० ॥ २९ ॥
महामहोपाध्यायस्य चास्य विदुषः शिवादिदत्तस्य।
अस्तीह पुत्ररत्नं युगलं रेवमलं गुणाकीर्णम् ॥ ३० ॥
प्रथमस्तयोस्तु शास्त्री भवदत्तो भवसुदत्त वहुभूतिः।
अजमेरभूपविद्यानिलयस्याध्यापकः कुशलः ॥ ३१ ॥
अपरस्तु विष्णुदत्तो जिष्णुः श्रीविष्णुवच्च सद्विद्यः।
शास्त्री रिवाडि नरपति विद्यानिलये सुपाठयति ॥ ३२ ॥

पं० वद्रीलालजी के यहां सन् १८५१ ई० में आपका जन्म हुआ आपकी शिक्षा जयपुर में ही हुई और पाठशाला में आप अध्यापक होगये सन् १८६४ में लाहोर में ओरिएण्टल कौलिज में मुख्याध्यापक हुये। आपने अनेक उच्छिन्न प्रायः संस्कृत ग्रन्थों का संशोधन मुद्रण से पुनरुद्धार किया। आपके कार्य में महाभाष्य संपादन अभूत पूर्व हुवा। हमने आपकी चरणसेवा से ही कुछ ज्ञान-कण उपार्जन किये।

## २—(गूजर गौड़) गुर्जर देश के नाम से यह नाम हुआ

| इन के गोत्र | उपाधि |
|---|---|
| १ काश्यप | व्यास |
| २ औशनस | जोषी |
| ३ अत्रि | दुबे |
| ४ गर्ग | तिवारी |
| ५ वशिष्ठ | आचारज |
| ६ गौतम | उपाध्याय |
| ७ कौशिक | पचौली |
| ८ शांडिल्य | चौबे |
| ९ भारद्वाज | श्रोत्रिय |
| १० पराशर | ,, |
| ११ वत्स | ,, |
| १२ मुद्गल | ,, |
| १३ कश्यप | ,, |

अवटङ्क

| | |
|---|---|
| अन्धरूपा | गुणवाड्या |
| अद्रोज्या | गुंदाड्यां |
| आछरमरया | गुंवाल्या |
| आमघा | गोरयो |
| आहुवा | गोवल्या |
| उमटाण्या | गोहोंधा |
| कटासतल्या | घीढाण्यां |
| कटोरीवाल | चाटसुवा |
| कमठाण्या | चाढडहोटयां |
| कपाडोल्या | चुरेल्या |
| कलवाड्या | चुडोल्या |
| | छडका |

| | |
|---|---|
| छींछावदा | डीडवान्या |
| जखीमा | डीडवाड्या |
| झुजोघा | ढमेकल्या |
| जगण्या | ढांकल्या |
| जसन्थ्न्या | ढींकसरा |
| जांगल्या | थडीवाल |
| जांजपूरा | पीपलोधा |
| जीरा होल्या | दीखत |
| हडक्या | दुगाथा |
| झाडोल्या | नगवाल्या |
| झूझघा | नायरा |
| ठोकरया | नराण्या |
| डवास्या | पहाड्या |
| | चरनोल्या |

## ३-खण्डेलवाल-यह बुंदेलखंडके नामसे नाम हुआ

इनके शासन ५२ हैं—यह खंडेले ग्रामों के नामपर ही हैं।

| | |
|---|---|
| १ सूदरिया | ११ दुगोलिया |
| २ चाटिया | १२ तोवला |
| ३ पीपलया | १३ वूचीघात |
| ४ कछवाल | १४ श्रोत्रिय |
| ५ वूडाडरा | १५ चीलवार |
| ६ दूथली | १६ भरभूटा |
| ७ जोशी | १७ मगलियार |
| ८ माटोला | १८ सीवोडी |
| ६ नेवाल | १६ भाटी वडी |
| १० टाक | २० रणवा |

| | |
|---|---|
| २१ जकनसिया | ३७ बुरवरा |
| २२ वर्मीया | ३८ अजमेरा |
| २३ वसीवाल | ३९ भरडिया |
| २४ वाठोलिया | ४० बूतवाल |
| २५ जटाणिया | ४१ कटवाल |
| २६ पोखाल | ४२ गुणावटा |
| २७ पुजावडी | ४३ चाटसा |
| २८ मडकरा | ४४ सोरा |
| २९ सोनतिया | ४५ मटोला |
| ३० झुजरोदा | ४६ कूचरिया |
| ३१ गोवेसा | ४७ भांना |
| ३२ गोरसा | ४८ भोमवाल ॥ |
| ३३ डीडवाणिया | ४९ नाना |
| ३४ सांमरा | ५० याद |
| ३५ डावसिया | ५१ रजोडग |
| ३६ मवदा | ५२ वोल |

## ४—पारीक ब्राह्मण

गोत्र इन के कई हैं शासन१०३ में से

| | |
|---|---|
| १ पुरोहित कातडया | १३ „ व्यास |
| २ „ डांगी | १४ „ वोहरा |
| ३ „ सूरेरा | १५ „ पांडिया वोहर |
| ४ „ दापया | १६ „ केसट |
| ५ „ कागड़ा | १७ „ पादिया |
| ६ „ पीपलवाल | १८ „ मकरानिया |
| ७ „ जोशी | १९ „ दुगोली वोहरा |
| ८ „ तिवारी | २० „ तावलोध |
| ९ „ कापसा | २१ व्यास गोरवाल |
| १० „ गोडवाड | २२ „ खटोड़ |
| ११ „ जोशी कपडोद | २३ „ मुंडकिया |
| १२ „ वाना | यह सात हुई हैं ॥— |

# पल्लीवाल ब्राह्मण

पल्ली ग्राम में रहने से पल्लीवाल नाम हुआ पहिले मारवाड में पल्ली बडा भारी शहर था उस में १ लाख घर बसते थे सन् १२६८ के अनुमान राव आयस्थान जो राठौड़ वंशीय क्षत्रिय यहां आये उन सब को इन्हों ने अपने पास रक्षार्थ रख लिया था। तदुपरान्त गौरी शाह की सेना लडाई के लिये आई बहुत दिन तक युद्ध होता रहा जब गौरी शाह की विजय न हुई तब एक तालाब में गौओं का वध कर यवनों ने डाल दी इस को देखकर वहां से भाग गये भागते हुये जो ब्राह्मण मारे गये उनके यज्ञोपवीत ९ मन हुवे थे और स्त्रियों के हाथी दांत के चूड़े ८४ मन थे जो वहीं सती हो गई थीं। यह वहां से भाग २ कर अन्य देशों में बस गये यह भी आदि गौड़ हैं। पराशर गोत्रीय ब्राह्मणों का राज्य पाली में था

६०० वर्ष के पीछे फिर पल्ली के महाराजा विजय सिंह ने बसाना चाहा उनकी आज्ञानुसार कुछ ब्राह्मण फिर वहाँ बस गये॥

## मारवाड़ रिपोर्ट।

राजस्थान इतिहास ( टाड प्रणीत ) तथा अन्य सर्कारी रिपोर्टों से भी ज्ञात हुआ कि पाली पर सन् ११ में बड़ी बिपत्ति आई थी। तब से ब्राह्मण अन्यत्र जा बसे। पाली मारवाड (जोध पुर राज्य) में एक परगना है।

इन के गोत्र १२ मारवाड में–गर्ग, पाराशर, मुद्गल, उपमन्यु, वसिष्ठ, और अत्रि इन गोत्रों के शासन ये हैं

| | |
|---|---|
| १ जाजिया | ८ चरक |
| २ पूनिद | ९ सांदू |
| ३ धामट | १० कौरा |
| ४ भायल | ११ हरदोलबा |
| ५ ठूमा | १२ बनया |
| ६ पेथड़ | १३ जगया |
| ७ हरजीक | |

## गौडों के ४ भेद मैथिल ब्राह्मण गौड

काशी सकाशादीशाने ह्यंग देशसमीपतः ।
देशो जनक नामा वै तत्रराजा निमिःपुरा ॥
निमिश्चलम्दिं ज्ञात्वा ह्यनाप्यान्यान् द्विजोत्तमान् ।
मैथिला ब्राह्मणाश्चैव तेन संस्थापिता मुदा ।
ते सर्वे-मैथिला जाता निमियज्ञसमागता ॥

ब्राह्मण मार्तण्डाध्याय

अर्थात् काशी के समीप ईशान में अंगदेश के पास मिथिलापुरी है। वहां पहिले राजा निमि हुवा। उसने यज्ञ करने को निश्चय कर अपने गुरु तथा मध्यदेश से अन्य द्विजों को बुलाया। उससे बसाये हुवे वहां के द्विज मैथिल कहाने लगे ॥

## जांगल वा, जांगिडा ब्राह्मण

'जंगिड शब्द वैदिक है। जंगिड एक महर्षि थे उन्होंने जिस देश में तप किया था वह जाँगड वा जांगल देश कहलाया।

जांगल देश कुरुक्षेत्र के पास है अर्थात् रोहतक, जींद, कुछ कुरुक्षेत्र प्रान्त, पटियाला राज्य के कुछ भाग भटिंडे तक इधर के ऊपर के पश्चिम भाग को जांगल देश कहते हैं।

शब्दार्थ चिन्तामणि में भी लिखा है-'कुरुदेश समीपस्थे देशे' कुरुक्षेत्र के पास का देश।

स्वल्पोदकतृणो यस्तु प्रवातः प्रचुरातपः ।
स ज्ञेयो जांगलो देशः बहुधान्यादिसंयुतः ॥

अर्थ—जिस में थोड़ा पानी हो, घास फूंस कम हो, हवा और धूप अधिक हो उस देश का नाम जांगल है।

भाव प्रकाश में लिखा है-

'आकाश शुभ्र उच्चश्च स्वल्प पानीय पादपः।
शमी-करीर-बिल्वा-र्क-पीलु कर्कन्धु संकुलः॥
हरिणेणर्क्ष पृषत-गोकर्ण-खर संकुलः।
सुस्वादु फलवान् देशो वातलो जांगलः स्मृतः॥'

जहां आकाश निर्मल रहे पानी और वृक्ष कम हो जांड, करीर, बिल्व, आक, पीलु, आदि वृक्ष, हरिण आदि पशु हों ऐसा वात प्रधान देश जाँगल है।

पुनः-पुनरतिशयेन वा गलति इति गल, यङ्, अच् पृषोदरादित्वात्साधुः।

और महाभारत में भी आया है।

कक्षा गोपालकक्षाश्च जांगला कुरुवर्णका
किराता वर्बराः सिद्धा वैदेहास्ताम्रलिप्तका॥
भीष्मपर्व अ०६ श्लो० ॥५७॥

भारतवर्ष के देश नदी वर्णन प्रसंग में जांगल देश भी कुरुक्षेत्र के समीप है।

इस जांगल देश में ही 'जंगिड, मुनि ने तप किया। यह जंगिड ऋषि अथर्ववेद के,दो सूक्तों के ऋषि हुवे। इन सूक्तों में जंगिड नामक औषध और परब्रह्म का प्रतिपादन किया है। वह सूक्त यह हैं-

दीर्घायुत्वाय बृहते रणायारिष्यन्तो दक्षमाणाः सदैव
मणिं विस्कन्ध दूषणं जङ्गिडं बिभृमो वयम्॥१॥
जंगिडो जम्भाद् विश्राद् विष्कन्धादभिशोचनात्
मणिः सहस्रवीर्यः परिणः पातु विश्वतः॥२॥

अयं विस्कन्धं सहतेऽयं बाधतेऽत्रिणः ।
अयं नो विश्व,भेषजो जंगिडः पात्वंहसः ॥३॥
देवैर्दत्तेन मणिना जङ्गिडेन मयोभुवा ।
विस्कन्धं सर्वारक्षांसि व्यायामे सहामहे ॥४॥
शणश्च मा जङ्गिडश्च विस्कन्धादभिरक्षताम्
अरण्यादन्य आभृतः कृष्या अन्यो रसेभ्यः ॥५॥
कृत्यादूषिरयं मणिरथो अराति दूषिः ।
अथो सहस्वाञ्जङ्गिडः प्रण आयूंषि तारिषत्॥६॥

अथर्व: कांड २ सू० ४ ।

यहां पर कौशिक सूत्रकार ने लिखा है कि जंगिड नाम मणि (ओषध को दीर्घायुत्वाय इस सूक्तसे बालक के बांधे) (कौ० सू० ५ । ६) इस सारे सूक्त में जंगिड की प्रशंसा है। आगे १६ कांड सु० ३४ में परमात्मा तथा औषध दोनों का वर्णन किया है। ग्रन्थ बाहुल्य से उसको नहीं लिखते केवल वहां से २ मन्त्र दिये जाते हैं—

त्रिष्ट्वाय देवा अजनयन् तिष्ठितं भूम्यामधि
तमु त्वाङ्गिरा इति ब्राह्मणः पूर्व्या विदुः ॥६ ।

सायण भाष्य—इदानीं भूम्यामधि । अधिः सप्तम्यर्थानुवादी । भूम्यां तिष्ठन्तं त्वां देवाः इन्द्राद्याः त्रिः त्रिवारं अजनयन् उत्पादयन् त्रिषु लोकेषु अवस्थानायेतिभावः । तं तादृशं प्रयत्नेन उत्पादितं त्वा त्वां अंगिरा इति ब्राह्मणो र० फ० ऽङ्ग सम्भूतो रसः अगिंराख्यो महार्षि यद्वा अंगिरा अंगाराः ये अंगारा आसस्ते अंगिरसोऽभवन् यद्वा अगिंरा अंगराः ये अंगरा आसस्ते अगिंरसोऽभवन् । ( ऐ० ब्रा० ३, ३४ )

इति ब्राह्मणम्। एवं नामामहर्षिरिति पूर्व्याः पूर्वे भवा ब्राह्मणा महर्षयो विदुः ब्रुवते।

अर्थ—जंगिड को तीनवार उत्पन्न किया। अंगिरा ऋषि हैं देवताओं ने तुझे अंगिरा जाना है॥ यहां सायणाचार्य स्पष्ट लिखते हैं जंगिड और अंगिरा एक शब्द हैं।

## अंगिराऽसि * जंगिड! अथ० १९

अर्थात् हे जंगिड! तुम्हारा ही नाम अङ्गिरा है।

अङ्गिरा और जंगिडा एक ही शब्द हैं। जंगिड शब्द की व्युत्पत्ति जंगम्यते शत्रून् वाधितुम् इति जंगिडः। गमेर्यङ्लुगन्ताद्रूप सिद्धिः। अथवा जनेर्जयतेर्वा ड प्रत्यये 'ज' इति भवति। जंगिरतीति जङ्गिरः। कपिलकत्वाद् लत्वम्। पूर्वपदस्यस्य लुगभावश्छान्दसः। खच् प्रत्ययो वा द्रष्टव्यः। अर्थात् गम् जन् जि इन तीन धातुओं से ड, खच् प्रत्यय लगाकर जंगिड शब्द बनता है। जो शत्रुओं का नाश करे जो संसार उत्पन्न करे इत्यादि व्युत्पत्ति द्वारा अर्थ सायणाचार्य ने किये हैं। अङ्गिरा शब्द के अर्थ ब्रह्मा के यज्ञों से उत्पन्न यह सभी ब्राह्मण तथा भाष्यकारों ने लिखे हैं। वस सिद्ध हुवा कि जंगिड ऋषि (वा अंगिरा) के उपासक अङ्गिरा वेद (अथर्व) के पढ़ने वाले जाँगल देश निवासी जांगिडा कहलाये। ब्राह्मणों के भेद सूची में जांगल ब्राह्मण भेद शेरिंग साहब ने भी लिखा है।

पण्डित पालाराम जी तथा पं० बुधसिंह जी शर्मा कृत जांगिडोत्पत्ति पुस्तक हमने पढ़ी है इसमें जो लिखा है वह सोच समझ कर नहीं लिखा गया यह पूर्वोक्त अनुसन्धान से प्रतीत हुआ क्यों कि इसमें लिखा है:—

१—जांगिडा यह शब्द जोग का अपभ्रंश है। जोग, योग का अपभ्रंश है। यह जोग मैथिल ब्राह्मणों का उपभेद है।

* किन्हीं पुस्तकों में जंगिडा यह भी पाठान्तर है।

देखिये क्रुक साहिबने लिखा है—

JANGHARA.

A large somewhat turbulent Sept of Rajputs, chiefly found in Rohikhand. Their name is said to mean "Worsted in war" ( Janghara ) which was derived from their d efeat by Raja Hirandpal of Bayana or Shahabuddin Gouri.

Divisiors Tarai and Bhur

Page 21 of tribes and castes of N. W. P. &Oudh vol: III by W. Crook B. A.

क्रुक साहब वी० ए० ट्राइब्स ऐंड कास्ट के प्रथम भाग के पृष्ठ १२१ में तगानों के भेद हिन्दुओं में ८५६ मुसलमानों में ७६ हैं। इन में से मुख्य २ यह हैं।—

सहारनपुर में

१ वन्दरिया

२ ढोली

३ मुल्तानी

४ नागर

५तरलोईया

मुजफ्फर नगर में

६ ढालवाल अर्थात् ढाल बनाने वाले

७ लोटा

मेरठ में

८ जंगहारा राजपूतों का भेद

बुलन्द शहर में

६ भील

अलीगढ़ में

११ चौहान

मथुरामें

१२ वामन वढ़ई

१३ सोसानिया

आगरे में

१४ नागर

१५ जंगहारा

फरुखावाद में

१६ प्रोतिया

१७ परेतिया

मैनपुरी में

१८ उमारिया

एटे में

१९ अंगवारिया

२० घरमनियां

२१ विसारी

२२ जलेसरिया

२३ ऊषरभोला

बरेली में

२४ जलेसीरया

बलिया में

२५ गोकुल वंशी

२६ बस्ती में

२७ दकिवजा

२८ सर्वरिया

२९ गोंडे में

३० खेरानी

३१ सोंदी

बाराबंकी में

३२ जयसवार

३३ मिर्जापुर में ५ भेद हैं

३४ ओंकाशवंशी

३५ मागधिया

३६ पूर्विया

३७ उत्तराहा

३८ खाती

बरेली में

३९ मथुरिया

४० धीमाण

४१ खाती

विजनोर में

४२ दहमन

४३ अगरया

४४ लाहोरी

४५ ओकोसकास

४६ बस्ती में

४७ कोर्काश वंश

४८ लोहार बढ़ई

इन में जांगिडा शब्द भी नहीं आया।

शेरिंग साहिब ने भी कहीं नहीं लिखा।

४—भ्रम इन पुस्तक वालों को यह हुआ कि 'योग' चूंकि मैथिलों का उपभेद है अतः जाँगिडा भी मैथिल हुवे परन्तु जोग, जोगी मैथिल और वढई यह इनको कोई भी अपने में नहीं मानते न कभी रोटी—बेटी का व्यवहार हुवा न है। तथा मैथिल मत्स्यादि भक्षक हैं। इनमें मद्यमांस छू तक नहीं गया।

५—वाँ भ्रम इन पुस्तककारों का यह है कि ऊट पटांग विना सिर पैर और विना प्रमाण की मनघडन्त कथायें लिख डाली हैं कि श्रीकृष्ण के लिये लकड़ी चीरी थी तब से यह जाति हुई।

हमारे ऊपर के अन्वेषण से स्पष्ट सिद्ध होचुका 'जांगिडा' यह शब्द वैदिक है, शुद्ध है किसी का अपभ्रंश नहीं है। साथ ही यह भी निश्चित हो चुका कि 'जांगल' भी ब्राह्मणों का एक भेद है। (देखो शेरिंग की पुस्तक भूमिका भाग २)'

यह जाति लकड़ी पर शिल्प करना, पत्थर की मूर्ति आदि बनाना, ठेके लेना, आदि कार्य करते हैं। मन्दिरों के पुजारी और महन्त भी हैं। शिल्पकार्य करने से ही पालाराम जी ने इनको बढ़ई लिख मारा। वास्तव में बढ़ई कोई स्वतन्त्र जाति नहीं क्योंकि इस काम को ब्राह्मणादि चारों वर्ण करते हैं परञ्च अन्य-यवन भी करते हैं। इस कर्म को पूर्वकाल में भी सब वर्ण करते थे जैसा कि लिखा है।

'त्रैवर्णिको रथं कुर्यात्तस्य जात्यंतरस्यच,

(बौधायन)

अर्थात् तीनों वर्ण रथकर्म, बढई आदि का कार्य करते हैं तथा अन्य जातियँ भी। इसीसे अन्य शूद्रादि जाति के बनाये हुवे काष्ठ के यज्ञ पात्रों का यज्ञ में निषेध है—

'अचक्रवर्तीमशूद्रकृतामूर्ध्वकपाला—

मग्निहोत्रा स्थाली' हिरण्यकेशीय सूत्र २।७

अग्निहोत्र की थाली शूद्र कृत न हो। बस इन प्रमाणों से स्पष्ट सिद्ध है कि बढई जाति कोई स्वतन्त्र जाति नहीं है अपि तु इस कर्मको तीनों वर्ण पूर्व से ही करते चले आये हैं। इस विषय का अधिक विवेचन शिल्पश्रेणी में लिखा जावेगा। सो इस जाति के लोग भी द्विजाति मात्र की उचित वृत्तियँ करते हुवे ब्राह्मण हैं।

यह ब्राह्मण कुरुक्षेत्र समीपवर्ती जांगल देश निवासी हैं। और इनके शासन (अवटंक) भी १४४४ हैं। गौड़ों का आदि देश भी यही

ब्रह्मर्षि देश हैं। और गौड़ों के शासन भी १४४४ हैं। आचार, विचार, व्यवहार सब गौड़ों के समान होने से इनकी गणना गौड़ों में ही की जा सकती है।

# अंगिरावंश का वर्णन

अग्नि के पुत्र बुद्धिमान अंगिरा के वंश को सुनो, जिस के साथ भारद्वाज और गौत्तम भी हुवे हैं।

महातेजस्वी इषुमान के अंगिरा और देवय २ हुये। अंगिरा के मरीचि की पुत्री सुरूपा, कर्दम की पुत्री स्वराट् और मनु की पुत्री पथ्या, ये ३ स्त्रियां हुईं।

सुरूपा से बृहस्पति, स्वराट् से गौतम और पथ्या से, अवन्ध्य, वामदेव, उशिज, धृष्णु, ये पुत्र हुये संवर्त, मानसपुत्र कहाये।

विचित, अपास्य और शरद्वान् ये उतथ्य के पुत्र हुये। उशिज दीर्घतमा, बृहदुक्थ्य, ये वामदेव के हुये। धिष्णु का पुत्र सुधन्वा और सुधन्वा का ऋभु और रथकार हुये। बृहस्पति का महायशस्वी भरद्वाज हुआ।

इस प्रकार अंगिरावंश का वर्णन वायु पुराण अ० ४ में लिखा है।—

शृणुताङ्गिरसो वंशमग्नेः पुत्रस्य धीमतः।
यस्यान्ववाये संभूता भारद्वाजाः स गौतमाः॥ ९६॥
देवाश्चांगिरसो मुख्या इषुमन्तो महौजसः।
सुरूपा चैव मारीची कार्दमी च तथा स्वराट्॥ ९७॥
पथ्या च मानवी कन्या तिस्रो भार्यास्त्वथर्वणेः।
इत्येतांगिरसः पत्न्यस्तासु वक्ष्यामि संततिम्॥ ९८॥
अथर्वणस्तु दायादास्तास्तु जाताः कुलोद्वहाः।
उत्पन्ना महता चैव तपसा भावितात्मनाम्॥ ९९॥
बृहस्पतिः सुरूपायां गौतमः सुषुवे स्वराट्।
अवन्ध्यं वामदेवं चैवोतथ्यमुशिजं तथा।

धिष्णुः पुत्रस्तु पथ्यायां संवर्तश्चैव मानसः।
विचितश्च तथा यास्यः शरद्वाश्चाप्युतथ्यजः १०१ ॥
अशिजो दीर्घतमा बृहदुक्थ्यो वामदेवजः।
धिष्णु पुत्रः सुधन्वास' ऋभवश्च सुधन्वनः ॥ १०२ ॥
रथकाराः स्मृतादेवा ऋषयो ये परिश्रुताः।
बृहस्पते र्भरद्वाजो विश्रुतः सुमहायशाः ॥ १०३ ॥
अंगिरसस्तु संवर्तो देवानंगिरसः शृणु।
पुष्कराख्याच्च देशां दधिका च चतुः शती ।
वैदूर्य शिखराद द्रेः शतान्यष्टौ तथा दश ।
च्यवनस्याश्रमात् पुण्यात्पश्चाशदधिकं शतम् ॥
गङ्गा द्वारात् सहस्रं वै ऋषि पुत्राः समायद्युः ।
पुरोश्च पर्वत श्रेष्ठात् सहस्रं च द्विजन्म नाम् ॥
गङ्गा यमुनयोः सङ्गादागान्मुनि शतद्वयम् ।
श्वेतकेतोः शतान्यष्टौ द्विजानामगमस्तदा ॥
सहस्र तुकुरुक्षेत्रात् पृथूदकनिषेविणाम् ।
श्री जामदग्न्य पश्चभ्यो नदेभ्योऽष्टोत्तरं शतम ॥
यत्र चाद्रि हेमकूट सततः प्राप्तं शतत्रयम् ।
श्रीपर्वतात् सहस्राणि तिग्मांशु शुभ्र तेजसाम् ॥
सहस्रं तुग कारुण्यादागतं गत पाप्मनाम् ।
तस्मात् त्रीणि सहस्राणि कौशक्या ह्यागतं तटात् ॥
मेधेऽधिक् नृप श्रेष्ट शतानिनयचैद्विजाः ।

सारस्वताः किन्तु सर्वांगाः सहस्रमधिकं शतम् ॥
सौराष्ट्राद् या ब्राह्मण् सहस्रं सोम याजिनाम् ।
नर्मदातीरजः पञ्चशो गङ्गासागर संगमे ॥
सहस्रं हि तथा पञ्चशता नीयुर्द्विजन्मनाम् ।
शतीकन्या अनात् पुण्यात् सहस्र द्विशताधिकम् ॥
तानि शोभांऽपि प्राप्त सहस्रं पञ्चविंशुतम् ।
पञ्च नैव रथाङ्कूप सहस्राणि समाययुः ॥
गन्धर्मांलक्ष्मान्वशे प्रामानि परसोत सास् ।
तस्मा धिनशनाद्शेतत्रानि त्रीणि सन्द न ॥
धिशत्यायाध गन्डपताः सहस्रं वै द्विजन्मनाम् ।
सरितः किं पुनान्यस्याः सार्धं शत चतुष्टयम् ॥
प्रशनतीर्थाद्वैतानि शतानि त्रिणि तत्र च ।
शतानि सातर्क्षेत्र भर्मारण्याद्थाययुः ॥
शत साहस्त्रशतीर्थांदागतं तु शतत्रयम् ।
अवन्ति विषयात् पञ्चशतानि ब्रह्मवादिनाम् ॥ प्रा० मा०

मान्धाता के समय में ५०० ब्राह्मण काशयप देशसे गङ्गासे १ अयुत, गयासे ५०० ; कालिंज गिरी से ७००, महेन्द्र से ३००, मलयाचल से १०००, गर्नार से ५००, इत्यादि ४३ क्षेत्रों से ४५००० ब्राह्मण श्री माल देश में जाकर बसे । यह लेख कहां तक सत्य है अभी विचार योग्य है । इनमें से कुछ तो देव पूजन मन्दिरों में करने लग गये थे और ५०० जैनी हो गये थे यह मारवाड जन संख्या में लिखा है ।

स्कन्द पुराण में भी इनका प्रसङ्ग आया है । भीं नपाल स्थान का नाम हो प्राचीन श्रीमाल था यह इतिहासप्रमानते हैं । इनके ६ भेद हैं । १ काशी श्रीमाली २ काठियावडी श्रीमाली ३ गुजराती श्रीमाली ४ अहमदाबादी श्री माली ५ सुरती श्रीमाली ६ खम्भाती श्रीमाली । इसही वंश के भूषण प्रसिद्ध कवि माघ थे जिन्होंने शिशुपाल वध बनाया है । नीचे गोत्रादि दिये जाते हैं ।

यह १८ गोत्री ब्राह्मण थे नीचे गोत्र प्रवर और शासन। लिखे जाते हैं—

| गोत्र | प्रवर | शासन |
|---|---|---|
| १ शौनक | सहोत्र, गृत्समद् गात्सं मद् | १ त्रिवाडी टोकर २ ओझा टो० ३ त्रिवाडी वाकुल या ४ व्यास वा० ५ ओझा वा० ६ दवे मटकर ७ दवे उनावणा ८ त्रिवाडाशांगडा, ९ त्रिवाडी १० जेखलया ११ व्यास डिवलाया। |
| २ भारद्वाज | आँगिरस, बार्हस्पत्य भारद्वाज | १ ओझा भोपल २ व्यास भो० ३ त्रिवाडी भो० ४ जोशी भो० ५ उनायाणा ६ त्रि० भिया ७ त्रिवाडी चोखाचर ८ त्रिवाडी ९ निर्णाकोल्१० ओझा नवलखा ११ व्यास न० १२ दुवे झाडिया १३ दुवेनारेचा १४ बोरपेद्रा १५ जोशी पावरियो। |
| ३ पराशर | वसिष्ठ, शक्ति, पराशर | १ त्रिवाडी गाधे २ व्यास गा० ३ त्रि० नारेचा ४ त्रि० जेखलिया ५ ओझा चंडेसा। |
| ४ कौशिक | विश्वामित्र देवराज ओदल | १ ओझा शुल्या २ त्रिवाडी शुल्या ३ अवस्ती कोणेद्रा ४ जोशी नरतेचा ५ त्रिवाडी काणोद्रा ६ ठाकुर नरतेचा। |

| गोत्र | प्रवर | शासन |
|---|---|---|
| ५ वत्स | भृगु, च्यवन, और्व, आप्नुवान, जमदग्नि | १ त्रिवाड़ी दशो २ आवल्ति अग्निहोत्री ३ दवे फणेरिया ४ जोशी पांडे चा ५ त्रिवाड़ी सवा उत्र। |
| ६ औपमन्यव | औपमन्यव | त्रिवाड़ी मेर १ |
| ७ काश्यप | काश्यप, वत्स नैत | १ त्रिवाड़ी जाज ढोला २ त्रि० आईयात्री ३ त्रि० काशपिदई पाडिया ४ त्रि० चटु सुडालिया ५ जोशी पायड होत्र ६ जो० चंडेशा ७ जो०पंचलिया ८ घोरामा भट्ट ९ त्रिवाड़ी लोहुवाचडाया १० व्यास पुरचा ११ त्रिवाड़ी, करचंडा १२ घोराजाज ढोला। |
| ८ गौतम | आंगिरस, आंगिरस गौतम | १ दवेल पाउभा २ दवेसांचवाडिया ३ ठाकुर लापसा ४ दवे पुछ ओढा ५ दवेगोतमिया ६ जोशी गोतम। |
| ९ शाण्डिल्य | आसित्य देवल शांडिल | १ दवे कोडिया २ घोरा कोडिया ३ घोरा धांधल वाडिया ४ घोरा पांडिया। |
| १० चन्द्रास | आत्रेय, गविष्ठ, पूर्ण | १ दवे हाडी अरणाया केलवाडिया २ दवे घातडिआ ३ जोशी घातड्या। |

| गोत्र | प्रवर | शसान |
|---|---|---|
| ११ लोड्सवान | औतिथ्य, आंगिरस लोडवान | १ दवे कोचर २ व्यास कोचर ३ देव पाठक |
| १२ मौद्गल्य | आंगिरस, भारम्य, मौद्गल | १ दवे वेलडिया २ दवे चापानेरिया ३ दवे हितीया ४ दवे गोधा |
| १३ कपिञ्जल | वसिष्ट, भारद्वाज, इन्द्रो | १ दवे प्रनोलिया २ दवे दलवटा ३ दवे मुहतार मणेचा ४ दवे पुमाणेचा ५ दवे जीवाणेचा ६ दवे काडिया ७ ठाकुर भोंडिया ८ ओझा वधलिया ६ दवे मनापुत्र पाठक १० ठाकुर कापिञ्जल । |
| १४ हारीत | हारीत | १ ओझा आचडिया । |

* शक एक प्राचीन जाति है इसका वर्णन मनु में आया है ।

पौण्ड्रका औण्ड्र द्रविड़ाः काम्बोजा यवनाः शकाः

॥ म० १० । ४४

शक एक देश का नाम है । क्रुक साहब ने 'शक, काबुल का नाम लिखा है, इसी का नाम शाक द्वीप है । यहां पर क्षत्रिय जातियें जाकर धर्म भ्रष्ट होगई थीं उनमें से शक भी थे यह ऊपर दिये गये मनु के श्लोक से विदित हुआ । शालिवाह शक राज भी हुवे । इस द्वीप के निवासी शाक द्वीपी ब्राह्मण कहलाये ।

इनके भेद मग और भोजक हैं ।

## परिशिष्ट ब्राह्मण ।

* यद्यपि यह भी उपरोक्त १० विध ब्राह्मणों अन्तर्गत ही हैं परन्तु स्पष्टता के लिये पृथक् लिखे जाते हैं ।

## १-शाक द्वीपी अथवा मागध ब्राह्मण।

यह ब्राह्मण मगध देश में हैं। तिरहुत विहार गंगा के पास बसते हैं। मगध देश में कब कैसे गये यह ज्ञात नहीं हुआ।

इनके गोत्र—

| गोत्र | उपाधि | निवास |
| --- | --- | --- |
| भारद्वाज | मिश्र | उर्वर |
| कौण्डिन्य | पाठक | खंतवार |
| ,, | मिश्र | मपयवार |
| शाण्डिल्य | पण्डित | भलूनियार |
| गर्ग | पाण्डे | पंछिया |
| ,, | मिश्र | परनियार |
| कौण्डिन्य | पाण्डे | देधा |
| काश्यप | मिश्र | विलसय |
| भारद्वाज | ,, | अद्रावर |
| ,, | ,, | ओनरियार |
| ,, | पाठक | जम्बार्त |
| शाण्डिल्य | ,, | ठाकुर मीरौ |
| पराशर | मिश्र | श्रीमीर योर |
| वत्स | ,, | अन्धाधियार |
| पराशर | मिश्र | कुकुरन्द |
| भारद्वाज | पाण्डे | देवकुलियार |
| ,, | मिश्र | पवैया |

## चतुर्वेदी माथुर।

मथुरा के निवासी चतुर्वेदी ब्राह्मण उपाधि भेद से हैं। चतुर्वेदी, त्रिवेदी वा त्रिपाठी, द्विवेदी, वा दुवे या दूबे यह पदवियें सब प्रकार के ब्राह्मणों में हैं। निश्चय से नहीं कहाजाता मथुरा के

ब्राह्मणों में यद्यपि किस २ प्रकार के ब्राह्मणों ने हैं । पर विशेष कर गौड़ ही जाने गये हैं । इन के १ फरुवे २ मोटे ३ गुलपटे और ४ ऊदलवा यह ४ भेद हैं।

| गोत्र | उपाधि | प्रवर |
|---|---|---|
| दक्ष | चतुर्वेदी | आत्रेय, गविष्ठर, पौर्वतिथि |
| कौत्स | " | कौत्स, अंगिरस, योगनाथ |
| लौधव | " | विश्वामित्र, देवरात, औदले |
| वसिष्ठ | " | वसिष्ठ, शक्ति, पराशर |
| भार्गव | " | भार्गव, च्यवन, आप्नुवान, और्व जमदग्नि, |
| भारद्वाज | " | आंगिरस, बृहस्पति, भारद्वाज |
| धुम्र | " | काश्यप, आरुय, ध्रुव, |

---0---

| गोत्र | शासन |
|---|---|
| दक्ष | कोकोर, दक्ष, पूर्व, सज्जन |
| कुत्स | मेहरी, धलहरे मरैठिया, सांडिल्य |
| लौधव | पुरोहित, छिरोरा, घोरमई, मिश्र चकेरी, बुदौआ, तोपजाने, चन्द्रसे, चन्द्रपुरिया, चैसाधर, झुमावली, साघ |
| वसिष्ठ | तिनावलि, काछो, बधिया, जौनमाने, दीक्षित उटोलिया, कुणवार, पैंठवाल, |
| भार्गव | दरर, भोसरे, गोधवार, डाहरू, गुगोली, वोहजे, कनेरे मेर, घेहरिया, सकना, |
| भारद्वाज | पान्डे, पाठक, रावत, कारेनाग, तिवारी, तसवारे, वीसा, |
| तिवारी | चौपोली, तिवारी, भामले, मर्झामया, कोहरे दिंपाधार, |

पंडित मदनमोहन माळवीय.

सद्र  भैलरे, गुनार शिकरौली बीसा।

धौम्य  आपसे, भरतवालर, तिलभने, सीरे, घर बारी चन्द्रपेन्नी, गोजले, शुक्ल मजपुरिया, धोमिश्र

इस जाति में सनाम धन्य राजा जयकृष्णदास हो चुके हैं। हमें खेद है आपका चित्र या चरित्र समय पर न मिलनेके कारण न देसके

---

# मालवीय ब्राह्मण।

यह गुजरात देश से मालवे में आ बसे थे। अतः गुर्जर सम्प्रदाय में ही गिने जा सकते हैं।

गोत्र—१ भारद्वाज २ पराशर ३ अंगिरस ४ गौतम ५ शाण्डिल्य ६ मितकाक्ष ७ वत्स ८ कौत्स ९ काश्यप १० कात्यायन ११ कौण्डिन्य १२ मैत्रेय १३ अर्ध वशिष्ट १४ वाशिष्ट।

---

## मालवीयवंशभूषण आनरेबुल पं० मदनमोहनमालवीय B.A., L.L.B.

—०—

३०० वर्ष से अधिक हुये मालव देश छोड़कर आपके पूर्वज प्रयाग में आबसे थे। मालवीयवंश में पं० बैजनाथजी शर्मा के सन् १८६२ ता० १८ दिसम्बर को आप प्रादुर्भूत हुये। आप का शुभ नाम करण मदनमोहन शर्मा किया गया। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा हिन्दी में घर पर हुई। गवर्नमेंट स्कूल से आपने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। फिर प्रयाग में ही म्योर कालेज से १८८४ ई० में B.A. परीक्षा उत्तीर्ण की। तदनन्तर आप ३ वर्ष तक गवर्मेंट स्कूल में अध्यापक रहे। सन् १८८७ ई० में कालाकांकर के ताल्लुकेदार राजा रामपालसिंहजी ने अपने यहाँ ले जाकर आपको "हिन्दोस्तान" समाचार पत्र का सम्पादक बनाया, आपने बड़ी दक्षता के साथ ढाई वर्ष उसका सम्पादन किया। तदनन्तर आपने कानून पढ़ने की तैयारी की ३ वर्ष पढ़कर १८९१ सन् में हाईकोर्ट की परीक्षा

पासकी, सन् १८६२ में L.L.B. की उपाधि भी ली आप तब से अब तक वकालत ही करते हैं। हिन्दू यूनिवर्सिटी खोलकर आपने जो भारतवर्ष का उपकार किया है वह प्रलय तक आपका यश स्थापित करेगा। आप बड़े लाट साहिब की कौंसिल की सभासद् हैं ईश्वर करे भारत वर्ष का हित साधन आप ऐसे ही शतसमाः करते रहें, तथाऽस्तु।

## कूर्माञ्चलीय ब्राह्मण ।

यह जाति कुमायूं में है। अपने आपको गौड़ों का भेद बताते हैं। कुमायूं में कब गये यह ज्ञात नहीं हुआ। परन्तु सब प्रकार के ब्राह्मण कुमायूं में हैं-१ कान्यकुब्ज कूर्मा० २ महाराष्ट्र कूर्मा० ३ गुर्जर कूर्मा० ४ पुराणे कूर्मा० से ज्ञात होता है।

इनके निम्नलिखित भेद हैं—

देशस्थ २ कर्पूरी ।

१—देशस्थों के गोत्र

| स्थान | गोत्र | उपाधि |
|---|---|---|
| गङ्गावाली | भारद्वाज | पन्त |
| खूंटा | ” | ” |
| तिलारी | ” | ” |
| गङ्गावाली | विश्वामित्र | भट्ट |

२—कर्पूरी

| गोत्र | उपाधी | स्थान |
|---|---|---|
| १ भारद्वाज | पाण्डे | पातिवाल |
| २ गोतम | ” | पालियौ |
| ३ ” | त्रिपाठी | अल्मोरा |
| ४ भारद्वाज | पाठक | गंगावाली |
| ५ काश्यप | पाण्डे | शिमलिटिया |
| ६ अंगिरा | जोशी | पल्लुदा |
| ७ गर्ग | ” | झाजार |

| | | |
|---|---|---|
| ८ भारद्वाज | कन्दपाल | पाटीवाल |
| ९ ,, | मिश्र | लोहनी |
| १० ,, | जोशी | तिलारी |
| ११ ,, | पाठक | करणटिक |
| १२ ,, | पांडे | हाट |
| गोतम | त्रिपाठी | चनलारा |
| भारद्वाज | पाण्डे | माला |
| गौतम | ,, | खोला |
| | कान्यकुब्ज | कूर्माञ्चलीय |
| | महाराष्ट्र | कूर्माञ्चलीय |
| | पुराणे | कूर्माञ्चलीय |
| | गुर्जर | कूर्माञ्चलीय |

# नयपालीय ब्राह्मण

नेपाली ब्राह्मण राजा नन्दराज ने कान्यकुब्ज देश से बुलाये थे। अतः यह कान्यकुब्ज ही हैं। इनके देश, उपाधि स्थान भेद से उपनाम पड़ गये हैं नीचे गोत्रादि दिये जाते हैं।

| गोत्र | उपाधि | स्थान |
|---|---|---|
| कौशिक | रेगमी | लगतोल |
| घृतकौशिक | खदाली | ,, |
| वशिष्ट | भटरै | मखन्तोल |
| घृतकौशिक | नयपाली | पाकलश्यान |
| कौशिक | रेगामी | झोपेटोल |
| वशिष्ट | भट्टरै | भिलतुम्भ |
| काश्यप | घिमिरे | बुधसिंह |
| कौशिक | रेगमी | जैनपुर |

| गोत्र | उपाधि | स्थान |
|---|---|---|
| उपमन्यु | घफाल | घोर लोगं |
| आत्रेय | भिकघल | दद्दचौक |
| वत्स | रूपासैनो | गौरा |
| उपमन्यु | घाफल | गोरखा |
| आत्रेय | पंडयाल | अगरक्षु |
| कौण्डिन्य | आचार्य | डोलखा |
| गार्ग्य | रिपाल | गोकल |
| गौतम | तिवारी | गैफल |
| वशिष्ठ | खालीसे | गांफल |
| कौशिक | घुममाना | सिंघु |
| भारद्वाज | पाँख्याल | बरलाकु |
| अत्रि | गोतमो | चनगस्थलकु |
| भारद्वाज | शिलवाल | मैश्री |
| आत्रेय | अज्ञलि | पांचकिक्षु |
| उपमन्यु | घफाल | घतृक्ष |
| वशिष्ट | भरै | जारानीठि |
| धनञ्जय | रिजाल | मांक्षु |
| काश्यप | घिमिरे | शिपा |
| मुद्गल | तिमिल्ल | गोरखा |
| आत्रेय | अर्ज्याल | वृन्दचौक |
| कौण्डिन्य | नेपापार | सांगु |
| घृतकौशिक | नैपाल | पशुपतिसर |
| आत्रेय | रैसमी | घालचौक |
| अत्रि | पोख्याल | तुकुचा |
| ” | मिश्र | लक्षिलास |
| धनञ्जय | रिजाल | निघालपाणो |

| | | |
|---|---|---|
| वशिष्ठ | सदवाल | गालनवौल |
| गौतम | चन्त | पाल |

# काश्मीरी ब्राह्मण

काश्मीर में प्रायः सारस्वत ब्राह्मण ही हैं। कोई कान्यकुब्ज कहते हैं। इन्हीं के उपनाम उपाधि ग्रामादि के भेद से हो गये हैं। इनका लिखना मुख्य कार्य है यह कब काश्मीर में गये निश्चय से नहीं कहा जाता। पर विद्वानों ने मुगल राज्य काल में जाना माना है।

काश्मीरी ब्राह्मणों के १ भट्ट २ पण्डित ३ राजदान यह भेद हैं।

## १—भट्ट

| गोत्र | उपाधि | स्थान |
|---|---|---|
| विश्वामित्र | यक्ष | हमाकदाल |
| काश्यप | कलौंजी | अहलमर |

## २—पण्डित

| गोत्र | उपाधि | स्थान |
|---|---|---|
| कपिष्ठल | जादू | पंपोल |
| कौशिक | कचरो | रणवाठी |
| ,, | मज्जु | हृयकदाल |
| ,, | मुज्जु | जनकदाल |
| ,, | फोटदार | जोगीगलकर |
| भारद्वाज | अटफुलो | हब्बला |
| ,, | ,, | अघलनरी |
| उद्भारद्वाज | दर | छब्बला |
| | ,, | अछिकदाल |

| गोत्र | उपाधि | स्थान |
|---|---|---|
| उपमन्यु | सम | रनवाली |
| दत्तात्रेय | वान | जोगीलनकर |
| पाल्वासगार्ग्य | फोतदार | पंपोल |
| भार्गव | जादू | राणावाली |

## ३—राजदानोंके गोत्र

गौतम, लौगाक्षि, उपाधि, लबुरकर, कौल, दत्त, स्वामी और स्थान वलदीमर हवकदल है।

---

## सप्तशती ब्राह्मण

यह बंगाल में विशेषतया हैं। आदि शूर के राज्य से इन का वंश क्रम चलता है। इन के गोत्रादि नीचे लिखे जाते हैं।
यह राढ़ीय कान्यकुब्जों का उपभेद है।

| भेद | गोत्र | भेद | गोत्र |
|---|---|---|---|
| सगै | गौतम | बालथोपी | गौतम |
| सोग | पराशर | बागड़ी | पराशर |
| नानशी | कौशिक | उलूकी | घृतकौशिक |
| जगै | वत्स | कुत्तुरी | शाण्डिल्य |
| अलानी | शाण्डिल्य | मल्लुकजोरी | वत्स |
| मालानी | गौतम | नाचडी | गौतम |
| करला | काश्यप | कतानी | ,, |
| पिटाडी | पराशर | काश्यपकाणादी | वत्स |

श्रीमती रामेश्वरी देवी नेहरू।

इंडियन प्रेस, प्रयाग।

# श्रीमती रामेश्वरी देवी नेहरू

आपका जन्म नवम्बर १८९६ में पंजाब के एक बहुत प्रतिष्ठित और पुराने कश्मीरी घराने में हुआ है।

आपके पिता पंजाब के प्रसिद्ध स्टैट्यूटरी सिविलियन पुराने रईस दीवान नरेन्द्रनाथ हैं। जो आज कल मुलतान के डिप्टी कमिश्नर हैं और कुछ दिन हुये लाहौर के स्थानापन्न कमिश्नर रह चुके हैं। दीवान नरेन्द्रनाथ की चार कन्यायें हैं। श्रीमती रामेश्वरी देवी आपकी दूसरी कन्या है। यद्यपि आपके पिता का अपनी कन्याओं के पढ़ाने लिखाने की ओर विशेष ध्यान नहीं था तथापि आपकी पूजनीय माता जी की बड़ी प्रबल इच्छा थी कि हमारी कन्याएं पढ़ें लिखें और विदुषी बनें। अस्तु इन्होंने लड़कपनसे ही अपनीबालकाओं को सरल तथा साधारण उपदेश देने आरम्भ करा दिये और ७ वर्ष की होने पर बालिका रामेश्वरी देवी के पढ़ाने के लिये एक मौलवी और एक पंडित नियत कर दिया इस प्रकार कुछ वर्षों तक इन्हें साधारण हिंदी, उर्दू और हिसाब किताब की शिक्षा मिलती रही।

जब इनकी अवस्था १३ वर्ष की हुई तो इनके पिता ने एक ईसाई गुरुआनी रख कर इन्हें अंग्रेजी शिक्षा दिलाना आरंभ किया।

परन्तु यह शिक्षाक्रम बहुत दिनों तक न चल सका। आपके भावी पति अपनी शिक्षा के लिये विलायत जाने को थे। इससे १९०२ में आपका विवाह प्रयाग के सुप्रसिद्ध एडवोकेट माननीय पंडित मोतीलाल नेहरू के भतीजे पं० बृजलाल नेहरु के साथ हुआ तब से श्रीमती के शिक्षा काम में विघ्न पड़ने लगा। आपके पति १७ वर्ष की अवस्था में प्रयाग विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट हुए थे और विवाह के दो ही तीन महीने पीछे सिविलसर्विस की परीक्षा देने के लिये विलायत चले गये वहां आगे ६ वर्ष तक विद्याध्ययन किया।

पहले आपने आक्स फोर्ड विश्वविद्यालय की बी० ए० परीक्षा

में सम्मिलित हुए । इसमें भी आपको सफलता प्राप्त हुई और लंका द्वीप की सिविलसर्विस में आपको एक पद मिला । किन्तु आपने उसे स्वीकार नहीं किया और भारत गवर्नमेंट के अर्थ-विभाग में एक ऊंचे पद पर नियुक्त होकर सन् १९०२ में आप घर लौट आए । इस बीच में श्रीमती रामेश्वरी देवी के पढ़ने में यद्यपि बहुत विघ्न पड़ता गया पर सब विघ्नों को दूर कर वे पढ़ती ही गईं । आपके पिता ने भी एक सुयोग्य गुरुआनी आपकी शिक्षा के लिये रखदी इस प्रबंध का बहुत ही उत्तम परिणाम हुआ । आपने थोड़े ही दिनों में अंग्रेजी में अच्छी योग्यता प्राप्त करली । इस समय आप अंग्रेजी बहुत अच्छी तरह लिख, पढ़ और बोल सकती हैं ।

लड़कपन से ही आपकी इच्छा थी कि अपनी जाति की स्त्रियों के लिये कोई अच्छा पत्र निकालें । इसी उद्देश्य से आपने अपने पिता के एक मित्र से लिखा पढ़ी भी की पर कई कारणों से उस समय आपका मनोरथ सफल न हो सका । आप इस समय मुहम्मदी बेगम द्वारा संपादित उर्दू के साप्ताहिक पत्र "तहजीब- निस्वां" में लेख लिखने लगी । ये लेख पाठकों को बहुत ही पसंद आये जिससे आपका उत्साह और भी बढ़ गया । इस समय कश्मीरियों का एक मात्र पत्र "काश्मीर दर्पण" टूट गया था, आपके पति के ज्येष्ठ भाई पंडित मनोहरलाल नहरू ने आपसे कहा कि अब आप चाहें तो अपनी इच्छा को पूरा करें ।

पहले तो काश्मीर दर्पण को चलाने की सलाह ठहरी, पर अंत में यह निश्चय हुआ कि केवल स्त्रियों ही के लिये एक मासिक पत्र निकाला जाय । इसप्रकार जून १९०९ में "श्रीदर्पण" का जन्म हुआ पहले तो यह हिंदी और उर्दू दोनों में साथ ही साथ निकलता था क्योंकि कश्मीरियों में उर्दू ही का अधिक प्रचार है, पर चारों ओर से यह सम्मति दी जाने लगी कि यह पत्र सब जाति की स्त्रियों के लिये होना चाहिये जिसके लिये इसका हिंदी ही में प्रकाशित होना आवश्यक है ।

निदान सब बातों पर विचार कर दोही अंक के अनंतर पत्र केवल हिंदी में निकलने लगा और अब तक बराबर चला जाता है।

सम्पादिका महाशय का उद्देश्य इसके द्वारा धन कमाने का नहीं है। आपका उद्देश्व देश सेवा और अपनी बहिनों का उपकार है।

इस लिये घाटा सहकर भी आप इसे प्रकाशित किये जाती हैं। इस पत्र से एक बड़ा लाभ यह हुआ है कि कश्मीरी महलाओं में भी हिन्दी का प्रचार हो गया है।

स्त्रीदर्पण निकालने के थोड़े ही दिनों पीछे आपने अपने पति की सलाह से प्रयाग-महिला-समिति नाम को एक सभा स्थापित की जिसका अभिप्राय यह था स्त्रियां परस्पर मिल जुल कर एक दूसरी पर अपने विचार प्रगट करें, अपनी जाति के सुधार का यत्न करें, तथापि भिन्न भिन्न विषयों पर विवाद वाद करके अपने ज्ञानकी वृद्धि करें।

इस कार्य में प्रयागके सुप्रसिद्ध एक एडवोकेट डाक्टर तेजबहादुर जी की गत साध्वी सुशीला पत्नी श्रीमती धनराज रानी सपरु जी ने आपको सहायता को और समिति का पहिला अधिवेशन आप ही के बंगले पर हुआ। इस समिति ने प्रयाग की मिहिलाओं में सभा समतियों में आने जाने का शोक पैदा कर दिया है। इस समिति के अधिवेशनों में वे बड़े उत्साह से जाया करती है और अनेक विषयों पर व्याख्यान देती हैं। इसका अधिवेशन प्रतिमास होता है और लग भग चार वर्ष से यह प्रयाग में स्थापति है।

जितना लाभ इससे पहुंच चुका है उससे आशा है कि आगे को इससे और भी अधिक पहुंचेगा। इस भांति श्रीमती रामेश्वरी देवी ने हिंदी भाषा तथा स्त्री समाज का बहुत कुछ उपकार किया है आशा है कि आपके द्वारा अभी और बहुतेरे लाभ पहुंचेगा।

# शिल्प श्रेणी

## ब्राह्मणों के कर्म मनु महाराज ने

अध्यापन मध्ययनं यजनं याजनं तथा।
दानं प्रति ग्रहं चैव ब्राह्मणा नाम कल्पयत्॥

यह लिखे हैं। यह कार्य सन्ध्योपासना दिवत् नित्य भी हैं और काम्य है। परन्तु इनसे नित्यत्व पक्ष में जीवन निर्वाह नहीं हो सकता। इसलिये जीवन निर्वाहार्थ मनुकी यह आज्ञा है।

विद्या शिल्पं भृतिः सेवा गोरक्षं विपणिः कृषिः।
धृतिर्भैक्ष्यं कुसीदं च दशजीवन हेतवः॥

इसमें सर्व प्रधान शिल्प को कहा है। और वास्तव में यदि हम इस चरा चर जगत् में दृष्टि फैलाकर देखते हैं तो सब शिल्प ही शिल्प ड्राइंग ही ड्राइंग नजर आता है। ईश्वर का नाम विश्वकर्मा ही है उसने इस सम्पूर्ण सृष्टि को उत्पन्न किया इसलिये वह भी शिल्पी है। विश्व कर्म सूक्त में यह स्पष्ट है।

किं स्वि दासीद् अधिष्ठानमारम्भणं कतमस्वित् कथासीत्।
यतो भूमिं जनयन् विश्वकर्मा विद्यामौर्णोन्महिना विश्वचक्षाः॥

यहाँ प्रश्न किया है कि विश्व कर्मा ने कब यह सष्टि उत्पन्न की कब उसका अधिष्ठान क्या था?॥ अगले मन्त्र में उत्तर है।

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो वाहुरुत विश्वतस्पात्।
संवाहुभ्यां धमति संपतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देवएकः॥

विश्व से नेत्र, मुख, बाहु अधिक क्या सब विश्व से ही उत्पन्न हुआ।

इसी ऋचा का पोषक यह मन्त्र है

ब्रह्मणस्पति रेता संकर्मार इवाधमत्।
देवानां पूर्वे युगे असतः सदजायत॥

जिस प्रकार कि कर्मार स्वर्णकारादि शिल्पी लोग मूर्ति आदि

बनाते हैं । इसी प्रकार देवताओं के जन्म उस असत् (अव्यक्त कारण) से हुये । विश्वकर्मा इस शब्द का अर्थ भी 'विश्वं कृत्स्नं कर्म यस्यसः' सम्पूर्ण है कर्म जिस का यही है । यही ऐतरेय ब्राह्मण में लिखा है—

विश्वकर्माऽभवत् प्रजापतिः, प्रजाः सृष्टा विश्वकर्माऽभवत्संवत्सरो विश्वकर्मैन्द्रेनैव तदात्मानं प्रजापतिं संवत्सरं विश्वकर्माणमाप्नुवंतीन्द्र एवतदाऽऽत्मनि प्रजापतौ संवत्सरे विश्वकर्मण्यंततः प्रतितिष्ठंति य एवं वेद य एवं वेद । ऐ० ब्राह्म ४ ।२२।३

अर्थात् विश्वकर्मा प्रजापति है, वह प्रजा को रचकर विश्वकर्मा हुआ, इन्द्र आदि उस के नाम हैं । विश्वकर्मा के नाम वेदों में विश्व रूप, वाचस्पति, त्वष्टा, कश्यप, जीव, ब्रह्मणस्पति, हिरण्यगर्भ, शिल्पाचार्य, सहस्रशीर्ष भौवन आदि हैं । इन सब से विश्वकर्मा की विभूति की प्रशंसा है । त्वष्टा रूपाणामधिपतिः,

त्वष्टा रूपाणिहि प्रभुः, त्वष्टारूपाणा मीशे, इत्यादि श्रुति वाक्यों से 'रूप, शिल्प Drawing का अधिपति त्वष्टा को ही कहा है । जैसा कि

अद्भ्यः सं भूतः पृथिव्यै रस च्च विश्व कर्मणः समवर्तताधि ।

तस्य त्वष्टा विदध द्रूपमेति तत्पुरुषस्य विश्व माजानमग्रे ॥

---

* शिल्प प्रशंसा विश्वकर्म माहात्म्य पद्म पुराण अः ७५ में देखो ।

'भौमान्य नेक रूपाणि यस्य शिल्पानि मानवा ।

उपजीवन्ति तं विश्वं विश्व कर्माण मीमहि' इत्यादि ॥

वेदों के कुछ बचन लिखते हैं—ये भिःशिल्पैः प्रपथानां मद्र ॥ हए येभि घी मन्यपिं । शत् प्रजापतिः । येभिर्वाचं विश्वरूपा समव्ययत् । तेनेममग्न इह वर्चसा समङ्घि ॥ तै० ब्रा० २ । ७ । १५

हे अग्ने जिन शिल्प कर्मों में इस पृथिवी चन्द्रमा सूर्य आदि को विस्तार युक्त किया उन्हीं से इस राजा को समृद्ध करो ।

# शिल्प शास्त्रप्रणेता

भृगुर त्रिर्वसिष्ठश्च विश्वकर्मा मयस्तथा ।
नारदो नग्न जिच्चैव विशालाक्षः पुरंदरः ॥
ब्रह्मा कुमारो नंदीशः शौनको गर्ग एवच ।
वासुदेवोऽनिरुद्धश्च तथा शुक्र बृहस्पती ॥

अष्टादशैते विख्याता शिल्प शास्त्रोपदेशकाः ॥ मत्स्य पु० २५२ ·
भृगु आदि १८ आचार्य हुवे ।

## कश्यप और शिल्प

यत्ते शिल्पं कश्यप रोचनावत् । इन्द्रियावत् पुष्कलं चित्रभानु ॥
यस्मिन्त्सूर्या अर्पिता सप्तसाकं तस्मिन्राजा न मधि विश्रयेमम् ७
तै० ब्रा० २ । ७ । १५ । ३॥

हे कश्यप ! आप का शिल्प प्रशंसनीय है । चित्रभानु है । इत्यादि ।

कश्यप के सम्बन्ध में ऐतरेय ब्रा० प० में और भी लिखा है ।

एतेन हवा महाऽभिषेकेण कश्यपो विश्वकर्माणं भौवनमभिषिषेच ।
तथा कश्यपो विश्वकर्मा च विश्व लोक पिता महौ ॥

---

ऋग्वेद में हिरण्य सुक्त आया है । जिस में अलंकार धारण की प्रशंसा है यथाभूषणे आयुष्यं वर्चस्य मिति सूक्त पठन् भूषयेत् ।
आयुष्यमिति सूक्तस्य सानगाद्य ऋषयः ॥

हिरण्यं देवता । अलंकार धारणे विनियोगः यह प्रयोग पारिजात में लिखा है—

आयुस्यं वर्चस्यं रायस्पोषमौद्भिदं । इदं हिरण्यं वर्चस्व जैत्राया विशता दिमां ॥ उश्चैर्वाजी पृतनाषाट् सभासाहं धनंजयं । सर्वा समग्रा ऋद्धयो हिरण्येऽस्मिँत्समाहिताः शुनमहं हिरण्यं स्यपितुर्माने व जग्रभं । तेन मां सूर्यत्वच मकरं पुरुषु प्रियम् संम्राजं च विराजं चाभिष्टिर्याचमे भ्रुवा । लक्ष्मी राष्ट्रस्य या मुखेत या मामिंद्रसं सृज ॥ अग्ने प्रयातं परियंद्धि रण्यं

इस महा अभिषेक से कश्यप ने विश्वकर्मा को अभिषेक किया ।

# त्वष्टा और उसका शिल्प ।

(रेतः) नाम स्वर्ण का है । हिरण्यं स्वर्णं रेतसः त्रिश्वकोष, तथा अग्नि रेतः सुवर्णंस्यात्, यह अग्नि पुराण में लिखा है । —

त्वष्टा वै रेतसः सिक्तस्य रूपाणि विकरोति ।
त्वष्टारं रूपाणि विकुर्वितं विपश्चितम् ॥

---

मम्मृते जश्चेऽधिमर्त्येषु ॥ य एन छ्दसऽइदं नर्दहति जरामत्यु भवति यो विभर्ति । यद्वेद राजा वरुणो यदु देवी सरस्वती ॥ इन्द्रो यद्ब्रह्मावेद तन्मे वर्चस आयुषे ॥ इत्यादि ।

अर्थात् स्वर्ण धारण करना यश, पुण्य का दाता जरामृत्यु का नाशक है । उसके आभूषण पहिने चाहिये (विस्तार भय से भाष्य नहीं लिखा ।

आयुष्य वृद्धि कारणार्थ स्वर्ण भरण की आज्ञा—

यो विभर्ति दाक्षायणं हिरण्यं स देवेषु कृणुतेदीर्घमायुः । समनुष्येषु कृणुते दीर्घमायुः अ०सं० अ० ८। अ० ७सू० १६ परिशिष्टे ।

अर्थात् त्वष्टा स्वर्ण के अलकार बनाता है ।

इसी लिये—मांगल्यतं तुनाने न भर्तृ जीवन हेतुनां ।

कण्ठे बाध्नमि सुभगे साजो व शरदः शतम् ।

हे वधू ! तेरे गल में सोने के हार को बाँधता हूँ ।

इस में वधू का माँगल्य आभरण आदि धारण करना लिखा है क्योंकि—

यदि हिस्त्री न रोचेते पुमांसं न प्रमोदयेत् ।
अप्रमोदात् पुनः पुंस प्रजननं न प्रवर्तते ॥
तस्मा देवाताः सदा पूज्या भूषणाच्छादनाशनैः
भूति कामैर्नरैर्नित्यं सत्कारे पूत्सवेषु च ॥

यदि स्त्री सुसज्जित न। हो तो पुरुष को पसंद नहीं आसकती । ना पसन्दी से अप्रसन्नता से वा गर्भाधान नहीं होता ।

इस से स्त्रियों को सर्वदा ही वस्त्र भूषणों से सुसज्जित रखना योग्य है । इसी से 'इमामलंकृतां, यह विशेषण कन्यादान में है।

त्वष्टा वीरं देवकामजजान त्वष्टु रर्वा जायत आशुरश्वः

अर्थात् त्वष्टा ने घोड़े को बनाया ।

## त्वष्टा (विश्वकर्मा) की उत्पत्ति

बृहस्पतेस्तुभगिनी वरस्त्री ब्रह्मचारिणी ।
योग सिद्धा जगत् कृत्स्नमसक्ता चरते सदा ॥ १५ ॥
प्रभासस्य तुसा भार्या वसूतामष्टमस्यतु ।
विश्वकर्मासुतस्तस्यां जातः शिल्पी प्रजापतिः ॥ १६ ।
त्वाष्टा विराजो रूपाणां धर्म पौत्र उदारधीः ।
कर्ताशिल्पसहस्राणं त्रिदशानां चकल्प ह॥
मानुषाश्चोपजीवन्ति यस्य शिल्पं महात्मनः ॥ १८

वायु० पु० अ० २२ ।

बृहस्पति को वहिन प्रभास की स्त्री योगसिद्धा के त्वष्टा उत्पन्न हुवे

---

-(१)( अ ) त्रिचक्ररथ का वर्णन
( इ ) तडित् वर्णन
( ई ) विमान वर्णन
( उ ) नौका वर्णन
( ऊ ) कूप वर्णन वेदों में यत्र तत्र आता है ।

तस्मै त्वष्टा व ज्रम सिंचत्
मह्य त्वष्टावज्रमत क्षरायसं ऋ० सं० ८ । १५, ३ ॥
उसके लिये त्वष्टा ने वज्र बनाया ।

कुरूटजं मदर्थं त्वं यथा प्रावृट् न बाधते ॥५॥
यत्किंचिन्न भज्येन न पुरातनतां ब्रजेद् ।
गुरु पत्त्या त्व मिहिनोरे त्वाष्ट्र कुरु कंचुकम् ॥ ६ ॥
गुरु पुत्रेण चाज्ञता मनार्थे कुरुपादुका ।
गुरुकन्याऽर्पितं प्राह त्वाष्ट्रने श्रवणोचिते ॥ ७ ॥

भूषण स्नेहत स्तेन कुरुकाञ्चन निर्मिते ।
कुमारी क्रीडनीयानि कौतुकानि च देहिमे ॥ ८ ॥
दंति दंत मयान्येव स्वहस्त रचितानिच ।
गृहोपकरणं दिव्यं मुसलोलूखलादिकम् ॥ ९ ॥
तथा घटय मेधावी यथा न त्रटति कचित् ।

यह त्वष्टा देवताओं के पुरोहित थे

विश्वरूपो वै त्वाष्ट्र पुरोहितो देवा नामासीत् ।

त्वष्टा देवताओं के पुरोहित थे

श्रीमद्भागवत में भी ऐसा ही लिखा है—

त एव मुदिता राजन् ब्राह्मण विगत ज्वराः ।
ऋषिं त्वाष्ट्रमुप व्रज्य परिष्वज्येद मब्रुवन् ॥ २६ ॥
वृतः पुरोहित स्त्वाष्ट्रो महेन्द्रायानुपृच्छते । स्कन्ध ६ अ० ७

इस प्रकार जब कहा तब ब्राह्मणों ने कहा कि हमने त्वाष्ट्र को पुरोहित वरण कर लिया है ।

---

सूपकर्माण्यपि न मां प्रशाधित्वष्ट्रनंदन ।
एकस्तम्भ मयं गेह मेकदारु विनिर्मितम् ।
तथा कुरुवरं त्वाष्ट्रयत्रेच्छा तत्र धारये ॥

स्कंद पु० काशी खं० ८६

मेरे लिये कुटी, तम्बू, कंचुकी, अलंकार, खेल, बना ।

यहाँ सभी शिल्प का वर्णन आया है । अन्यत्र भी लिखा है—

"शिल्पानि शंसति । देवशिल्पान्ये तेषां वैशिल्पानामनुकृतीह शिल्प मधिगम्यतेय, हस्ती, कंसो, वासो, हिरण्य मश्वतरी रथः शिल्पं शिल्पं हास्मिन्नधिगम्यतेय । य एवं वेद यदेव शिल्पानी ", ऐ ब्रा० गोपथ ब्रा० ६ । २७ । ५ ॥ ३ ॥

अर्थात्, कांसी, सोना, वस्त्र आदि के शिल्प की यज्ञ में प्रशंसा करता है । यह शिल्प घोड़े, हाथी आदि की प्रतिकृति (नमूना) है । ६ ३

यह शिल्प विविध प्रकार का है यथा

सौवर्णं राजतं चैव ताम्रं पाषाण दारवम् ॥
शिल्पं त्वत्संततौ स्थाता या वत्कलियुगं द्रुढम् ।
गृहं यन्त्रं रथो भूपा प्रतिमा वसनादि कम् ।
यत् किंचिद्दृश्यते शिल्पं तत्सर्वं विश्वकर्मजम् ॥

सोने का, चांदी का, तांबे का, पत्थर का और लकड़ी का। तथा वस्त्रभूषण आदि अनेक प्रकार का शिल्प है

इन में सुवर्ण का शिल्प व उस की प्रशंसा के विषय में पूर्व लिखा जा चुका है। रजत का भी तत्साहचर्य से स्वर्णकार का कृत्य है। ताम्रकार ( ठठेरे ) के शिल्प का वर्णन भी यत्र तत्र। पाषाण के शिल्प का वर्णन सर्वत्र प्रसिद्ध हैं। इसी लिये पत्थर फोड़ वर्तमान जाति को पत्थर के शिल्पी समझना चाहिये। दारु ( काष्ठ ) के शिल्प की विशेष योजना यज्ञ प्रकरण में है।

सो काल प्रभाव से इन शिल्प कार्यों को चारों वर्णों के लोग करने लगे, तथा चारों वर्ण भी प्रायः परस्पर की वृत्तियें करने लगे। इस अवस्था में यज्ञ में शिल्प कार्य के लिये व्यवस्था की गई कि तीन वर्ण कृत हो जैसे—

अवकव्रतीम शूद्र कृता मूर्ध्व कपाला मग्नि हो त्रस्था ली।
हिरण्य के शोध सूत्र ३। ७॥

अग्नि होत्र की थाली शूद्र की बनाई न हो।

परन्तु सब जाति के लोग इन कार्यों में लग पड़े। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य शूद्र यह सब इनमें सम्मिलित हैं।

जैसे छापना छिपे का कर्म है, परन्तु वस्त्र कागज, धातु आदि पर शिल्प कार्य सम्प्रति चारों वर्ण कर रहे हैं। कारखानों में सबही जातें करती हैं। पर जात न लिख कर कर्म नाम से ही लिखते हैं प्रत्युत यवन आदि भी सम्मिलित है। इसी प्रकार पूर्व समय में भी सब जाति के लोग इन कर्मों में सम्मिलित हो गये थे, यथा वधि

यद्यपि पूर्ण निश्चय से नहीं कह सकते कि इन कर्मों में कौन २ जाति कब २ सम्मिलित हुई तथापि जिन कुछ जातियों का पता चला नीचे दिया जाता है।

'ते वर्णि को रथं कुर्यात् तस्य जात्यन्तर स्थश्च' (बौधायन)

अर्थात् तीनों वर्ण और जातियें भी रथ कर्म करती हैं।

वर्षा रथं कारस्यये त्रयाणा वर्णा नामें तत्कर्म कर्युस्तेषामेषकालः भाष्य धूर्त स्वामी त्रयाणा मन्त भूताये कुर्वन्ति रथ कर्ण ते रथ काराः

अर्थात् तीनों वर्ण के लोग रथ कर्म करते हैं, उन रथकार ( तक्षाओं ) का अंगन्या धान काल वर्षा ऋतु है ( आपस्तमवसूत्र )।

स्वर्ण कारो में

क्षत्रिय—मैढ स्वर्णकार ( देखो मैढ मीमांसा दर्पण )

लोहकारों में—ब्राह्मण—वल्लनिये लुहार बैंगाल में—

यह जाति कर्म कार के नाम से प्रसिद्ध है। इत्यादि।

स्वर्णकारों में—ब्राह्मण—वल्लनिया सुनार

यह कहीं २ पांचाल ब्रह्मण भी कहलाते हैं।

ब्राह्मणत्व में प्रमाण। 'नडादिभ्याः फक्, इस सूत्र के नड़ादि गण में पठित पंचाल शब्द पर "गण रत्न महोदधि" में लिखा है पंचालः ब्राह्मण गोत्र वाची, पंचालः ब्राह्मण गोत्र वाची शब्द है। 'शिल्पि ब्र ह्मण नामन; पंचालः परिकीर्तितोः "शवागम अ ७, अर्थात् पंचाल शिल्पी ब्राह्मण हैं। पाँच यह हैं।

मनु, मय, त्वष्टा, तक्षा, शिल्पो, ( रुद्रयामलतन्त्र ) इन पांचोंसे पंचाल नाम हुवा।

इनको ब्राह्मण ही सर्वत्र माना है इसी लिये मीमासामें भी एक पृथक ही रथ काराधि करण है जिसमें रथकारों को यज्ञ की आज्ञा दी है। अर्थवेद, में भी रथकार का वर्णन आया है।

अन्यत्रभी लिखा है 'वर्षासु रथकारो अग्नी नादधीत' वर्षा ऋतु में रथकार अग्न्याधान करे, तथा 'ऋभूणाँत्वादेवान ब्रत

पतेद्धतेना धामीति रथकारस्त्वदः श्रा० अ० १ प्र० १ सं० ५,अभृपां इस मन्त्र से रथ कार अग्ना धान करें॥ पाणिनि के सूत्र 'कुर्वादिभ्योण्यः। ४। १। १५१ में रथकार शब्द अंगिरा दिकुलोत्पन्न आया है। वृत्तिका रकुर्वादिको ब्राह्मण लिखते हैं–'अवत्रै कौरव्या ब्राह्मण और यह रथकार शब्द शिल्पि संज्ञा में अन्तोदात्त है 'संज्ञायांच पा, ६। २। ७७ यहां पर वृत्तिकार लिखते हैं 'रथकारो नाम ब्राह्मणः अर्थात् शिल्प संज्ञा मे ब्राह्मण वाचक रथकार शब्द अन्तो दात्त होता है।

इस विभिन्न शिल्प कार्य से शिल्प वंश चला। शिल्प शास्त्र प्रणेता और इनके आदि पुरुषों त्वष्टा, मय, कश्यप, विश्वकर्मा का प्रथम वर्णन हो चुका।

इन्हीं शिल्पकारों को रथकार भी कहते हैं।

दारुकारः स्वर्णकारः शिलाकारस्तथैवच।
अयस्कारस्ताम्रकारः पंचैते रथकारकाः॥
विश्वकर्मसुताह्येते रथकारास्तु पंचच।
वैदिके नैव मार्गेण तद्भ्रयानां विशेषतः॥
वर्षे गर्भाष्ठ मे तेषां ह्युपनीति क्रिया स्मृता॥

स्कंद पु० नागरखंड

अर्थात् लकड़ी का काम करनेवाला, सुनार, पत्थर फोड़ा, लोहार, ताम्रकार यह ५ रथकार हैं। इनका यज्ञोपवीत आदि होना चाहिये।

शिल्पकर्ता का महा कुल विशेषण वेद में आया है–
न निन्दि मचमसंयामहाकुलोऽग्नेभ्रातद्रुणऽइभूतिमूदिमञ्ज, ऋ,२,२,२४१
यह महाकुल इनसे प्रवर्तित होता है– शिवे मनुर्मय स्त्वष्टा तक्षा शिल्पींच पंचमः। विश्वकर्म सुतानेतान विद्धि शिल्प प्रवर्तकान् (रुद्रयामलतंत्रे)।
इस महाकुल के कार्य क्रम का निरूपण स्कन्द पुराण में भिन्न लिखित है।

अयस्कृतिर्मनूनांच मयानां दारु कर्मच ।
त्वष्टां ताम्र कर्माणि शिलाकर्मच शिल्पिनाम् ॥१३॥
सौवर्णन् तक्षका काणांच पंच कर्माणिता निवै ॥
एते स्मृत: पंच करूणाश्च यज्ञ कर्मपरा: स्मृता: ॥१४॥

मनु लोहकार, मय काष्ठकार-त्वष्टा ताम्रकार, सोने का काम सुनारों का शिलाकर्म शिल्पियों के यह ५ कर्म हैं ।

इस प्रकार कारु जातियों में विदित हुआ कि सर्व जातियें, विद्यमान हैं । विशेष विवरण कभी फिर लिखा जावेगा । इनके भेदों में से छांट २ कर पृथक २ वर्ण बताना अत्यन्त दुरूह कार्य है । बड़े अन्वेषण की आवश्यकता है । इस विषय पर समय मिला तो पुनः लिखा जावेगा ।

अन्त में समस्त ब्राह्मण जाति से निवेदन है कि यदि सब सभायें में कान्यकुब्ज, गौड़, सारस्वत, सनाढ्य, माथुर, पांचाल, जांगिडा आदि अपनी २ जाति के भेदों उपभेदों की स्वयं जांच कराकर रिपोर्टें लिखें तो सम्भव हो सकता है कभी पूर्ण, इतिहास लिखा जावे । इतने पाठक इस तुच्छ भेंट को ही स्वीकार करें ।

इति पण्डित परशुराम शास्त्रिप्रणीते ब्राह्मणेतिवंश वृत्ते द्वितीयो भागः

समाप्तः ॥ समाप्तश्चायं ग्रन्थः ॥

# परिशिष्ट

## साहित्याचार्य पंडित अम्बिकादत्त व्यास

इनके पूर्वज राजपूताने के रहने वाले थे । राजाराम जी के दो पुत्र हुए दुर्गादत्त जी और देवदत्त जी दुर्गादत्त जी प्रसिद्ध कवि हो गये हैं हमारे व्यास जी इन्हीं दुर्गादत्त जी के ज्येष्ट पुत्र थे ॥१॥ व्यास जी का जन्म संवत् १६१५ चैत्र शुक्ला अष्टमीको हुआ था पांचवर्ष कीअवस्था होने पर इन्हें विद्याध्ययन आरम्भ कराया गया और उसी खेलकूद में शब्द रूपावली और अमरकोष का अभ्यास कराया जाने लगा घर की स्त्रियां सब पढ़ी लिखी थीं इसलिये इनकी शिक्षा उत्तम रीति से होने लगी । आठ नौ वर्ष की अवस्था होने पर इन्हें शतरंज और शितार का चस्का लगा और उसी समय कविता का भी व्यसन आरम्भ हुआ

दश वर्ष की अवस्था होने पर व्यास जी का यज्ञोपवीत हुआ और उसी समय से आप गोस्वामी श्री कृष्ण चैतन्य देव जी के यहां भाषा काव्य पढ़ने लगे उस समय गोस्वामी जी एक प्रसिद्ध कवि थे और उनके यहां अच्छे २ कवि एकत्रित हुआ करते थे, ऐसा सत्संग पाकर कुशाग्र बुद्धि व्यास जी बहुत ही शीघ्र काव्य कुशल हो गये इन्हें १ वर्ष में ही कविता के समस्त प्रस्तारों का अच्छा ज्ञान हो गया और ये भरी सभा में समस्या पूर्ति करने लगे ।

धीरे २ व्यास जी का बाबू हरिश्चन्द्र जी से परिचय होगया और ये उनके यहां आने जाने लगे, और इनकी कविता भी कवि वचन सुधा में प्रकाशित होने लगी, इसी बाल्या वस्था में इन्होंने महाराज कविराज के यहां की धर्म सभामें पारितोषिक पाया इस समय व्यास जी की अवस्था केवल १२ वर्ष की थी उस समय काशी जी के एकतैलग देश के अष्टावधानी कवि आये उन्होंने अपना बुद्धि कौशल दिखला

साहित्याचार्य पण्डित अम्बिकादत्त व्यास।

इंडियन प्रेस, प्रयाग।

कर सब पंडितों को चकित कर दिया परंतु हमारे व्यासो जी ने भी तत्काल शहाना घान रच कर उक्त पंडित को भी चकित किया उन्होंने अत्यंत प्रसन्न होकर इन्हें सुकवि की पदवी प्रदान की १३ वां वर्ष आरम्भ होते हीं इन्होंने संस्कृत का अध्ययन आरम्भ किया। एक तरफ तो वैय्याकरण, सांख्य साहित्यवेदांतआदिगहन विषयों का अध्ययन करते और दूसरी ओर गान बाद्या सम्बंधी कलाओ का अभ्यास करते जाते थे। सम्वत् १६१३ में इन्होंने काशी गवर्नमेंट संस्कृत कालेज में नाम लिखवाना और १ ही वर्ष के परिश्रम में वहां से उत्तम परीक्षा पास की संवत् १६२४ में इन्होंने आचार्य परीक्षा पास की और दूसरे वर्ष साहित्य परीक्षा पास करके सरकारसे साहित्या चार्य्य की पदवी प्राप्त की।

दुर्दैवश उसी साल इनके पिता ने परलोक वास किया इससे घर में कलह होने लगी जिससे दुखित होकर इन्होंने कलकत्ते की यात्रा की और वहां अपने विद्या बल में खूब नाम पैदा किया परन्तु तीन हीं महीने बाद वहाँ से लौट आए और "पीयूषप्रवाह„ प्रकाशित करने लगे जो कि इनके यावज्जीवन चलता रहा। अभ्यास करते २ इनकी धारणा यहां तक बढ़ती गई कि ये २४ मिनट में १०० श्लोक स्वयम किये थे। इसीसे काशी की ब्रह्माअमृतवर्षिणी सभा से इन्हें चांदी के पदक सहित'घटिकाशतक" की उपाधि प्रदानकी। यद्यपि कुछ था परन्तु इनकी आर्थिक अवस्था अच्छी नहीं थी इस लिये संवत १६२० में इन्होंने मधुवनी जाकर वहां के स्कूलो में २५) रु० मासिक की नौकरी करली। इसी समय इन्होंने संस्कृत में 'सामवत नाटक'बना कर राजा साहेब दुरभंगा को समर्पण किया और दवराज विजयनायक उपन्यास भी संस्कृत में लिखा संवत् १६४८ इनकी बिहारी बिहार की हस्त लिखित पुस्तक चोरी चली गई इसीसे इन्होंने पुनः पूर्णकियाकाकरौली नरेश ने इनको भारत रत्न'की पदवी प्रदान की थी और अयोध्या नरेश ने एक स्वर्ण पदक सहित 'शताव धान'की पदवी दी थी।

नौम्बर १९०० को व्यासजी का परलोक वास काशी में हुआ ।
इनका चरित्र व्यास श्रेणी में समझना चाहिए ।

[ म० म० श्रद्धेन गङ्गाधर शास्त्री, साहित्याचार्य ]
C. I. E.

आपका जन्म, शिक्षण काशी में हुवा । स्व० बाल शास्त्री के आप प्रधान शिष्य थे ।

आपने संस्कृत कालिजमें पढ़ाया, और अंग्रेज़ोंमें बहुत यश हुवा श्लोक रचना बड़ी विचित्र थी ।

षट् दर्शन पर आपने अति विलासि संलाप । एक बहुत उत्तम निबन्ध लिखा । खेद है अब आपका शरीर इस पृथ्वी पर नहीं ।

यह भट्टा राष्ट्रो में समझना चाहिये ।

## साहित्याचार्य पंडित रामावतार शर्मा, एम, ए,

छपरा में पं० देवनरायण शर्मा भारद्वाज गोत्रीय रहते थे । आपकी स्त्री श्रीमती गोविंद देवी भी विदुषी थी । इनके ४ पुत्र श्री कांत, बलदेव, लक्ष्मीनरायण, और रामावतार हुवे । चारों ही विद्वान् हैं ।

पाडेय रामावतारशर्मा का जन्म सं० १९३४ में हुआ । ५ वर्षकी अवस्था से ही पिताने विद्या आरंभ कराया । बारह वर्षकी अवस्था में बांकीपुर से आपने प्रथम श्रेणी में प्रथम परीक्षा पास की, इसी बीच मे एन्ट्रेंस तथा अन्य कई परीक्षा पास की २० वर्ष की अवस्था में काशी की साहित्यचार्य परीक्षा में प्रथम हुवे । इसी वर्ष आपके पिता का देहान्त होगया । परन्तु माता ने आभूषण आदि बेचकर भी पढ़ाया सं० १९५५ में एफ, ए, १९५७ में बी, ए, और १९५८में कलकत्ता की एम, ए, परीक्षायें पास की । पुनः हिन्दु कालिज में अध्यापक और प्रयाग विश्व विद्यालय के परीक्षक रहे । १९६३ से पटना कालिज में अध्यापक हैं, १९६६ से आप कलकत्ता यूनिवर्सिटी के भी सदस्य हैं । हिन्दी मे यूरोपीय दर्शन आदि कई ग्रन्थ लिखे हैं । हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति हुवे थे ।

महामहोपाध्याय पण्डित गङ्गाधर शास्त्री, सी॰ आई॰ ई॰।

इंडियन प्रेस, प्रयाग।

## शुद्धि पत्र

यह पुस्तक ३ प्रेसोंमें मुद्रित हुई। उक्त प्रेसों में संशोधक न होने और मेरी अनुपस्थिति में छपने के कारण पुस्तक में अनेक अशुद्धियें रह गईं। मात्रा, और अक्षर बहुत छूट गये। कहीं की कापी कहीं छपगई। भाषा भी संभाली न जा सकी। कुछ अशुद्धिशोधन निम्नलिखित हैं। वन्श के स्थान में वंश, भ्रन्श के स्थान में भ्रंश और सम्वत् के स्थान में संवत् पढ़ना चाहिये। बहुत स्थानों में व के स्थान में ब और ब स्थान में व छप गया है। प्रत्येक पृष्ठ पर "पञ्च गौड़ों का अवान्तर भेद" यह शीर्षक गलती से छप गया है।

| अशुद्ध | शुद्ध | पृ० | पं० |
|---|---|---|---|
| अन्तर्गगत | अन्तर्गत | १ | ५ |
| भुवने शान्तर्गं | भुवनेशान्तर्गं | २ | २ |
| ( शा० प० ) | ( शां०प० ) | १५ | १० |
| यथारत्नाकर० | यथा—रत्ना० | १५ | १० |
| डाकुर | ठाकुर | २३ | १ |
| कन्योकुब्जा | कन्याः कुब्जा | २८ | १७ |
| अभिजननिवासी | अभिजन | ४३ | २ |
| सनाठ्य | सनाढ्य | ५८ | १० |
| वेदव्ध्य | वेदाढ्य | ६४ | २६ |
| माग्नरपी | वाल्मिकी | ६५ | ५ |
| -दयाल | -दयालु | ,, | १३ |
| जिर्नि | जर्नि | १०८ | ६ |
| जयपुर | जयपुरे | ,, | ७ |
| समर्प्य | समर्प्य | ,, | ८ |
| सङ्क | सङ्के | ,, | ,, |
| इथीमत्त | धीमत्त | ,, | १२ |
| चक्रेय | चक्रेऽयं | ११० | ५ |
| नवनियष्ठिः | नवनिष्ठः | ,, | ७ |
| धामा | धीमान् | ,, | १० |
| शीरडैः | शौण्डैः | ,, | २१ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विष्णवा० | विष्णवा | ,, | २४ |
| मतिमानु | मतिमान् | १११ | १० |
| विष्णादत्त | विष्णुदत्त | ,, | ७ |
| मतान्तरभेद | शासन | १२६ | १२ |
| मुकन्द | मुकुन्द | १३२ | ९ |
| जैमुनि | जैमिनि | १३६ | १९ |
| सिद्दि | सिद्धि | ,, | २० |
| व | च | ,, | २२ |
| अपश्यामनो | अवश्यमाना | १३७ | १ |
| तिच | चान्वयम् | ,, | २ |
| पूचकृत | पूकृत | ,, | ३ |
| पुकर० | पुनर० | ,, | ५ |
| गामिष्यति | भविष्यति | ,, | ६ |
| निश्चित् | निश्चि | ,, | ७ |
| स | सः | ,, | १४ |
| पुष्मार्क | युष्माकं | ,, | २५ |
| प्रगृह्य | प्रगृह्य | ,, | २८ |
| मोनः | मः | १३८ | ७ |
| पेयश्च | पेय | ,, | ९ |
| जैमुनि | जैमिनि | ,, | ११ |
| नृपोत्तः | नृपोत्तमः | १३९ | २२ |
| शरयू | सरयू | १५६ | १ |
| सर्व | सर्वे | ,, | २ |
| पञ्चोत्तरं | पञ्चोत्तरं | १५८ | १८ |
| तमाहूय | तमाहूय | १६० | ६ |
| द्वोरकायां | द्वारकायां | ,, | २१ |
| जुहुकाः | जुहुकाः | ,, | २२ |
| आम्ला | ब्राह्मण | १६८ | २७ |

पृ० ११५ का लेख पृष्ठ ८२ पर चाहिये । पृ० ११६ के ऊपर का मैथिल लेख पृ० १२१ पर चाहिये । पृष्ठ १६९ से १९२ तक मैटर शीघ्रता के कारण देखा नहीं गया ।

# विज्ञापन

हमारे औषधालय में प्रत्येक प्रकार के रस, उपरस, धातु, आसव, अरिष्ट, घृत, तैल आदि विक्रयार्थ उपस्थित रहते हैं।

प्रत्येक रोग की चिकित्सा की जाती है।

प्रमेहसञ्जीवनरसायन-वीर्य बहने को रोकती है। मू० २)

## मधुमेह (डायाबटीज्)

यह रोग, शरीर का भयानक शत्रु है। मूत्र में शर्करा (Sugar) आने लगती है, एल्ब्यूमन भी कभी २ निकलने लगता है। प्यास और भूख एक दम बढ़ जाती है। इस बढ़े हुवे रोग में

## मधुमेहान्तक रसायन।

अपूर्व प्रभाव दिखाती है। इस महौषध के सेवन से गुड़, चीनी, शहद, अंगूरी शकर अर्थात् सब प्रकारका मीठा रस मट्टी हो जाता है और क्रमशः लाभ होजाता है। प्यास और भूख शान्त होती है। ज्यादा मूत्र आना बन्द होकर मूत्र में खांड एल्ब्यूमन और फास्फेट्स् बंद होते हैं गुरदा रुधिर में से खांड को न निकाल कर प्रत्येक अंग के अवयव में विभक्त करने लगता है। मूल्य ५) रु०।

चन्द्रोदय - मधुमेह से उत्पन्न हुई शिथिलता और मधुमेह के कारणों को नष्ट करता है मूल्य १००) तोला।

## प्रदरान्तकरस और आसव

स्त्रियोंके श्वेत प्रदरको बन्द करता है मूल्य१) तो०। ग्राल्यासव२)शीशी।

## प्रचेतस् तैल

यह तैल पवित्र है, किसी प्राणी की चरबी इस में मिश्रित नहीं है। और लगाते ही प्रविष्ट हो जाता है। नपुंसकता, शिथिलता को नष्ट कर, मली गई नसों को पुनर्जीवित करता है मू० ५) रु० ।

**हिंगलु पाक**–पान में खाने से नपुंसकता नष्ट होती है मू० १५)

| | |
|---|---|
| योगराज गूगुल १) तो० | हिरण्यगर्भ रस ५०) तो० |
| भीमसेनी कर्पूर ३०) तो० | तालकेश्वर ५०) तो० |
| लौह भस्म ५) तो० | ताम्रभस्म २) तो० |
| अभ्रक भस्म ५) तो० | मूत्रकृच्छ्रान्तकरसायन–सोजाक, |
| सुवर्ण मालती वसंत १२) तो० | कुरा को नष्ट करता है २) तो० |
| रत्न मालती वसंत ५०) तो० | |

## वेदवाचस्पत्यं बृहदभिधानम् ।

यदि वैदिक ज्ञातव्य विषय एक स्थानमें देखनेकी इच्छाहो यदि भूगोल, विज्ञान, अध्यात्म सम्बन्धी विचार पढ़ने हों, और यदि आप वेद पढ़ना चाहते हों तो इस अपूर्व कोष Encyclopedia of Vedic Literature के ग्राहक बनिये।

इस कोष में वैदिकसाहित्य के विभिन्न १३० ग्रन्थों के प्रमाण, प्रयोग दिये गये हैं। ऋग्, यजु, साम और अथर्व वेद की शाकल, वाजसनेय, तैत्तिरीय, कठ, मैत्रायिणी, कौथुम, पिप्पलाद आदि संहिताओं के शब्दों के विशेष्य, विशेषण, क्रिया, कर्म, कर्ता, देवता तथा स्वर-प्रक्रिया, व्याकरणांश अष्टाध्यायी और प्रातिशाख्यों से देकर व्युत्पत्तियें और निर्वचन ब्राह्मणों तथा निरुक्त से दिखाये हैं। विभिन्न विषयों में वेदसंहिता, ब्राह्मण, उपनिषद्, कल्प, गृह्य, श्रौत सूत्रों और स्मृतियोंके प्रमाण संग्रह किये

गये हैं। मन्त्रों के प्रमाण भी दिये गये हैं। यह महान् ग्रंथ १० वर्ष के रात्रि दिन का परिश्रम है। इस कोष की प्रशंसा महामान्य श्रीयुत

**महात्मा बालगङ्गाधर तिलक महाराज**

**एवं श्रीयुत पं० शतीशचन्द्र विद्याभूषण**

**प्रभृति विद्वानों ने की है।**

प्रथमांक शीघ्र प्रकाशित होगा मूल्य २॥) वार्षिक।

**वेदालोचन प्रेस में है।**

इस में वेदों के समालोचक मैक्समूलर, मैकडानल, ह्विटनी, ग्रासमैन, ब्लोमफील्ड, कीथ, वेबर, आरनोल्ड, राजेन्द्रलाल मित्र, रमानाथ सरस्वती, बोथलिंग, रोथ, रमेशचन्द्र विद्यारत्न प्रभृति आज तक के सम्पूर्ण विद्वानों की कीगई वेदसमालोचनाओं और मतमत पर विचार और युक्तियुक्त सप्रमाण उत्तर दिये गये हैं।

ऋषि, छन्द, देवता, मन्त्र विचार, संकेत सूचन वेदकाल, यज्ञ विचार, मन्त्र ब्राह्मण विचार, मन्त्र संख्या आदि अनेक विषय दियेगयेहैं।

## इस शुभ कार्य में

हमारा हाथ बटा कर सहायता कीजिये। इसी ग्रन्थमाला द्वारा वैदिक नष्ट प्रायः दुर्लभ ग्रंथ भी क्रमशः प्रकाशित किये जावेंगे।

अपना नाम रजिष्टर में लिखाइये।

**परशुराम शास्त्री** वयिपाक अम्बाला

———